@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शनिवार, 18 अक्टूबर 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 339 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## गुजरात में नई कैबिनेट का शपथग्रहण

### पहले 16 मंत्रियों का इस्तीफा, फिर 26 की शपथ :गुजरात कैबिनेट में 19 नए चेहरे, 3 महिलाओं को जगह

**एजेंसी**
**गांधीनगर।** गुजरात में शुक्रवार को भूपेंद्र सरकार के नए मंत्रिमंडल में छह पुराने और 19 नए विधायकों के साथ कुल 25 विधायकों को मंत्री बनाया गया है। हर्ष संघवी को प्रोन्नत कर उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। कमलेश पटेल, पी.सी. बरंडा, स्वरूपजी ठाकोर और रिवाबा जाडेजा ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। नए मंत्रियों ने हाथ में भगवद गीता लेकर शपथ ली। इसके अलावा पुरुषोत्तम सोलंकी, ऋषिकेश पटेल, कनु देसाई और कुवरजी बावलिया ने इस्तीफा स्वीकार नहीं होने के




**सीएम समेत 8 मंत्री पटेल समाज से**

कारण शपथ नहीं ली, क्योंकि इनके किए गए हैं। क्रिकेट खिलाड़ी रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जाडेजा को भी मंत्री बनाया गया है। इन 25 मंत्रियों में 19 नए चेहरों को शामिल किया गया है। गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में आज हुए शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सभी 25 विधायकों को मंत्रि पद की शपथ दिलाई। हर्ष संघवी ने सबसे पहले उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके बाद जीतू वाघाणी, नरेश पटेल, अर्जुन मोढवाडिया, प्रद्युमन वाजा और रमन सोलंकी ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। ईश्वरसिंह पटेल, प्रफुल्ल पानसेरिया और डॉ. मनीषा वकील ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली। कांती अमृतिया, रमेश कटारा, दर्शनाबेन वाघेला, कौशिक वकेरिया, प्रवीण माली, जयराम गामित, त्रिकम छागा, संजय महीडा, नए मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित कुल 26 मंत्रियों को शामिल किया गया है। नए मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 7 पाटीदार, 8 ओबीसी, 3 एससी और 4 एसटी वर्ग के मंत्री हैं, जिनमें 3 महिलाएं शामिल हैं। नए मंत्रिमंडल की सूची में सबसे बड़ा बदलाव यह रहा कि करीब 10 पुराने मंत्रियों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है। आगामी चुनाव और संगठनात्मक रणनीति के तहत इन वरिष्ठ नेताओं को स्थान नहीं दिया गया है, जिनमें बलवंतसिंह राजपूत, राघवजी पटेल, बचुभाई खाबड, मूलु बेरा, कुबेर डिंडोर, मुकेश पटेल, भीखुसिंह परमार, कुवरजी हळपती, जगदीश विश्वकर्मा और भानुबेन बाबरिया शामिल हैं। हालांकि जगदीश विश्वकर्मा को पहले ही प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया है।

## अमेरिकी गायिका का राहुल गांधी को करारा जवाब

### सोशल मीडिया पर पीएम मोदी के समर्थन में आवाजें तेज

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** अमेरिकी गायिका और सांस्कृतिक दूत मेरी मिलबेन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई आलोचना पर तीखा जवाब दिया है। राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की थी, जिसमें ट्रंप ने दावा किया था कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है।राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर ट्रंप से डरने का आरोप लगाया, जिससे राजनीतिक माहौल में नया सियासी टकराव पैदा हो गया। इस विवाद के बीच, मेरी मिलबेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति ट्रंप से डरते नहीं हैं और वह अमेरिका के साथ अपनी रणनीति पर ध्यान दे रहे हैं। जैसे अमेरिका हमेशा अपने देश



के हितों को पहले रखता है, वैसे ही पीएम मोदी भी भारत के हितों के अनुसार ही काम करते हैं। मैं उनकी सराहना करती हूं।'उन्होंने आगे राहुल गांधी की तुलना में कहा कि उन्हें ऐसी नेतृत्व शैली समझ नहीं आती और वह प्रधानमंत्री बनने के लिए सक्षम नहीं हैं।

उनके इस पोस्ट पर कई भारतीय यूजर्स ने मेरी मिलबेन की बातों का समर्थन किया और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की जमकर तारीफ की।सामाजिक कार्यकर्ता और राष्ट्रीय समन्वयक अभय उपाध्याय ने लिखा, 'पीएम मोदी की समझदारी और दूर की सोच को कोई भी सच्चा देशभक्त ही समझ सकता है। लेकिन कुछ लोग दिल से भारत से जुड़े नहीं हैं इसलिए वे इसे समझ नहीं पाएंगे। यह देखकर अच्छा लगा कि एक अमेरिकी नागरिक भी पीएम मोदी की कूटनीति को समझता है और राहुल गांधी को उसका जवाब दे रहा है।'

इसी तरह, किसान और युवा समर्थक क्षितिज कोहली ने कहा, 'पीएम मोदी लोकप्रियता के लिए नहीं, बल्कि भारत के दीर्घकालिक फायदे के लिए काम करते हैं, और यही सच्चा नेतृत्व है।' तकनीकी पेशेवर गौरव भारद्वाज ने भी प्रधानमंत्री मोदी को दूरदर्शी नेता बताया जो अमेरिका की नीतियों को समझते हैं और बताया कि ट्रंप जल्द ही राजनीति से बाहर हो जाएंगे, लेकिन भारत को अमेरिका के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखने होंगे। अन्य यूजर्स ने भी कहा कि नेतृत्व डर या दिखावे की बात नहीं है, बल्कि रणनीति, दूरदर्शिता, और देश के हित को पहले रखने की बात है, जिसे कुछ लोग समझ नहीं पाते।

## 'राजनीति में सेवा सबसे बड़ी चुनौती', खेसारी लाल यादव के चुनाव लड़ने पर बोले मनोज तिवारी

**एजेंसी**
**पटना ।** भोजपुरी गायक और अभिनेता खेसारी लाल यादव के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि राजनीति में आने के बाद सेवा सबसे बड़ी चुनौती होती है।भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने खेसारी लाल को शुभकामनाएं देते हुए कहा, ÷मैं हमेशा कहता हूं कि युवाओं और कलाकारों को राजनीति में आना चाहिए। खेसारी लाल मेरे भाई हैं, लेकिन राजनीति में आने के बाद



सेवा की चुनौती का सामना करना होगा। मैं उनके लिए शुभकामनाएं देता हूं।' मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने महागठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि जब किसी पार्टी के दिल में राज्य का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता होती है, तो गठबंधन में समझौते हो जाते हैं। लेकिन जहां दिल नहीं मिलते और केवल सत्ता की लालसा होती है, वहां महागठबंधन जैसी स्थिति बनती है। उन्होंने दावा किया कि एनडीए ने सीट बंटवारे को समय पर पूरा कर लिया है और बिहार में उत्साह का माहौल है। तिवारी ने कहा कि आज पहले चरण की सीटों पर नामांकन का आखिरी दिन है। मैं बक्सर सहित अन्य जगहों पर जा रहा हूं। जनता में जबरदस्त उत्साह है।जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर पर तंज कसते हुए कहा कि वे बड़े-बड़े दावे करने वाले लोग मैदान छोड़कर भाग गए हैं। मुझे तो हर जगह एनडीए की लहर दिखाई दे रही है, प्रशांत किशोर जैसे लोग कहीं दिखाई नहीं दे रहे। बिहार में एनडीए की लहर है और मुझे विश्वास है कि जीत एनडीए की होगी। उन्होंने कहा कि एनडीए का विरोध करने वाला बिहार का विरोध करेगा, क्योंकि जनता विकास के साथ खड़ी है।

## काबुल में जल्द ही खुलेगा भारतीय दूतावास : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में भारतीय दूतावास अगले कुछ दिनों में ही खुल जायेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरूवार को यहां साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में इस बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि काबुल में जून 2022 से भारत का तकनीकी मिशन काम कर रहा है और अगले कुछ दिनों में इसकी जगह दूतावास खुल जायेगा। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की हाल ही में संपन्न हुई यात्रा के दौरान भारत ने काबुल में दूतावास खोलने की घोषणा की थी।

## व्यापारियों की दीपावली मनेगी भव्य, 738 करोड़ जीएसटी रिफंड जारी: सीएम रेखा गुप्ता

**कौमी पत्रिका**
नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। दिल्ली सरकार की ओर से राजधानी के कारोबारियों की दीपावली को भव्य और वैभवपूर्ण बनाने के प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि दीपावली से पूर्व तक दिल्ली के व्यापारियों को उनका जीएसटी रिफंड लगातार दिया जा रहा है। इस मद में उन तक 738 करोड़ की राशि पहुंचा दी गई है। यह प्रकिया जारी है और आधुनिक तकनीक के जरिए व्यापारियों को लगातार उनका जीएसटी रिफंड निपटाया जा रहा है। मुख्यमंत्री का कहना है कि उनकी सरकार आम जन तक भी खुशियां पहुचांने का लगातार प्रयास कर रही है। इसके तहत हम पानी के लंबित बिलों व अनधिकृत पेयजल व सीवर के कनेक्शनों पर भारी राहत दे रहे हैं, इसके लिए पेमेंट चार्ज व पेनल्टी पर 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। हमारी सरकार की यह योजना भी आम जन के लिए दीपावली का उपहार है। मुरेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि हमारी सरकार व्यापारियों का जीएसटी रिफंड करने के लिए लगातार प्रभावी प्रयास कर रही है। इसे निपटाने के लिए नई तकनीक का भी प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के परिणामस्वरूप व्यापार व कर विभाग ने अभी तक 1002 करोड़ रुपये के लंबित जीएसटी रिफंड




मामलों को सफलतापूर्वक निपटा दिया गया है। इनमें से 738 करोड़ रुपये की राशि दिल्ली के व्यावसायिक संस्थानों और व्यापारियों को रिफंड के रूप में भेज दी गई है। विभाग की यह अब तक की उल्लेखनीय उपलब्धि है, जिसने रिफंड प्रक्रिया को नई गति दी है। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि रिफंड निपटान प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए जीएसटी विभाग ने आईआईटी-हैदराबाद के सहयोग से एक उन्नत आईटी मॉड्यूल विकसित किया है। यह मॉड्यूल डेटा एनालिटिक्स, डेटा ऑटोमेशन और त्वरित जांच प्रक्रिया पर आधारित है, जिससे रिफंड आवेदन शीघ्रता से निपटाए जा रहे हैं। अभी तक विभाग द्वारा कुल 8259 रिफंड आवेदनों का निपटारा किया गया है, जो एक रिकॉर्ड संख्या है। इन आवेदनों में से 7409 आवेदन 10 लाख रुपये से कम के रिफंड दावों से जुड़े थे। इन छोटे दावों के शीघ्र निपटारे से दिल्ली के छोटे व्यापारियों और व्यवसायियों को बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री के अनुसार यह प्रयास न केवल करदाताओं के विश्वास को मजबूत करता है, बल्कि दिल्ली में व्यापारिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करेगा। दीपावली के आसपास रिफंड जारी होने से बाजारों में नकदी प्रवाह बढ़ेगा और व्यापारिक माहौल को नई ऊर्जा मिलेगी।

शेष पृष्ठ 3 पर

## उपराष्ट्रपति के घर को बम से उड़ाने की धमकी का मिला मेल

### जांच में नहीं मिला कुछ

**एजेंसी**
**चेन्नई।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के चेन्नई में मायलापुर इलाके में स्थित आवास को बम की धमकी के शासन प्रशासन में हड़कंप मच गया। किसी अज्ञात ने पुलिस को एक ईमेल भेजकर धमकी दी है।इसके बाद पुलिस ने सतर्कता बरते हुए उनके पूरे आवास की छानबीन की लेकिन कहीं भी कोई विस्फोटक नहीं मिला। नई दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों में स्कूलों, मशहूर हस्तियों और महत्वपूर्ण लोगों के घरों को बम से उड़ाने की धमकियाँ मिलना आम बात हो गई है। शुक्रवार को चेन्नई के एस्टेट पुलिस स्टेशन को एक ईमेल मिला। ईमेल में कहा गया कि शहर के मायलापुर इलाके में स्थित उपराष्ट्रपति के आवास पर बम रखा गया है। इसके तुरंत बाद उच्चाधिकारियों ने इस सूचना को गंभीरता से लिया। कुछ ही देर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, बम निरोधक



विशेषज्ञ और खोजी कुत्ते के साथ पुलिस बल के साथ उनके आवास पर पहुँच गये। पुलिस बल ने उनके पूरे आवास की सघन तलाशी ली लेकिन कहीं भी कुछ नहीं मिला। वीआईपी सुरक्षा मानदंडों के अनुसार, अधिकारी पोएस गार्डन स्थित उनके वर्तमान आवास पर भी पहुँचे, लेकिन उनका अपार्टमेंट बंद था। इस लिए वहां तलाशी नहीं जा सकी। आसपास के इलाकों का निरीक्षण करने के बाद पुलिस अधिकारी इसे शरारत समझ कर लौट गए। पुलिस इस धमकी वाले ईमेल के स्रोत की जांच कर रही है।

## बिहार में राजग गठबंधन की 20 सालों में सबसे बड़ी बहुमत वाली सरकार बनेगी : अमित शाह

**एजेंसी**
**पटना।** बिहार में चुनाव सरगर्मी के बीच रैलियों और जनसभाओं का सिलसिला भी अब शुरु हो चुका है। तमाम दलों के नेता अपने-अपने उम्मीदवारों के पक्ष में लोगों से वोट करने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी शुक्रवार को सारण जिले के तरैया विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार जनक सिंह के पक्ष में चुनावी सभा की।जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इस बार बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की 20 सालों में सबसे बड़ी बहुमत वाली सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रचार की शुरुआत सारण से होती है, उसमें हमेशा विजय ही विजय मिलती है। यदि लालू यादव के जंगलराज के खिलाफ लड़ने का संकल्प लेना है और पूरे बिहार के



युवाओं को 20 साल पहले लालू-राबड़ी द्वारा बनाई गई स्थिति याद दिलानी है, तो इसके लिए सारण-छपरा से अधिक उचित स्थान कोई नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे राज्य की आम जनता तक सरकार की उपलब्धियों और संदेश को प्रभावी ढंग से पहुंचाएं। अमित शाह ने कहा कि हम बिहार में नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में लड़ रहे हैं और देशभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में काम कर रहे हैं। इस बार हमें चार-चार दीपावली मनाने का मौका मिल रहा है। पहली दीपावली जब प्रभु श्री राम वनवास से अयोध्या लौटे थे। वह कुछ दिनों के बाद आने वाली है। दूसरी दीपावली समाप्त हो गई, जब बिहार की हर जीविका दीदी के अकाउंट में नीतीश जी और मोदी जी ने 10-10 हजार रुपये भेजे हैं। छठी मैया की पूजा और दीपावली के दिन बिहार के माता-बहनों के खाते खाली नहीं रहेगा। तीसरी दीपावली वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के सुधार के साथ जब 395 चीजों के दाम कम कर दिए गए और चौथी दीपावली 14 नवम्बर को बनेगी, जब रिकॉर्ड मतों के साथ बिहार में राजग की सरकार बनेगी और लालू-राहुल का सूपड़ा साफ हो जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि राजग की सरकार राज्य के 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को मुफ्त बिजली दे रही है।

## 'वाटर सैल्यूट' के बाद एलसीए तेजस मार्क-1ए ने नासिक में पहली उड़ान भरी

### रक्षा मंत्री ने किया एलसीए मार्क-1ए की तीसरी लाइन और एचटीटी-40 की दूसरी लाइन का उद्घाटन

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** देश ने विमानन और रक्षा आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में शुक्रवार को एक मील का पत्थर पार किया, जब लंबे इंतजार के बाद लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-1ए ने महाराष्ट्र के नासिक में पहली उड़ान भरी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में स्वदेशी विमान को 'वाटर सैल्यूट'देकर भारत की बढ़ती ताकत का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद रक्षा मंत्री ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की नासिक यूनिट में एलसीए मार्क 1ए की तीसरी लाइन और एचटीटी-40 की दूसरी लाइन का उद्घाटन किया। इससे इन विमानों के उत्पादन में तेजी आएगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस मौके पर कहा कि एचएएल की नासिक यूनिट में एलसीए मार्क-1ए तेजस और एचटीटी 40 विमान का



उत्पादन होता है। दोनों विमानों के निर्माण में तेजी लाने के लिए आज एलसीए तेजस बनाने वाली तीसरी उत्पादन लाइन और एचटीटी 40 विमान की दूसरी उत्पादन लाइन का उद्घाटन हो रहा है। उन्होंने कहा, नासिक एक ऐतिहासिक भूमि है, जहां भगवान शिव त्र्यंबक के रूप में निवास करते हैं। नासिक आस्था, भक्ति, आत्मनिर्भरता और क्षमता का प्रतीक बन गया है। यहां एचएएल देश की रक्षा शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है। जब मैंने आज सुखोई-30, एलसीए तेजस और एचटीटी-40 को एक साथ उड़ान भरते देखा, तो मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया। रक्षा मंत्रालय ने 25 सितंबर को नई दिल्ली में 97 एलसीए एमके-1ए विमानों और संबंधित उपकरणों के लिए एचएएल के साथ 62,370 करोड़ रुपये के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले 83 तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट के सौदे पर 03 फरवरी, 2021 को बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान एचएएल के साथ हस्ताक्षर हुए थे।

## जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा दीवार का एक हिस्सा ढहा, वाहनों की आवाजाही बाधित

**बनिहाल।** जम्मू-कश्मीर के रामबन ज़िले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनी सुरक्षा दीवार का एक हिस्सा गुरुवार रात को ढह गया, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के परियोजना निदेशक शुभम यादव ने शुक्रवार को बताया कि पिछली दीवार का 40 मीटर का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। उससे सटी सावनी पंचायत संपर्क सड़क धंस गई है। उन्होंने कहा कि चार लेन वाले राजमार्ग की एक ट्यूब बंद कर दी गई है। कटाव का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि प्रभावित ट्यूब को जल्द से जल्द यातायात योग्य बनाने के लिए मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में यातायात को एक ही चालू ट्यूब के माध्यम से नियंत्रित किया जा रहा है, जिससे इस हिस्से पर आवाजाही धीमी हो गई है। उन्होंने बताया कि इसके ढहने से सावनी पंचायत संपर्क सड़क का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे संपर्क प्रभावित हुआ है। एनएचएआई जिला प्रशासन और यातायात विभाग के अधिकारी मौके पर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं, ताकि कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले रणनीतिक राजमार्ग पर यातायात सुचारू किया जा सके।

## डाक विभाग जनवरी से 24 घंटे और 48 घंटे में 'डिलीवरी' की गारंटी के साथ शुरू करेगा नई सेवाएं

**● गारंटी आधारित डिलीवरी समय सीमा के साथ मेल, पार्सल सेवाएं भी शुरू की जाएंगी**

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय डाक 24 घंटे और 48 घंटे की डिलीवरी समय सीमा के साथ मेल और पार्सल की गारंटी आधारित सेवाएं अगले साल जनवरी में शुरू की जाएंगी। हम डाक और पार्सल की डिलीवरी की गारंटी के साथ नए उत्पाद लॉन्च करने जा रहे हैं। केंद्रीय संचार मंत्री ने यहां प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि जनवरी से 24 घंटे और 48 घंटे डाक वितरण और अगले दिन पार्सल वितरण शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्सल की अगले दिन डिलीवरी के लिए भी ऐसी ही सेवाएं होंगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि पार्सल की डिलीवरी अगले दिन हो, जबकि अभी इसमें 3-5 दिन लगते हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य 2029 तक भारतीय डाक को 'लागत केंद्र' से 'लाभ केंद्र' में बदलना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह नई सेवा जनवरी में शुरू की जाएगी। इस कदम का उद्देश्य




भारतीय डाक के संचालन को आधुनिक बनाना, ग्राहकों का विश्वास बढ़ाना और निजी कूरियर सेवाओं के साथ अधिक प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा करना है, जिससे देश भर में तेज़ और अधिक विश्वसनीय वितरण सुनिश्चित हो सके। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मीडिया को संबोधित करते हुए इंडिया पोस्ट ऑफिस की एक वर्ष की परिवर्तनकारी प्रगति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारे ग्रामीण डाक सेवक भारत की पूंजी हैं। गांव-गांव में जाकर विश्वास और प्रेम का संबंध स्थापित करते हैं। उनके सशक्तिकरण के आधार पर, उनकी वोकेशनल ट्रेनिंग के आधार पर उनके लिए नए लाइन ऑफ बिजनेस उनके लिए शुरू करके प्रगति और विकास भी सुनिश्चित करें।

## आईपीएस वाई पूरन की पीएम रिपोर्ट आई सामने, गोली लगने से इंटरनल ऑर्गन फट गए

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हरियाणा आईपीएस वाई पूरन कुमार की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आ गई है। चंडीगढ़ पीजीआई की ओर से एसआईटी को सौंपी गई रिपोर्ट में सामने आया हैं कि गोली लगने से पूरन के इंटरनल ऑर्गन फट गए थे।नाक, कान और मुंह से खून निकला। इससे उनकी मौत हो गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद अब पुलिस ने अपनी जांच को और तेज कर दिया है। बता दें कि आईपीएस वाई पूरन कुमार के सुसाइड के नौवें दिन बुधवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया था। गुरुवार को परिवार ने हरिद्वार में उनके अस्थि-विसर्जन की रस्म हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार पूरी की।उधर, मामले में अभी तक अमनीत पी कुमार की ओर से कोई सार्वजनिक बयान नहीं आया है। वहीं अभी तक चले गतिरोध में उनके विधायक भाई अमित रतन या 31 सदस्यीय (बाद में 51 सदस्यीय की) कमेटी ने भी मीडिया को कुछ जानकारियां नहीं दीं।बुधवार को अंतिम संस्कार के बाद अमनीत पी कुमार से बात करने की कोशिश की तब परिवार ने उन्हें रोक लिया। इस बीच रोहतक में एएसआई संदीप लाठर के सुसाइड के बाद माहौल काफी बदल गया है। अभी तक मुखर दिख रहे संगठन भी नरम पड़े हैं। यहां लगातार सभी की निगाह रोहतक में चल रहे घटनाक्रम पर लगी रही।

## बहराइच में अवैध कफ सिरप और दर्द निवारक दवाओं के गोदाम में छापेमारी

बहराइच (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में अवैध कफ सिरप और दर्द निवारक दवाओं की बरामदगी से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मामला सामने आया है। बहराइच के दरगाह इलाके में सहायक आयुक्त औषधि, देवीपाटन मंडल, मुकेश जैन ने टीम के साथ छापेमारी कर प्रतिबंधित कोडीन युक्त सिरप और दर्द निवारक कैप्सूल बड़ी मात्रा में बरामद किए। इनकी कीमत लाखों में आंकी गई है। छापेमारी रॉयल फार्मा द्वारा बेचे जा रहे अवैध स्टॉक पर की गई। जहां मध्य प्रदेश में जहरीले कफ सिरप कोल्ड्रिफ के कारण बच्चों की मौत के मामले में जांच के दायरे का बढ़ना, जिसके बाद कोडीन युक्त सीरप की अवैध सप्लाई की शिकायतें मिली थीं। सभी जब्त दवाओं के नमूने (सैंपल) जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। दवा विक्रेता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। दवा विक्रेता के पास से एक लखनऊ नंबर की गाड़ी बरामद हुई है, जिस पर विधायक का सचिवालय पास लगा हुआ था। सहायक आयुक्त औषधि मुकेश जैन ने कहा है कि दवाओं के नमूने की जांच की जाएगी और यह भी जांच की जाएगी कि सचिवालय का पास कैसे जारी हुआ। यह एक ओपिओइड एनाल्जेसिक है, जिसका उपयोग मध्यम से गंभीर दर्द कम करने के लिए किया जाता है। यह दर्द संकेतों को रोककर काम करता है। इसे डॉक्टर की सलाह के बिना लेना घातक हो सकता है।ओपिओइड दर्द निवारक दवा है, जिसका उपयोग अल्पकालिक दर्द से राहत के लिए होता है। कुछ लोग इसे संसाधित नहीं कर पाते हैं।

## 50 यात्रियों से भरी बस एक्सप्रेसवे पर बन गई आग का गोला, लोगों ने कूदकर बचाई जान

गौतमबुद्ध नगर (एजेंसी)। जिले के दनकौर थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर गुरुवार रात एक चलती लग्जरी बस में आग लग गई। जैसे ही यात्रियों को पता चला कि बस में आग लगी है तभी कई यात्री कूदने लगे। गनीमत रही इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। बता दें कि राजस्थान जैसा कांड यूपी में भी हो सकता था। मंगलवार को राजस्थान के जैसलमेर में एक एसी बस में आग लग जाने से 21 यात्रियों की दर्दनाक तरीके से मौत हो गई तो एक दर्जन से अधिक लोग बुरी तरह झुलस गए थे।गनीमत रही कि आग अंदर तक नहीं पहुंची और करीब 50 यात्रियों की जान बाल-बाल बच गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि निजी बस पंजाब के लुधियाना से आगरा जा रही थी और उसमें करीब 50 यात्री सवार थे। उन्होंने कहा कि बस जब यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते ग्रेटर नोएडा से गुजर रही थी, तभी उसकी छत पर रखे सामान में भीषण आग लग गई। चालक ने आग का पता चलते ही बस रोक दी और यात्री बाहर आ गए। अधिकारी ने कहा कि शुरुआती जांच के मुताबिक, दिवाली से पहले की जा रही आतिशबाजी की वजह से चिंगारी चलती बस की छत पर गिरी जिसके कारण आग लग गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोग इसके साथ राजस्थान में हुए हादसे का जिक्र करते हुए यात्रियों की जान बचने पर ऊपरवाले का आभार जता रहे हैं।

## तेलंगाना में अब दो से ज्यादा बच्चे वाले भी लड़ सकेंगे स्थानीय निकाय चुनाव

हैदराबाद (एजेंसी)। आने वाले समय में तेलंगाना में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव में उन लोगों को बड़ी राहत मिलेगी जिनके दो से ज्यादा बच्चे हैं और वे चुनाव लड़ने की इच्छा रखते हैं। अब ऐसे लोग भी चुनाव लड़ सकेंगे। तेलंगाना कैबिनेट ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए दो से अधिक बच्चों वाले उम्मीदवारों को स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने की अनुमति देने पर सिद्धांत रूप से सहमति जताई। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। राजस्व मंत्री रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दो साल पूरे होने पर 1 से 9 दिसंबर तक 'प्रजा पालन-प्रजा विजयोत्सव' मनाया जाएगा। इस दौरान राज्य में सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा जाएगा। राजस्व मंत्री पी. श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि जनसंख्या नियंत्रण उपायों के सख्ती से लागू होने के बावजूद इस नियम को बनाए रखना अब जरूरी नहीं है। कैबिनेट ने विचार-विमर्श के बाद इसे हटाने का फैसला किया है ताकि अधिक लोगों की लोकतांत्रिक भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। बैठक में तीन नए कृषि महाविद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी गई है, जो हुजूरनगर, कोडंगल और निजामाबाद में स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा, हैदराबाद मेट्रो रेल के विस्तार कार्यों को भी तेज करने का निर्णय लिया गया है। सरकार ने एक वरिष्ठ अधिकारियों की समिति गठित करने का फैसला किया है, जो मेट्रो रेल प्रोजेक्ट फेज-1 को एलएंडटी से अधिग्रहण करने की संभावनाओं का अध्ययन करेगी। कैबिनेट ने एनएएलएसएआर लॉ यूनिवर्सिटी को 7 एकड़ अतिरिक्त भूमि देने का निर्णय लिया है।

# पाकिस्तानी सेना निर्दोषों पर हमला करके अपनी नाकामियों को छुपाती है: पश्तीन

### -हमले में अफगान संपत्तियों को नुकसान पहुंचा, घर टूटे, स्कूल ढहे, तनाव बरकरार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के साथ लड़ाई में दर्जनों सैनिकों मौत के बाद पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कहा है कि अफगानिस्तान ने भारत के इशारे पर उस पर हमला किया, क्योंकि ये हमले तब हुए जब अफगानिस्ता के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी दिल्ली में थे। वहीं पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अब टू फ्रंट वॉर की बात कर रहे हैं। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि भारत फिर से जंग छेड़ सकता है और पाकिस्तान इसके लिए तैयार है।

वहीं अफगानिस्तान पर हमले के लिए पाकिस्तान के कई संगठनों ने अपनी ही सरकार को घेरा है। पश्तून तहफ़ुज़ मूवमेंट के नेता मंजूर पशतीन ने काबुल पर पाकिस्तानी सेना के हालिया हवाई हमलों की निंदा की है और नागरिकों को निशाना बनाने को युद्ध अपराध बताया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना बार-बार निर्दोष लोगों पर हमला करके में अपनी नाकामियों को छुपाती है। एक्स पर पोस्ट में पशतीन ने लिखा- युद्ध अपराधों की सबसे बड़ी अपराधी पाकिस्तानी सेना हमेशा युद्ध के मैदान में खाली हाथ आम लोगों पर अपना गुस्सा और हार का उतारती है।

पूर्व अफगान राजनयिक अजीज महाराज ने कहा कि दुर्भाग्य से पाकिस्तान नागरिकों को निशाना बनाकर हमले करके सभी अंतरराष्ट्रीय मानदंडों जैसे हस्तक्षेप न करने के सिद्धांत, आपसी सम्मान, क्षेत्रीय अखंडता, मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा का उल्लंघन कर रहा है। इससे किसी को कोई फायदा नहीं। इन हमलों और बढ़ते तनाव के मद्देनजर काबुल और इस्लामाबाद के बीच 48 घंटे का युद्धविराम स्थापित किया गया है।

ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अब अफगानिस्तान और भारत से एक साथ युद्ध की तैयारी कर रहा है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान की ताजा जंग हाल के दिनों में दोनों मुल्कों के बीच सबसे भयंकर खूनी टकराव है। इस लड़ाई में पाकिस्तान के दर्जनों सैनिक मारे गए हैं। बौखलाए पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के कई शहरों में एयर स्ट्राइक की। इससे संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है। घर टूट गए हैं, स्कूल ढह गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट में तालिबान के मुताबिक 12 से ज्यादा नागरिक मारे गए, जबकि 100 से ज्यादा घायल हुए हैं। 15-20 तालिबानी लड़ाकों की मौत भी खबरें आई है। कंधार के स्पिन बोल्डक में पाकिस्तान-अफगानिस्तान का फ्रेंडशिप गेट बुरी तरह ढह गया है। अभी भले ही दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ है लेकिन तनाव अभी भी जारी है। शहबाज ने चुनौती भरे अंदाज में कहा है कि यदि यह सीजफायर केवल समय लेने के लिए किया गया है, तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। शरीफ ने आरोप लगाया कि अफगानिस्तान भारत की शह पर हमले कर रहा है, और ये हमले तब हो रहे हैं जब अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी भारत में थे।

शहबाज शरीफ भारत का आरोप लगा रहे थे तो पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ दो मोर्चे पर जंग की तैयारी कर रहे थे। आसिफ ने माना कि पाकिस्तान संभावित दो मोर्चों पर संघर्ष की तैयारी कर रहा है।

## 22 अक्टूबर को सबरीमला मंदिर जाएंगी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दीपावली के बाद 22 अक्टूबर को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू सबरीमला मंदिर जाएंगी जहां भगवान के दर्शन करेंगी। वह केरल पुलिस के वाहन से पहाड़ी पर स्थित इस तीर्थस्थल तक जाएंगी। सबरीमला के विशेष आयुक्त ने केरल उच्च न्यायालय को यह जानकारी दी, जिसने बृहस्पतिवार को मंदिर में वीवीआईपी काफिले की आवाजाही की अनुमति दे दी। अदालत ने त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) को राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर भीड़ प्रबंधन की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। विशेष आयुक्त के अनुसार, केरल पुलिस के पांच चार-पहिया वाहन राष्ट्रपति के काफिले का हिस्सा होंगे, जिनके साथ एक एम्बुलेंस भी होगी। यह



काफिला 4.5 किलोमीटर लंबे स्वामी अय्यप्पन मार्ग और सन्निधानम तक के पारंपरिक मार्ग पर जाएगा। टीडीबी के एक अधिकारी ने बताया कि आपातकालीन स्थितियों और मंदिर तक सामान पहुंचाने के लिए टीडीबी और वन विभाग द्वारा एम्बुलेंस और ट्रैक्टर उपलब्ध हैं। राष्ट्रपति मुर्मू चार दिवसीय दौरे के तहत 21 अक्टूबर को केरल पहुंचेंगी।अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि व्यवस्थाएं वीवीआईपी सुरक्षा के लिए 'ब्लू बुक' प्रोटोकॉल के अनुरूप होनी चाहिए। पथनमथिट्टा के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा की तैयारियां की जा रही हैं। पारंपरिक रूप से श्रद्धालु पैदल या डोलियों (पालकी) में बैठकर मंदिर जाने के लिए चढ़ाई करते हैं। टीडीबी अधिकारियों ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति वी। वी गिरि 1970 के दशक में सबरीमला आए थे और वह डोली में सवार होकर मंदिर पहुंचे थे।

## किसानों ने पूछा सवाल, अभी फसल कटी हीं नहीं... फिर कैसे दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खराब होने लगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में दिवाली से पहले ही प्रदूषण का स्तर बढ़ने और पंजाब में कम पराली जलाने की घटनाओं के बावजूद हवा की गुणवत्ता खराब होने पर पंजाब के किसानों ने सवाल उठा दिए हैं। किसानों का कहना है कि अभी उनके खेतों में कटाई भी शुरू नहीं हुई है, इसलिए पराली जलाने का सवाल ही नहीं है, फिर भी दिल्ली की हवा प्रदूषित हो गई है। पटियाला के किसान सुखविंदर सिंह के अनुसार, हमारे किसी खेत में अभी आग नहीं लगी है, और दिल्ली में पहले ही प्रदूषण आ गया। तब यह प्रदूषण कहाँ से आ रहा है? वे इस मौसम में दिल्ली को घेरने वाले जहरीले प्रदूषण के अन्य स्रोतों पर सवाल उठा रहे हैं।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के सैटेलाइट डेटा के अनुसार, 15 सितंबर से अब तक पंजाब में रोज केवल 6-7 पराली जलाने की घटनाएँ सामने आई हैं, जो दिखाता हैं कि वर्तमान पराली जलाना प्रदूषण का मुख्य कारण नहीं है। किसानों का कहना है कि वे पराली प्रबंधन के लिए पर्यावरण के अनुकूल और सस्ते विकल्पों पर विचार करने को तैयार हैं, लेकिन इससे उन पर, खासकर छोटे किसानों पर, अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं पड़ना चाहिए। किसानों को बेलर मशीनों से पराली प्रबंधन पर लगभग 1100-1200 रुपये प्रति एकड़ खर्च करना पड़ता है, और फिर जैव-ऊर्जा संयंत्र/उद्योग उसे समय पर उठाते भी नहीं हैं। किसानों ने कहा है कि यदि सरकार उन्हें वैकल्पिक तरीके अपनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करे, तो वे पराली नहीं जलाएँगे। इसके अलावा, किसानों ने फसल अवशेष मशीनें (सीआरएम) उपलब्ध कराने में देरी की भी शिकायत की है, जबकि पंजाब सरकार ने इस साल लगभग 2.5 लाख मशीनें उपलब्ध कराने का वादा किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि तापमान में गिरावट और दिवाली पर पटाखों का असर दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की स्थिति को और गंभीर बना सकता है, जबकि अभी से एक्यूआई लगातार बढ़ रहा है। यह स्थिति लोगों के लिए साँस लेने में दिक्कत पैदा कर रही है।

# महागठबंधन में एक और दल हुआ शामिल, तीन सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में विपक्षी दलों के महागठबंधन में 7वें दल की एंट्री हो गई है। पान समाज (तांती, ततवा जाति) की राजनीति करने वाले आईपी गुप्ता ने दावा किया है कि उनकी इंडियन इंक्लूसिव पार्टी को महागठबंधन में 3 सीटें मिल गई हैं। आईपी गुप्ता ने गुरुवार रात को फेसबुक पर वीडियो पोस्ट कर कहा कि उनकी पार्टी महागठबंधन का हिस्सा बन गई है। हम घर वाले नहीं बल्कि गोतिया बने हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि भारत के इतिहास में पहली बार तांती, तता, पान समाज की अपनी पार्टी चुनावी मैदान में उतरेगी। इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के चीफ आईपी गुप्ता बीते कई दिनों से महागठबंधन के शीर्ष नेताओं से संपर्क में थे।

बिहार वोटर अधिकार यात्रा के दौरान उनकी कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात भी हुई थी। इसके बाद पिछले सप्ताह उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव के साथ बैठक का वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया था। आईपी गुप्ता खुद सहरसा सीट से अपनी पार्टी के करनी छाप चुनाव चिह्न पर लड़ेंगे। उन्होंने शुक्रवार को अपना पर्चा दाखिल करने की



बात कही है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि 3-4 सीटों पर उनकी पार्टी के उम्मीदवारों को राजद और कांग्रेस के सिंबल पर लड़ाने पर सहमति बनी है। हालांकि, महागठबंधन के प्रमुख दल राजद या कांग्रेस की ओर से अभी इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। अखिल भारतीय पान महासंघ के अध्यक्ष आईपी गुप्ता ने कांग्रेस छोड़कर नई पार्टी बनाई थी। इसी साल अप्रैल महीने में उन्होंने पटना के गांधी मैदान में पान समाज की बड़ी रैली करके सबका ध्यान खींचा था। बिहार में हुए जाति आधारित सर्वे के आंकड़ों के अनुसार तांती-ततवा जाति के लोगों की आबादी लगभग 2 प्रतिशत है। ऐसे में कम मार्जिन से हार-जीत वाली सीटों पर पान समाज के मतदाता निर्णायक भूमिका में रह सकते हैं। बताया जा रहा है कि लालू-तेजस्वी की आरजेडी ने अपने कोटे की सहरसा सीट आईपी गुप्ता को लड़ने के लिए दी है। 2020 में जेडीयू की मौजूदा सांसद लवली आनंद ने सहरसा से आरजेडी के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन भाजपा के आलोक रंजन झा से हार गई थीं। एनडीए में भाजपा ने 2025 में फिर से मौजूदा विधायक को ही टिकट दिया है। बता दें कि महागठबंधन में राजद, कांग्रेस, सीपीआई-माले, सीपीएम, सीपीआई और मुकेश सहनी की वीआईपी को मिलाकर 6 पार्टियां पहले से है। आईपी गुप्ता की इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के आने से कुल 7 दल हो गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी महागठबंधन का हिस्सा नहीं बन पाई और 25 सीटों पर अलग से अपने प्रत्याशी उतार दिए। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी झामुमो के भी बिहार महागठबंधन में सीटें मिलने पर अभी सस्पेंस है।

## नक्सली आत्मसमर्पण: सीएम नायडू पर हमले की साजिशकर्ता बम बहादुर राव भी शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले दो से तीन दिनों में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में 405 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। बीते कुछ समय में केंद्र के एक्शन और अपील का असर अब नक्सल हिंसा प्रभावित इलाकों में साफ दिख रहा है। गुरुवार को छत्तीसगढ़ में सीएम विष्णुदेव साय के सामने 170 नक्सलियों ने सरेंडर किया। खास बात है कि सरेंडर करने वाले नक्सलियों में खास बम बहादुर नक्सली भी शामिल है। इस नक्सली की पहचान बम बनाने वाले एक्सपर्ट के रूप में रही है। यह व्यक्ति है टी वासुदेव राव उर्फ रूपेश।



माओवादियों के बम बनाने वाले के रूप में मशहूर 59 वर्षीय वासुदेव राव उर्फ रूपेश के बारे में पता चला है कि वे आखिरी बार अबूझमाड़ इलाके से अपनी गतिविधियां चला रहे थे। उनके साथ, आत्मसमर्पण करने वाले विद्रोहियों में दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेजेडसी) की माड़ संभाग प्रभारी रनिता भी शामिल थीं।

बताया जाता हैं कि तेलंगाना के मुगुलु निवासी रूपेश ने 2 दिसंबर 2000 को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू पर हमले की साजिश रची थी। ऐसा माना जाता है कि वे 1999 में आंध्र प्रदेश के तत्कालीन गृह मंत्री ए माधव रेड्डी और युवा आईपीएस अधिकारी उमेश चंद्र की हत्या में भी शामिल था। वासुदेव राव ने आईटीआई से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। इसके बाद 1991 में पीपल्स वॉर ग्रुप में शामिल हुआ। इसके बाद राव को 1999 में हैदराबाद एक्शन टीम का प्रमुख नियुक्त किया गया। साल 2010 में राव को सीपीआई (माओवाद) की सेंट्रल कमिटी में शामिल किया गया था।

रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ पुलिस सूत्रों ने बताया कि रूपेश को प्रतिबंधित सीपीआई(माओवादी) की केंद्रीय समिति में प्रोमोट किया गया है, लेकिन खुफिया सूत्रों के अनुसार, उन्होंने अभी तक यह पद ग्रहण नहीं किया है। एक खुफिया सूत्र ने बताया कि वह केंद्रीय समिति की किसी भी बैठक में शामिल होने से पहले ही सरेंडर करने का फैसला किया।

### इन बड़े हमलों का मास्टरमाइंड

2007: पूर्व मुख्यमंत्री एन. जनार्दन रेड्डी की हत्या के प्रयासों से जुड़ा

2019: गढ़चिरौली में हुए आईईडी विस्फोट में संदिग्ध, जिसमें 15 महाराष्ट्र पुलिसकर्मी मारे गए

## ट्रंप का बढ़ेगा टेंशन: भारत की आकाश मिसाइलों का मुरीद हुआ ब्राजील का यह देश, जल्द होगी डील

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ जंग के मैदान में भारत के मिसाइल डिफेंस सिस्टम्स की ताकत पूरी दुनिया ने देखी। इस दौरान भारत के स्वदेशी डिफेंस सिस्टम आकाश की भूमिका भी बेहद अहम रही थी। यही वजह है कि दुनिया के कई देश आकाश मिसाइलों के मुरीद हो गए हैं और इसे खरीदने की दिलचस्पी दिखाई है। इस कड़ी में अब ब्रिक्स के साथी ब्राजील का नाम भी जुड़ गया है।



बता दें कि 'आकाश' मिसाइल सिस्टम को डीआरडीओ ने तैयार किया है। इसका मकसद फाइटर एयरक्राफ्ट, क्रूज मिसाइल, ड्रोन और हेलीकॉप्टर जैसे हवाई खतरों से जरूरी ठिकानों और संसाधनों की सुरक्षा करना है। यह पूरी तरह मोबाइल सिस्टम है यानि इस कहीं भी ले जाया जा सकता है। वहीं यह एक साथ कई टारगेट पर हमला कर सकता है। जानकारी के मुताबिक भारत जल्द ही ब्राजील को आकाश मिसाइलों को ब्राजील भेजने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए दिनों देशों के बीच जल्द ही एक बड़ी डिफेंस एक्सपोर्ट डील की तैयारियां भी चल रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ब्राजील के उपराष्ट्रपति और रक्षा मंत्री के बीच हुई बातचीत के दौरान ब्राजील ने इसे खरीदने में खास दिलचस्पी दिखाई है और दोनों देशों ने बातचीत जारी रखने का फैसला किया है। इससे समझौते की संभावना और बढ़ गई है।

इस सौदे से ब्रिक्स के दोनों साझेदार देशों के रणनीतिक रिश्ते और मजबूत होने की उम्मीद है। वहीं यह सौदा भारत की डिफेंस में आत्मनिर्भरता के लिए बड़ा कदम माना जा रहा है। यह सिर्फ एक व्यावसायिक समझौता नहीं बल्कि एक रणनीतिक साझेदारी भी होगी। इससे दक्षिण-दक्षिण सहयोग को मजबूती मिलेगी और भारत की पहचान एक भरोसेमंद वैश्विक डिफेंस एक्सपोर्टर के रूप में और मजबूत होगी। भारतीय सेना के मुताबिक आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हवाई खतरों और ड्रोन हमलों को लगातार नाकाम किया। इस दौरान इसकी जैमिंग इम्यूनिटी और तेज प्रतिक्रिया की क्षमता सबसे अधिक मददगार साबित हुई। इस बैटल-टेस्टेड सिस्टम ने खुद को एक किफायती और भरोसेमंद विकल्प के रूप में साबित किया है, खासकर उन देशों के लिए जो अपनी एयर डिफेंस टेक्नोलॉजी को आधुनिक बना रहे हैं।

# देश में बढ़ती 'डिजिटल अरेस्ट' की घटनाओं पर चिंतित सुप्रीम कोर्ट...केंद्र और सीबीआई से जवाब मांगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के अंबाला में अदालत और जांच एजेंसियों के फर्जी आदेशों के आधार पर एक बुजुर्ग दंपति को 'डिजिटल अरेस्ट' कर बुजुर्ग से 1.05 करोड़ की उगाही की घटना पर चिंता जाहिर की है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने देश भर में डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर चिंता जता दी है। इतना ही नहीं 73 वर्षीय महिला द्वारा प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई को लिखे पत्र पर स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज किए गए मामले में केंद्र और सीबीआई से जवाब मांगा है। पीठ ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों सहित निर्दोष लोगों को डिजिटल अरेस्ट करने के लिए सुप्रीम कोर्ट, उच्च न्यायालय के आदेशों और न्यायाधीशों के हस्ताक्षरों की जालसाजी करना न्यायिक संस्थाओं में लोगों के विश्वास और आस्था पर कुठाराघात है।

बात दें कि 'डिजिटल अरेस्ट' ऑनलाइन धोखाधड़ी है, जिसमें जालसाज खुद को फर्जी तरीके से किसी सरकारी एजेंसी या अधिकारी बताकर लोगों पर कानून तोड़ने का आरोप लगाकर धमकी देकर गलत तरह से धन वसूली करते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा, ''न्यायाधीशों के जाली हस्ताक्षरों वाले न्यायिक आदेश तैयार करना, कानून के शासन के अलावा न्यायिक व्यवस्था में जनता के विश्वास की नींव पर कुठाराघात करता है।

पीठ ने कहा कि इस तरह के गंभीर आपराधिक कृत्य को धोखाधड़ी या साइबर अपराध के सामान्य या एकल अपराध के रूप में नहीं माना जा सकता। पीठ ने कहा, ''हम इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान लेने के लिए भी इच्छुक हैं कि यह मामला एकमात्र मामला नहीं है। मीडिया में कई बार ये खबरें आई हैं कि देश के विभिन्न हिस्सों में इसतरह के अपराध हुए हैं। इसलिए, हमारा मानना ??है कि न्यायिक दस्तावेजों की जालसाजी, निर्दोष लोगों, खासकर वरिष्ठ नागरिकों से जबरन वसूली/लूट से जुड़े आपराधिक उपक्रम का पूरी तरह से पर्दाफाश करने के लिए केंद्र और राज्य पुलिस के बीच समन्वित प्रयासों और कार्रवाई की आवश्यकता है।''

पीठ ने अटॉर्नी जनरल से सहायता मांगी और हरियाणा सरकार तथा अंबाला साइबर अपराध विभाग को बुजुर्ग दंपति के मामले में अब तक की गई जांच पर स्थिति रिपोर्ट देने का आदेश दिया। यह मामला शिकायतकर्ता महिला द्वारा अदालत के संज्ञान में लाया गया था, जिन्होंने आरोप लगाया था कि घोटालेबाजों ने 3 से 16 सितंबर के बीच दंपति की गिरफ्तारी और निगरानी की बात करने वाला स्टाम्प और मुहर लगा एक जाली अदालती आदेश पेश किया और कई बैंक लेनदेन के माध्यम से एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की।



## व्यापारियों की दीपावली मनेगी भव्य, 738 करोड़ जीएसटी रिफंड जारी: सीएम रेखा गुप्ता

प्रथम पृष्ठ का शेष

मुख्यमंत्री का कहना है कि उनकी सरकार आम जन तक भी खुशियां पहुचांने का लगातार प्रयास कर रही है। इसके तहत हमने पानी के लंबित बिलों व अनधिकृत पेयजल व सीवर के कनेक्शनों पर भारी राहत दी है, इसके लिए पेमेंट चार्ज व पेनल्टी पर 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। हमारी यह योजना भी आम जन के लिए दीपावली का उपहार है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना के तहत लगभग 11000 करोड़ रुपये सरचार्ज माफ किया जाएगा। हमारी सरकार का यह निर्णय दिल्ली के लोगों को दीपावली का उपहार है। हमने यह कदम जनहित में उठाया है। हमारी सरकार चाहती है कि जल बोर्ड की कार्यप्रणाली को बेहतर व प्रभावी बनाया जाए।

## अंकुर विहार के नाले में मृत मिला अज्ञात व्यक्ति, शव पर नहीं मिले चोट के निशान, शिनाख्त में जुटी पुलिस

दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के अंकुर विहार इलाके में मंगलवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव नाले में उतराते मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। करावल नगर पुलिस थाने को शव के विषय में तड़के सूचना मिली। एक अधिकारी ने बताया कि एक टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। शव को पहले मेडिकल जांच के लिए जेपीसी अस्पताल ले जाया गया और बाद में पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि शव पर चोट का निशान नहीं मिला है और मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चलेगा। करावल नगर, सोनिया विहार और लोनी बॉर्डर सहित आसपास के इलाकों में हाल ही में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट की जांच के लिए टीमें गठित की गई हैं ताकि इस व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित की जा सके। आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# वोकल फॉर लोकल से पूरा होगा विकसित दिल्ली का लक्ष्य: इन्द्राज

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली- 17 अक्टूबर। समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने शुक्रवार को उत्तम नगर स्थित कुम्हार कॉलोनी में मिट्टी की कला से जुड़े कारीगरों एवं कुम्हार भाइयों से संवाद किया और स्थानीय दुकानदारों से खरीदारी भी की। इस अवसर पर कुम्हार समाज ने मंत्री का भव्य स्वागत किया। संवाद के दौरान उत्तम नगर से विधायक श्री पवन शर्मा भी मौजूद रहे। इन्द्राज ने स्थानीय दुकानदारों से मिट्टी के दीपक, बर्तन और सजावटी वस्तुएँ खरीदकर 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को प्रोत्साहित किया। उन्होंने ऑनलाइन भुगतान कर स्थानीय दुकानदारों से डिजिटल भुगतान को ब ?ावा देने का आग्रह किया। इन्द्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के वोकल फॉर लोकल के आह्वान से देश में स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय उद्योगों को नई पहचान मिली है। कैबिनेट मंत्री ने कारीगरों की परंपरागत कला, परिश्रम और सृजनशीलता की सराहना की और दिल्लीवासियों से भी स्थानीय कलाकारों और कारीगरों से खरीदारी करने का



आग्रह किया ताकि इस दीवाली पर उनकी मेहनत और हुनर का सम्मान हो। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे प्रयासों से समाज की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, स्वदेशी उद्योगों और 'मेक इन इंडिया' को भी नई पहचान मिलेगी और विकसित दिल्ली का लक्ष्य भी पूरा होगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ओर से प्रजापति समाज को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली सरकार हस्तशिल्प को प्रोत्साहित करने और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इन्द्राज सिंह ने बताया कि सरकार प्रजापति समाज की मांग पर माटी कला बोर्ड के गठन पर भी विचार कर रही है ताकि कुम्हार समाज के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कारीगरी केवल व्यवसाय नहीं, भारत की सांस्कृतिक पहचान भी है। हर शुभ कार्य को हम दीपक जलाकर ही शुरू करते हैं, कुम्हार समाज के लोग सृजनकर्ता हैं, यह उनका गौरव है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मिट्टी से सोना और भगवान बनाने वाले प्रजापति समाज को पूर्ववर्ती सरकारों में सिर्फ उपेक्षा का सामना करना प ?ा, दिल्ली सरकार अब तकनीकी सहयोग और आवश्यक प्रोत्साहन के जरिये उनके समग्र विकास में सहयोग करेगी।

## बीटेक के छात्र निखिल तोमर के चार हत्यारों को मिली ये सजा, चाकू से गोद दिया था, लड़की का था चक्कर

मेरठ। न्यायालय अपर जिला कोर्ट संख्या- 3 जयेंद्र कुमार ने एमआईईटी कॉलेज में बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र निखिल तोमर की हत्या के मामले में चार छात्रों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह वारदात करीब साढ़े तीन पहले हुई थी। दोषियों पर जुर्माना भी लगाया गया है। एक छात्रा को लेकर छात्रों के दो गुटों के बीच वर्चस्व की जंग में यह हत्या हुई थी। कोर्ट ने अभिषेक शर्मा निवासी गली नंबर निवाडी रोड मोदीनगर जिला गाजियाबाद, प्रिंस कुमार निवासी इशापुरम गंगानगर, आयुष त्यागी निवासी नावला थाना मंसूरपुर जिला मुजफ्फरनगर और आदर्श निवासी पोखर भिंडा चौरा चौरी जिला गोरखपुर को दोषी करार दिया है। दोषियों को आजीवन कारावास तथा 54-54 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, जानी थाने पर 13 अप्रैल 2022 को गांव भूपखेड़ी निवासी सिद्धांत कुमार ने छात्र निखिल तोमर की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि बागपत जनपद के गांव शिकोहपुर निवासी रिश्तेदार पुष्पेंद्र तोमर का बेटा निखिल तोमर एनएच-58 के मेरठ बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्र था। 13 अप्रैल 2022 को आरोपी छात्रों अभिषेक शर्मा, प्रिंस कुमार, आयुष त्यागी व आदर्श ने कॉलेज कैंपस में निखिल तोमर को घेर कर चाकू से गोद दिया। निखिल तोमर को पास के मेडिकल कॉलेज में लेकर गए, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जानी थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी छात्रों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मुकदमे की सुनवाई न्यायालय अपर जिला कोर्ट संख्या-3 में हुई। अभियोजन पक्ष ने पर्याप्त सबूत और गवाह कोर्ट में पेश किए। मंगलवार को न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनकर तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों को देखकर चारों छात्रों अभिषेक शर्मा, प्रिंस कुमार, आयुष त्यागी और आदर्श को हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 54-54 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। पुलिस ने अभिषेक शर्मा के कब्जे से चाकू बरामद किया था। न्यायालय ने अभिषेक को आर्म्स एक्ट में भी दोषी पाया है। इस मामले में उसे एक वर्ष के कठोर कारावास और एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। उम्र कैद की सजा पाने वाले अभिषेक शर्मा, प्रिंस कुमार, आयुष त्यागी और आदर्श बीते साढ़े तीन साल से जेल में बंद हैं। उन्हें हाईकोर्ट से भी जमानत नहीं मिली। निखिल की हत्या के दिन ही पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उस समय अभिषेक शर्मा बीटेक प्रथम वर्ष, प्रिंस कुमार तृतीय वर्ष, आयुष त्यागी द्वितीय वर्ष और आदर्श प्रथम वर्ष में अध्ययनरत थे। एमआईईटी में निखिल हत्याकांड से एक महीने पहले एक छात्रा से छेड़छाड़ को लेकर छात्रों के दो गुटों के बीच शुरू हुई वर्चस्व की जंग छात्र निखिल के कत्ल तक पहुंची थी। छात्रों के बीच मारपीट और धमकी देने का सिलसिला एक महीने तक चला था। वारदात से एक दिन पहले 12 अप्रैल 2022 को निखिल तोमर ने दूसरे गुट के छात्र आदर्श को थप्पड़ मार दिया था। इसके अगले ही दिन जब निखिल तोमर कॉलेज कैंपस में आया तो हमलावरों ने उसे घेर लिया और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। चाकू से निखिल की गर्दन पर दो, कमर पर पांच, पेट पर दो वार निशान के मिले थे।

## प्रदेश में बोगस फर्में बनाकर मीट कंपनी कर रही थी पशुओं की खरीद

लखनऊ। संभल में मीट का कारोबार करने वाली इंडिया फ्रोजन फूड कंपनी के ठिकानों पर आयकर छापे में बोगस फर्में खोलकर पशुओं की खरीद-फरोख्त दर्शाने के पुख्ता सुराग मिले हैं। ये बेनामी फर्में जिन लोगों के नाम पर खोली गई थीं, जांच में उनका कोई पता-ठिकाना नहीं मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर कंपनी द्वारा इन फर्मों के तमाम बैंक खातों को खोलकर जमा किए गए करोड़ों रुपये नकद निकाले गए। इन खुलासों के बाद आयकर विभाग ने कंपनी संचालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। आयकर विभाग के अधिकारी यह पता लगाने की कवायद में जुटे हैं कि बैंकों से निकाले गए करोड़ों रुपये कहां खपाए जा रहे थे। इन फर्मों के जरिए कितने करोड़ रुपये का कारोबार दर्शाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक इंडिया फ्रोजन कई देशों में मीट की आपूर्ति करता है। जांच के दौरान इन सभी देशों में होने वाली आपूर्ति के दस्तावेजों को भी खंगाला जा रहा है।वहीं दूसरी ओर बरेली में मारिया फ्रोजन और रहबर फूड्स के ठिकानों पर आयकर विभाग का सर्वे जारी है। दरअसल, रहबर फूड्स और इंडिया फ्रोजन के बीच मीट के कारोबार को लेकर हुए एक अनुबंध की जांच की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक बरेली की दोनों कंपनियों के ठिकानों पर तीन वर्ष पूर्व छापे मारे गए थे, जिसकी वजह से इस बार उनका सर्वे करने का फैसला लिया गया है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि तीनों कंपनियों के बीच आपस में कितना कारोबार किया जा रहा था और बोगस फर्मों में कहीं बरेली की कंपनियों के संचालकों की भूमिका तो नहीं है। संभल समेत आधा दर्जन से अधिक जिलों में इंडिया फ्रोजन कंपनी के ठिकानों पर छापों में तमाम संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुए हैं। साथ ही कई शहरों में बेशकीमती संपत्तियों को खरीदने की जानकारी भी हाथ लगी है। आयकर विभाग की टीमों ने इन दस्तावेजों के साथ कंप्यूटर की हार्ड डिस्क, लैपटॉप, मोबाइल, पेन ड्राइव आदि कब्जे में लिया है। कंपनी के संचालकों से लगातार पूछताछ की जा रही है, जिसके बाद उनके बयान दर्ज किए जाएंगे। आयकर छापे की कार्रवाई बुधवार को भी जारी रहेगी।

## आईजीआई एयरपोर्ट को स्मार्ट बनाने की तैयारी

नई दिल्ली। देश का सबसे बड़ा इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट अब स्मार्ट एयरपोर्ट बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। यात्रियों को बेहतर अनुभव देने के लिए एयरपोर्ट पर भीड़ प्रबंधन, ट्राली ट्रैकिंग और शौचालय निगरानी जैसे क्षेत्रों में एआई तकनीक और सेंसर आधारित सिस्टम लगाए जा रहे हैं। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) के अधिकारियों के अनुसार, स्मार्ट एयरपोर्ट परियोजना के तहत टर्मिनल, पार्किंग, रनवे और बैगेज एरिया में हाई-रेजोल्यूशन, वाइड-एंगल स्मार्ट कैमरे लगाए जा रहे हैं। ये कैमरे रियल टाइम मॉनिटरिंग और भीड़ नियंत्रण में मदद करेंगे। ट्राली प्रबंधन को सुधारने के लिए प्रत्येक ट्राली पर सेंसर लगाने की योजना है, जिससे उनकी लोकेशन की जानकारी कंट्रोल रूम को मिलती रहेगी। इसी तरह फोरकोर्ट एरिया में यातायात को सुचारु रखने के लिए वाहनों पर सेंसरयुक्त टैग लगाए जाएंगे, जो कंट्रोल रूम को उनके लेन में प्रवेश की सूचना देंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए शौचालयों में भी स्मार्ट सेंसर लगाए जा रहे हैं। ये सेंसर कंट्रोल रूम को बताते रहेंगे कि किस शौचालय का कितना उपयोग हो रहा है और कहां सफाई की जरूरत है। अधिकारियों के मुताबिक, यह पूरी पहल यात्री अनुभव को बेहतर और संचालन को अधिक कुशल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## पालतू बिल्ली पालने के लिए अब लेना होगा लाइसेंस, शिकायत होने पर लगेगा जुर्माना

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम में पालतू बिल्लियों के लाइसेंस बनने शुरू भी हो गए हैं। बीते एक सप्ताह में करीब 10 लाइसेंस बनाए गए हैं। अभी यह ऑफलाइन बनाए जा रहे हैं, लेकिन अगले महीने से ऑनलाइन सुविधा भी शुरू हो जाएगी। नगर निगम के पशुकल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि शहर पालतू कुत्तों की तरह बिल्ली पालने के लिए लाइसेंस बनवाना अनिवार्य हो चुका है। एक वर्ष अवधि के इस लाइसेंस का शुल्क 500 रुपये है। बिना लाइसेंस बिल्ली पालने पर 1000 रुपये जुर्माना लगेगा। लाइसेंस बिल्ली को एंटी रैबीज के टीका लगने के बाद बनाया जाएगा। ऑनलाइन लाइसेंस बनवाने की सुविधा के लिए कुत्तों के ऑनलाइन लाइसेंस के सिस्टम में बदलाव कराया जा रहा है। अगले महीने ऑनलाइन सुविधा शुरू हो जाएगी। लाइसेंस बनवाने के लिए पशु कल्याण विभाग में सुबह 10 से शाम 5 के बीच या कर्मचारी जयंत सिंह मोबाइल नंबर 9511156792 पर संपर्क किया जा सकता है। पशु कल्याण अधिकारी ने बताया कि बिल्लियों के काटने से भी रैबीज होता है। ऐसे में पालने वालों को सावधानी बरतना जरूरी है। अन्य नगर निगमों में बिल्लियों के लाइसेंस पहले से बनाए जा रहे हैं। लाइसेंस बनाने का मकसद राजस्व जुटाना नहीं बल्कि लोगों को जागरूक करना है कि वह नियमित टीकाकरण जरूर कराएं। पशु कल्याण बोर्ड के निर्देशों के तहत शहरों को 2023 तक ही रैबीज फ्री बनाया जाना था। पशु कल्याण अधिकारी ने कहा बिना लाइसेंस पाली जाने वाली बिल्लियों के लिए नगर निगम घर-घर जांच नहीं कर सकता, लेकिन यदि शिकायत मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अपील की है कि यदि आपके आसपास कोई बिना लाइसेंस कुत्ता या बिल्ली पाल रहा है तो नगर निगम के कंट्रोल रूम नंबर 9219902911, 9219902912, 9219902913, 9219902914 या टोल फ्री नंबर 1533 पर सूचित करें।

## साउथ एशियन यूनिवर्सिटी की छात्रा के साथ यौन शोषण, पुलिस ने दर्ज किया मामला

नई दिल्ली। दिल्ली के मैदानगढ़ी इलाके में एक यौन शोषण का मामला सामने आया है। बीती 13 अक्टूबर को दोपहर करीब 3 बजे साउथ एशियन यूनिवर्सिटी में एक छात्रा के यौन शोषण की शिकायत पुलिस को मिली। कॉल लड़की के किसी परिचित ने किया था। छात्रा को काउंसलिंग दी जा रही है। अब तक छात्रा ने कोई बयान नहीं दिया है। दिल्ली पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। पीड़िता के बयान के आधार पर, उचित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इसकी पूरी संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ जांच की जा रही है। डीसीपी दक्षिण अंकित चौदान ने इसकी जानकारी दी।

## गड्ढे के कारण हादसा, स्कूटी सवार महिला घायल

नई दिल्ली। दिल्ली कैंट इलाके में एनएच 48 सड़क पर गड्ढे की वजह से स्कूटी सवार महिला घायल हो गई। हादसे में घायल महिला की पहचान सुनीता देवी (45) के रूप में हुई है। उनके बेटे अमित कुमार (26) ने एनएचएआई के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। डीसीपी (दक्षिण-पश्चिम) अमित गोयल ने बताया कि शिकायत के आधार पर लापरवाही का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। अमित के अनुसार, 8 अक्तूबर की सुबह करीब आठ बजे वह अपनी मां को स्कूटी पर बिठाकर कापसहेड़ा से जहांगीरपुरी जा रहे थे। रास्ते में दिल्ली कैंट स्थित एनएच 48 पर एक गहरे गड्ढे में स्कूटी का पहिया फंस गया।

# फंदा लगाकर रील बनाते हुए 14 साल के किशोर की गई जान

नई दिल्ली। केशवपुरम इलाके में फंदा लगाकर रील बना रहे 14 साल के छात्र की जान चली गई। रील बनाते हुए टूल पर छात्र का पैर लड़खड़ाने पर वह फंदे पर लटक गया। पूरी घटना वीडियो में कैद हो गई है। पुलिस को छात्र के मोबाइल से 40 मिनट का वीडियो मिला है। वीडियो में वह बार-बार फंदे को पंखे से लगाकर उसको गले में डालता हुआ दिख रहा है। इसी दौरान उसका पैर लड़खड़ा गया। जब परिवार वाले कमरे में पहुंचे तब तक उसकी जान जा चुकी थी। पुलिस ने आशंका जताई है कि रील बनाने के दौरान घटना हुई है। जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि घटना रविवार दोपहर तीन बजे की है। दीपचंद बंधु अस्पताल से केशवपुरम थाना पुलिस को एक 14 साल के लड़के के फंदे पर लटकने से मौत होने की सूचना मिली। पूछताछ में पता चला कि लड़का शांति नगर त्रिनगर में अपने परिवार के साथ रहता था। परिवार वालों ने बताया कि वह नौवीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता एक प्रॉपर्टी डीलर फर्म में काम करते हैं और उसकी मां गृहिणी हैं। मृतक की एक बड़ी बहन है जो 12वीं कक्षा में पढ़ती है। पुलिस ने उस कमरे की छानबीन की, जिसमें छात्र ने खुदकुशी की थी। पुलिस को कमरे में पर्दे पंखे से बंधा मिला। परिवार वालों ने बताया कि छात्र इसी फंदे में लटका हुआ मिला। उसे फंदा से उतारकर अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को कमरे में जांच के दौरान एक मोबाइल फोन मिला जिसमें वीडियो बन रहा था। जांच में पता चला कि वीडियो 40 मिनट का है। उसे देखने पर पता चला कि छात्र ने फंदा लगाने का रील बना रहा था। वह पर्दे के एक छोर को पंखे में बांधने के बाद दूसरे छोड़ को फंदा बनाया। उसके बाद वह बार बार टूल पर चढ़ने के बाद फंदे को अपने गले में डाल रहा था। एक बार उसका पैर लड़खड़ा गया और उसके गले में फंदा कस गया। जिससे वह फंदे पर लटक गया। कुछ देर बाद परिवार के सदस्य उस कमरे में आए और छात्र को फंदे पर लटकता देख उसे फंदे से उतारा और अस्पताल लेकर गए।

## बेटी को स्कूल से लेकर आ रहे पिता की हादसे में मौत, छात्रा जख्मी, चालक हिरासत में

अलीगढ़। अलीगढ़ के हरदुआगंज अंतर्गत रामघाट रोड पर तालानगरी क्षेत्र में 14 अक्तूबर को स्कूल की छुट्टी होने पर बेटी को बाइक से लेकर घर आ रहे पिता की रोडवेज बस की चपेट में आकर मौत हो गई। हादसे में बेटी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के जटपुरा निवासी धर्मेंद्र कुमार (44) किसान थे। उनकी 13 वर्षीय बेटी सोनाक्षी तालानगरी स्थित मदर्स टच स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा है। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे वह बेटी को स्कूल से बाइक से लेकर घर जा रहे थे। कोंडरा चौराहे को पार करते समय अतरौली की ओर से आ रही उत्तराखंड की काशीपुर डिपो की रोडवेज बस ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों की मदद से घायलों को पंडित दीनदयाल संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। यहां धर्मेंद्र ने दम तोड़ दिया। बेटी सोनाक्षी का उपचार जारी है। धर्मेंद्र एक बेटा व बेटी के पिता थे। सीओ अतरौली राजीव द्विवेदी ने बताया कि पुलिस ने बस को कब्जे में लेने के साथ ही चालक को हिरासत में ले लिया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस हादसे के पीछे सबसे बड़ी वजह ट्रैफिक सिग्नल को अनदेखा करना माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार बस चालक ने बताया कि रोड पर ग्रीन सिग्नल था। जैसे ही उसने चौराहा पार किया, तभी हादसा हो गया।


**NAME CHANGE**

I, Aparnita D/o Mahendra Kumar Rao R/o House No.865, Gali No.7, Govind Puri, Kalka Ji, New Delhi-110019 have changed my name to Aparnita Rao for all future purposes

**NAME CHANGE**

I SONIA D/O ASHOK KUMAR H NO-A-12/18 PLOT NO-2 KH NO-99 SCHOOL MARG CHHAJUPUR BABARPUR 110032 HAVE CHANGED MY NAME TO SONIYA

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल अमीरुल्लाह पुत्र श्री लहीक अहमद वर्तमान निवासिगन हाउस नंबर M-21/8, प्रथम तल, बटला हाउस, जामिया नगर, ओखला, नई दिल्ली-110025 ने अपने बेटे तसलीम खान के दुर्व्यवहार तथा गलत आचरण से तंग आकर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है! भविष्य में इनके किसी भी कृत्य हेतु मेरे मुवक्किल जिम्मेदार नहीं होंगे ।

**S. ZEESHAN ALI ADVOCATE**
Chamber No. 184
Lowyer's Chamber Block
Patiala House Court
New Delhi-1100001

**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that our client Mrs. Karishma Gupta W/o Mr. Aakash Kumar Gupta purchasing Freehold Residential Plot No. C-183, area measuring 157.00 Sq. Meters, Situated at Suraj Mal Vihar, Delhi School Teachers C.H.B.S. Ltd., Delhi-92. from Mr. Tara Chand S/o Mr. Shri Chand., initially Mrs. Gorja Devi W/o Lt. Mr. Shri Chand was the absolute owner by virtue of Sale Deed dated 04.06.1997 which is duly registered in the office of SR-VIII, Delhi/New Delhi, as Doc No. 229, Vol No. 5, Pages. 35-43, Book No. 01, Dated 04.06.1997, thereafter Mrs. Gorja Devi W/o Lt. Mr. Shree Chand died on 11.05.2019., our client is declaring that any other Person does not have any right over the said property, which is to be financed by ICICI Home Finance Co. Ltd. Branch: Faridabad Haryana. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as BHIM SINGH BHANDARI S/O FATEH SINGH BHANDARI R/O 316, B-3A, BLOCK, JANAK PURI, PO JANAK PURI B-1, DIST WEST DELHI, DELHI-110058, have changed my name and shall hereafter be known as BHIM SINGH.

**PUBLIC NOTICE**

I, Mrs. RANJANA DEVI, and Mr. KISHAN LAL, husband of Mrs. RANJANA DEVI with Ms. RENU & Mr. ABHISHEK KUMAR, the daughter and son of Mrs. RANJANA DEVI, all permanent residents of 2323/2B 2ND FLOOR, HIND CHOWK, SHADI KHAMPUR VILLAGE, PATEL NAGAR, CENTRAL DELHI - 110008, do hereby solemnly declare and give notice to the general public through this publication that, we have decided to sever all our relations with our son, Mr. ANURAG, forthwith and from today onwards, we have completely disowned him, from our family members properties (movable and immovable), our family members shall not be held responsible or liable for any acts, deeds, dealings, litigation procedures and financial transactions carried out by him in future.

**SANKALP JURIS (Law Firm)**
Chamber No.-549, Lawyers Chamber Block, District Court
Dwarka Sector-10,
New Delhi-110075

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that Muthoot Homefin (India) Ltd., having its branch office at Sonipat, Haryana, intends to extend a financial facility to Mr. Deepak against the security of Plot No. 527/5, admeasuring 62.77 Sq. Yds. (Property ID No. 1JMMJ42), situated at Waka Abadi Sonipat, Mohalla Khatiyan, near Mohalla Bhatan, under Lal Dora, Sonipat, Haryana.
The Said Property is owned by Mrs. Santosh by virtue of a Sale Deed duly registered as Document No. 13603, in Additional Book No. I, Volume No. 855/11646, on Pages 74/4-6, dated 13.02.2014. executed by Mr. Surender.
Accordingly, any person(s), individual(s), or entity (ies) having any claim, right, title, interest, lien, or objection whatsoever in respect of the aforementioned property or against the proposed mortgage in favour of PNB Housing Finance Ltd., are hereby called upon to submit their claims/objections in writing, along with supporting documents, to the undersigned within seven (7) days from the date of publication of this notice. Claims or objections, if any, may be submitted to **Adv. Rishi Maheshwari (Mobile No.:- +91-9340118309).** In the absence of any response within the stipulated time period, it shall be presumed that there are no claims, objections, or encumbrances pertaining to the said property, and the proposed transaction shall proceed accordingly without any further reference or demur.

**Rishi Maheshwari (Advocate)**
RZ-29, Upper Ground Floor, Bhagwati Garden Jain Road Near Dwarka More New Delhi 110059
Contact No - 09340118309

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, MANOJ S/o OM PARKASH, R/o 71, Budh Mandir Wali Gali, Azadpur, Dist. North West Delhi, Delhi-110033, declare that name of mine and my wife have been wrongly written as MANOJ KUMAR and URMILA RANI in my minor daughter namely DEEPALI aged 12 years in her School Records. The actual name of mine and my wife are MANOJ and URMIL RANI respectively.

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि श्री योगेश मीणा / श्रीमती सरोज मीणा, श्रीमती पूनम भारद्वाज से प्रथम मंजिल, सामने की ओर, बाएँ हाथ की ओर स्थित भाग (छत के अधिकार के बिना), क्षेत्रफल लगभग 60 वर्ग गज, जो संपत्ति संख्या क्रं- II-330, नया नंबर A-65-B, कुल क्षेत्रफल 238.9 वर्ग गज, खसरा नंबर 56/9/1 से संबंधित है, जो आबादी क्षेत्र राज नगर-II, गली नंबर 11, ब्लॉक- II, पालम कॉलोनी, गांव पालम, दिल्ली राज्य, नई दिल्ली में स्थित है को क्रय करने का इरादा रखते हैं । इस संपत्ति के मूल स्वामी श्री नारायण सिंह, पुत्र श्री छोटू राम थे, जैसा कि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उन्होंने उक्त संपत्ति को दिनांक 12.07.1985 को नोटरीकृत सामान्य पावर ऑफ अटॉर्नी (GPA), नोटरीकृत एग्रीमेंट टू सेल (ATS) और वसीयत के माध्यम से श्री बिशम्बर दयाल गुप्ता को स्थानांतरित किया। श्री बिशम्बर दयाल गुप्ता ने दिनांक 11.02.2010 को एक वसीयत के माध्यम से सम्पूर्ण संपत्ति को चार हिस्सों में विभाजित करते हुए श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता, श्रीमती नीरंजना गुप्ता, श्री नरेंद्र कुमार गुप्ता और श्री पंकज गुप्ता के पक्ष में वसीयत बनाई। दुर्भाग्यवश, श्री बिशम्बर दयाल गुप्ता का निधन 27.07.2016 को हो गया। इसके पश्चात, वसीयतधारी श्री नरेंद्र कुमार गुप्ता ने दिनांक 05.02.2024 को नोटरीकृत GPA, ATS और वसीयत के माध्यम से संपत्ति का एक भाग श्रीमती पूनम भारद्वाज को हस्तांतरित किया। इसी प्रकार, श्रीमती नीरंजना गुप्ता ने संपत्ति का एक अन्य भाग श्री जितेन्द्र भारद्वाज को नोटरीकृत GPA, ATS और वसीयत दिनांक 05.02.2024 के माध्यम से हस्तांतरित किया। तत्पश्चात, श्रीमती पूनम भारद्वाज ने अपनी हिस्सेदारी श्री जितेन्द्र भारद्वाज को दिनांक 15.05.2025 को नोटरीकृत GPA, ATS और वसीयत के माध्यम से हस्तांतरित कर दी। अंततः, श्री जितेन्द्र भारद्वाज ने संपत्ति को श्रीमती पूनम भारद्वाज के नाम दिनांक 04.06.2025 को विक्रय पत्र (Sale Deed) के माध्यम से पुनः विक्रय कर दिया। इस प्रकार, श्रीमती पूनम भारद्वाज उपरोक्त संपत्ति की पूर्ण और विधिक स्वामिनी हैं। कृपया ध्यान दें कि उक्त संपत्ति वर्तमान में बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, गाजियाबाद शाखा, उत्तर प्रदेश से वित्तपोषित (फाइनेंस) किए जाने का प्रस्ताव है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, DEVALE PANDHARINATH SHANKAR S/O SHANKAR BHIMA DEVALE R/O VPO-VADAGAON, TEH-KAGAL, DIST-KOLHAPUR (MAHARASHTRA)-416218, declare that name of mine and my minor son has been wrongly written as DEVALE PANDHARI NATH and RAJVARDHAN P DEVALE in my son RAJVARDHAN PANDHARINATH DEVALE Aged 1 4 Years in his school record. The actual name of mine and my son are DEVALE PANDHARINATH SHANKAR and RAJVARDHAN PANDHARINATH DEVALE respectively which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, NARESH KUMAR YADAV S/O HIRA LAL YADAV R/o House No.205, Sector-5, Part-6, Gurgaon, Haryana-122001 declare that name of mine and my father has been wrongly written as NARESH KUMAR and HIRA LAL in my Service Records. The actual name of mine and my father are NARESH KUMAR YADAV and HIRA LAL YADAV

**NAME CHANGE**

I, Sakshi Madan D/O Suresh Madan W/O Devendra Singh R/O B601 Express Zenith, Sec 77 Noida Gautam Buddha Nagar UP 201301 Have changed my name to Sakshi Madaan for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, AKANKSHA D/o Ram Sharma R/o C17B, 3rd Floor, Gali No.2, Hardev Nagar, Jharoda Mazra, Burari, Delhi-110084 have changed my name to AKANSHA permanently

**NAME CHANGE**

I, LAXMAN Father of No-2620457M Rank-SEP Name- PANDURANG L SIDDANNAVAR Presently residing at SIDDANNAVAR STREET MADAMAGERI, TEH-SAUNDATTI, DIST-BELGAUM, KARNATAKA-591129, have changed my name from LAXMAN to LAXMAPPA HONNAPPA SHIDDANNAVAR for all future purposes vide Affidavit dated 17/10/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I GOLDY D/O DINESH KUMAR R/O H NO 1/3676 LONI ROAD NEAR POST OFFICE RAM NAGAR EXTN SHAHDARA DELHI-110032, have changed my name to GOLDY SINGH for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, SONIA BAJAJ W/o Naveen Ahuja R/o F-112, Sudershan Park Kirti Nagar, Delhi-110015, have changed my name to SONIA permanently

**NAME CHANGE**

I, Kauser W/o Mohd Shameem R/o 1883, Mohalla Qabrastan, Turkman Gate, Delhi-110006 have changed my name to Kausar.

**NAME CHANGE**

I, Rakesh Ram S/o Sh. Bhaso Ram, R/o House 53/3, E2 Block, Pradhan Enclave, Near Bala Ji Properties, Burari, North Delhi-110084 have changed my name from RAKESH PRASAD to RAKESH RAM and henceforth I shall be known as RAKESH RAM for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I BABBU RANI D/O ABDUL HAKIM H NO-A 556 J J COLONY PHASE NO-2 DELHI-110041 HAVE CHANGED MY NAME TO BABBO RANI

**NAME CHANGE**

I, PRAMILA DARJEE is a legally wife of No. JC-582882Y Rank SUB Name AMRIT DARJEE presently is residing at VILL- ALAICHIKHOP CHHOTA BHALUKHOP, PO-KALIMPONG, TEH- KALIMPONG, DIST- KALIMPONG, (WB) PIN-734301 Have Changed My Name from PRAMILA DARJEE TO PRAMILA PARIYAR DARJEE Vide Affidavit No. IN-DL76422853597888X Dated 17/10/2025 before Notary Public New Delhi.

**NAME CHANGE**

It is for General information that I, SAJJAN SINGH, S/O GANESHI LAL, R/O RZ-360, Durga Vihar Ph-1 Najafgarh, Dindar Pur South West Delhi, Delhi-110043, Declare that Name of My wife has been wrongly written as SAROJ YADAV in My PPO No- 248199901126. The actual Name of My wife is SAROJ KUMARI which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

Notice to public at large that my client Sh. Sanjay S/o Sh. Suraj Bhan R/o Flat No.08, MCD Market, Ashok Nagar, New Delhi has severed his relations and debarred his son Sumit and his wife Bhawna from all his movable/immovable properties and he has no concerned with them as they are not under control of my client. If anybody deals with them which is at their own risk & responsibility.

**AMIT GABA ADVOCATE**
Ch.No.T-7, Tis Hazari Court, Delhi

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, HARINDER PAL S/O UMA DATT R/O H.NO- 47D, Sec-04, Pushp Vihar, Saket, New Delhi -110017, declare that name of my minor son has been wrongly written as DIVYANSH PAL in my minor son namely DIVYANSH AGGARWAL aged 13 years in his school records. The actual name of my minor son is DIVYANSH AGGARWAL, which may be amended accordingly.

**Lost & Found**

I, Jayant Kumar Kharbanda, S/o Sh. S.P. Kharbanda, have Lost My Original Registered Sale Deed of Flat No-193, Ground Floor, Pocket-2, Sector-19, Dwarka, New Delhi-110075, Vide Regd. No-4514, Book No-1, Vol. No.1037, Pages 162-167, Registered on 09/07/2003 with Sub-Registrar-IX, New Delhi. Finder Contact: 9015733741



**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# जींद के जुलाना में एएसआई संदीप लाठर का पूरे सम्मान से अंतिम संस्कार

एजेंसी

**जींद।** हरियाणा पुलिस के साइबर सेल एएसआई संदीप लाठर का पैतृक गांव जुलाना में पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे विहान ने मुखाग्नि दी। राज्य सरकार, पुलिस प्रशासन और राजनीतिक नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। गांव में भारी संख्या में लोग जुटे और संदीप लाठर अमर रहें के नारों के साथ वीर सपूत को विदाई दी।अंतिम संस्कार में राज्य के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा, कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी, डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, सफीदों विधायक रामकुमार गौतम, जुलाना विधायक विनेश फोगाट, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, योगेश बैरागी, बीजेपी जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, अजय चौटाला, रामपाल माजरा, अमरजीत ढांडा, प्रशासन की ओर से डीजीपी ओपी सिंह, एडीजीपी केके राव, आईजी सिमरदीप सिंह, डीसी मोहम्मद इमरान रजा, जींद एसपी कुलदीप सिंह, रोहतक एसपी सुरेंद्र भोरिया, जींद एएसपी सोनाक्षी सिंह, जुलाना एसडीएम होशियार सिंह आदि ने एएसआई स्वर्गीय संदीप लाठर को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। अंतिम संस्कार के समय गांव जुलाना में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षा मंत्री ने जनता दरबार में सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

**पानीपत।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने जिला भाजपा कार्यालय में नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को तुरंत आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। यह जनता दरबार, जो मंत्री ढांडा पिछले 11 वर्षों से हर आयोजित कर रहे हैं, आज के दरबार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पुलिस और सफाई जैसे विभिन्न मुद्दों को मंत्री के सामने रखा। मंत्री ढांडा ने प्रत्येक व्यक्ति की बात गंभीरता से सुनी और अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। जिन मामलों में तुरंत समाधान संभव नहीं है, उनके लिए समयसीमा तय कर समाधान की प्रगति से आवेदकों को अवगत कराने को कहा गया। उन्होंने कहा कि जनता से संवाद और समस्या का समाधान ही उनके कार्य का मूल उद्देश्य है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि वे संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनता दरबार के इस प्रयास से हजारों लोगों को राहत मिली है और यह मंच अब न केवल पानीपत बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए भी आशा का केंद्र बन गया है। इससे प्रशासनिक जवाबदेही भी बढ़ी है।

## खेत में पराली जलाने पर किसान के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव कुराना के रहने वाले किसान रणधीर सिंह के खिलाफ पराली जलाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। कृषि विभाग इसराना की शिकायत पर उरलाना कलां चौकी में यह कार्रवाई की गई है। कृषि विभाग के अधिकारी शमशेर सिंह ने बुधवार को रणधीर सिंह को लगभग दो एकड़ जमीन पर पराली जलाते हुए मौके पर पकड़ा था। बीएओ शमशेर सिंह की शिकायत पर अधिनियम 1981 और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिला आयुक्त के आदेशानुसार धारा 163 के तहत उरलाना कलां चौकी में यह कार्रवाई की गई। दोषी पाए गए रणधीर सिंह के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। कृषि निदेशक आत्माराम गोदारा ने जिले के सभी किसानों से पराली न जलाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण होता है और जन स्वास्थ्य तथा मिट्टी की गुणवत्ता पर गंभीर प्रभाव पड़ता है, जो एक कानूनी अपराध है। उन्होंने किसानों से पराली प्रबंधन के लिए विभाग द्वारा सुझाए गए हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, रोटावेटर जैसे वैकल्पिक यंत्रों का उपयोग करने का अनुरोध किया।

## जिले में 76,072 मीट्रिक टन धान की खरीद

**सिरसा।** सिरसा जिले की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 76,072 मीट्रिक टन (एमटी) धान की खरीद की जा चुकी है। कुल आवक में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 33039 एमटी, हैफेड द्वारा 38094 एमटी तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन द्वारा 4909 एमटी खरीदी की गई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया एवं उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि जिले की बड़ागुढ़ा मंडी में 992 एमटी, डबवाली मंडी में 9152 एमटी, कालांवाली मंडी में 22623 एमटी, फग्गू मंडी में 1672 एमटी, रानियां मंडी में 4344 एमटी, रोड़ी में 4226 एमटी, सिरसा मंडी में 9679 एमटी, सुरतिया मंडी में 2034 एमटी, ओढां में 2825 एमटी धान की खरीद दर्ज की गई। साथ ही जिला की अन्य मंडियों में भी धान की आवक जारी है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि धान को सुखाकर मंडी में लेकर आएं, ताकि जल्द खरीद की जा सके। धान की फसल की कटाई के बाद फसल के अवशेषों को आग न लगाएं, बल्कि इन अवशेषों से पशुओं के लिए चारा बनाएं और इसे जमीन में मिलाकर उपजाऊ शक्ति बढ़ाएं।



# सभी सरकारी अस्पताल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पताल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल के भवन आदि की मेन्टेन्स से लेकर सफाई व्यवस्था तक सभी कार्य दुरुस्त रखें। अधिकारी नियमित निरीक्षण करें , सफाई के मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जबकि बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में प्रदेश के लगभग एक दर्जन सरकारी अस्पतालों के मेन्टेन्स तथा सफाई व्यवस्था के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता ,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल , लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल , वित्त विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाइन , मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती तथा विवेक कालिया के अलावा स्वास्थ्य विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री ने सरकारी अस्पतालों में चल रहे भवन के मरम्मत , बिजली से संबंधित कार्य, अस्पताल के रिसेप्शन एवं वार्ड से लेकर जन सुविधाओं तक की साफ़ -सफाई एवं सौंदर्यकरण तथा परिसर को हरा भरा बनाने संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के सभी सरकारी अस्पताल एकदम से साफ और सुंदर हों , इस कार्य के लिए धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों में सफाई -कल्चर पर विशेष बल दें। जो अधिकारी या कर्मचारी स्वच्छता के मामले में लापरवाही बरतेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी जबकि उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए, इसका विशेष ख्याल रखा जाए।

# सफाई कर्मचारी समाज की नींव: प्रो गणेशी लाल

एजेंसी

**सिरसा।** उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज की नींव हैं। ये लोग हमारी दिवाली को रोशन करने के लिए अपनी दिवाली का त्याग करते हैं। हम अपने घरों की साफ-सफाई करके दीये जलाते हैं, लेकिन हमारे पूरे शहर को स्वच्छ रखने का जिम्मा केवल सफाई कर्मियों पर है। इनका सम्मान करना किसी पूजा से कम नहीं है। प्रधानमंत्री ने भी देश को स्वच्छ रखने के लिए इन्हें जो सम्मान दिया है, वह पूरे विश्व के लिए एक मिसाल है। पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल हारे का सहारा ट्रस्ट द्वारा सिरसा में सफाई कर्मचारियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना में हर व्यक्ति का सम्मान निहित है और सफाई कर्मचारी उसी भावना के प्रतीक हैं। हारे का सहारा ट्रस्ट के प्रधान मनीष सिंगला ने कहा कि दीपावली रोशनी का त्योहार है और इन कर्मचारियों के श्रम से ही हमारे शहर में यह रोशनी और स्वच्छता बनी रहती है। इनके योगदान को हम कभी नहीं भूल सकते। सिंगला ने सभी से अपील की कि वे इन कर्मचारियों के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना रखें, क्योंकि इनका कार्य अनमोल है। इस दौरान प्रो. गणेशीलाल ने कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर निजी सचिव हरपिंदर शर्मा, योगेश बिज़ारनिया, प्रशासनिक अधिकारी विजय गोयल, जयवीर सिंह, पवन कुमार, रवि कुमार, मनीष कुमार, साजन मेहता, अंकित कुमार, सन्नी कुमार, विनोद कुमार, राजेंद्र कुमार, अकबर, ओम प्रकाश, विनोद , रवि कुमार के अतिरिक्त पार्षद दीपक बंसल इत्यादि मौजूद थे।

# बहादुरगढ़ से आसौदा तक छह मेट्रो स्टेशन बनाने का प्रस्ताव, फिजिकल सर्वे शुरू

एजेंसी

**झज्जर।** बहादुरगढ़ के ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन से रोहतक की दिशा में आसौदा तक छह मेट्रो रेल स्टेशन बनाने के लिए काम शुरू हो गया है। अभी इस लाइन के निर्माण की अंतिम स्वीकृति नहीं मिलने के कारण अंतिम कार्य योजना तैयार नहीं हुई है। लेकिन विस्तार के लिए फिजिकल सर्वेक्षण शुरू हो गया है। यह सर्वे हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन करवा रही है। इस कार्य में तीन टीम लगी है संभावना है कि यह टीम टीम सप्ताह में अपनी रिपोर्ट एचएमआरटीसी को सौंप देंगी। यह सर्वे 'एमके इंजीनियर्स' कंपनी कर रही है।

यही कंपनी फिजिकल सर्वे के साथ-साथ डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी तैयार करेगी। डीपीआर तैयार करने में करीब छह महीने लगेंगे। अब तक प्रस्तावित परियोजना के अनुसार, बहादुरगढ़ में ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के बाद पहला स्टेशन सांखोल के साथ बराही मोड़ पर, दूसरा पारले बिस्कुट फैक्टरी के पास उद्योग विहार सेक्टर-16, तीसरा एचएसआईआईडीसी सेक्टर-17,



चौथा बहादुरगढ़ बाईपास के निकट जाखौदा, पांचवां एचपीसीएल प्लांट के पास और छठा यानी अंतिम मेट्रो स्टेशन केएमपी के निकट आसौदा मेट्रो स्टेशन होगा। एमके इंजीनियर से डीपीआर मिलने के बाद एचएमआरटीसी रिपोर्ट पर आवश्यक कार्य करेगी और अपनी तरफ से अंतिम रूप देकर राज्य सरकार को सौंप देगी रिपोर्ट तैयार होते ही सरकार की ओर से इस प्रोजेक्ट को मंजूरी देकर बजट जारी करने और टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी है। इसके बाद मेट्रो विस्तार कार्य को मैदान स्तर पर शुरू किया जाएगा। मेट्रो विस्तार के पूरा होने पर बहादुरगढ़ और आसौदा क्षेत्र के 15 से अधिक गांवों के करीब 50 हजार से ज्यादा लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। यह लाइन हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर और कुंडली-मानेसर पलवल एक्सप्रेस-वे से भी जुड़ जाएगी।

# आत्महत्या करने वाले एएसआई की पत्नी को नौकरी देगी सरकार: मनोहर लाल

एजेंसी

**रोहतक।** पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दोनों घटनाएं बड़ी दुखद हैं और दोनों को पूरा न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहली घटना पर कुछ राजनीति लोगों ने जातीय रंग घोलने का प्रयास किया, जोकि गलत है और उन्होंने कहा कि अब दूसरी घटना में भी बिरादरी का विषय न बनाएं और ना ही राजनीतिकरण होना चाहिए।

रोहतक में एएसआई संदीप द्वारा आत्महत्या किए जाने के बाद केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल पीजीआई रोहतक पहुंचे। मनोहर जब रोहतक पहुंचे तो संदीप का पोस्टमार्टम हो रहा था। मनोहर लाल ने यहीं पर परिजनों से बातचीत की। उन्होंने मृतक एएसआई की पत्नी को नौकरी देने और बच्चों की पढ़ाई का खर्च को लेकर भी बातचीत हुई है। गुरुवार सुबह करीब ग्यारह बजे पूर्व सीएम मनोहर लाल रोहतक पहुंचे और मृतक एएसआई संदीप लाठर के परिजनों से मुलाकात की। पूर्व सीएम ने उन्हें भरोसा दिलाया कि उनके साथ पूरा न्याय किया



जाएगा और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी व बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था की जाएगी। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि दोनों घटनाएं बेहद दुखद है और इन्हें राजनीति रंग नहीं देना चाहिए। एडीजीपी वाई पूरन के मामले को लेकर उन्होंने कहा कि कुछ राजनीति लोगों ने जातीय रंग घोलने का प्रयास किया, जोकि ठीक नहीं था। पूर्व सीएम ने कहा कि कानून के हिसाब से कारवाई होगी और दोनों पक्षों का पूरा न्याय दिया जाएगा।

# सरकारी कर्मचारी और पेंशनर्स को प्राइवेट आयुष अस्पतालों में भी दी जा रही है ईलाज की सुविधा : आरती सिंह राव

**कर्मचारियों की मांग पर प्रदेश सरकार ने कई प्राइवेट आयुष अस्पतालों को भी इम्पैनल्ड किया है।**

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार अपने कर्मचारियों/पेंशनभोगियों और उनके आश्रितों के ईलाज के लिए काफी सुविधाएं दे रही है। सरकारी अस्पतालों के अलावा कई प्राइवेट अस्पतालों को भी इम्पैनल्ड किया है ताकि वे अपनी सुविधा के अनुसार नजदीकी अस्पताल में ईलाज करवा सकें। कर्मचारियों की मांग पर प्रदेश सरकार ने कई प्राइवेट आयुष अस्पतालों को भी इम्पैनल्ड किया है। इस दिशा में कदम उठाते हुए विभाग ने दो और आयुष अस्पतालों को इम्पैनल्ड कर दिया है जिससे संख्या बढ़कर अब करीब एक दर्जन हो गई है।स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सरकार की ओर से झज्जर जिला में आयुष अस्पताल 'संस्कारम हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर' , खेड़ी तालुका , पटौदा तथा हिसार जिला के बरवाला में स्थित 'वेदामृता हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड' को इम्पैनल्ड किया है। हरियाणा के सरकारी कर्मचारी और पेंशनर्स तथा



उनके आश्रित अब इन प्राइवेट आयुष अस्पतालों में भी ईलाज करवा सकेंगे। सरकार द्वारा निर्धारित बीमारियों की जांच एवं ईलाज करवा कर इन अस्पतालों के मेडिकल बिल पास करवा सकेंगे। हरियाणा आयुष निदेशालय के प्रवक्ता ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इन इम्पैनल्ड प्राइवेट आयुष अस्पताल के स्तर पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। नोडल अधिकारी किसी भी शिकायत के मामले में आयुष विभाग से संपर्क करेगा। उन्होंने इम्पैनल्ड अस्पतालों की शर्तों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी अस्पतालों में किसी भी आपात स्थिति/आपदा/मरीजों की अधिकता की स्थिति में इम्पैनल्ड अस्पताल आवश्यकतानुसार अपनी एम्बुलेंस, आईसीयू, बर्न यूनिट, वार्ड बेड आदि साझा करने के लिए सहमत होंगे। उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी सभी वैधानिक नियमों/ दिशानिर्देशों/ अधिनियमों/ अधिसूचनाओं का इम्पैनल्ड प्राइवेट आयुष अस्पताल द्वारा पालन किया जाएगा। उपर्युक्त एनएबीएच मान्यता प्राप्त आयुर्वेदिक अस्पताल मान्यता प्रमाणपत्र की वैधता के अधीन तीन वर्षों की अवधि के लिए इम्पैनल्ड रहेगा। इसके बाद, अस्पताल को नए सिरे से आवेदन करना होगा।

# अनुशासनहीनता पर कांग्रेस अध्यक्ष ने महिला नेत्री को जारी किया नोटिस

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र ने अनुशासनहीनता पर कार्रवाई की है। चरखी दादरी से कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी डॉ.मनीषा सांगवान को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस दादरी में 13 अक्टूबर को हुए 'वोट चोर, गद्दी छोड़' कार्यक्रम के दौरान मचे भारी हंगामे के बाद जारी किया गया है, जिसमें पार्टी की छवि को गंभीर क्षति पहुंची। राव नरेंद्र के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद यह पहली कार्रवाई है। दादरी में हुए इस कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र और एआईसीसी सचिव जितेंद्र बघेल मौजूद थे। इस कार्यक्रम में मनीषा सांगवान के समर्थकों ने नारों और नोकझोंक से माहौल बिगाड़ दिया। पूरा कार्यक्रम अव्यवस्थित हो गया और कांग्रेस की एकजुटता की तस्वीर बिखर गई। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के असिस्टेंट ऑफिस सेक्रेटरी नीरज कुमार द्वारा हस्ताक्षरित बुधवार की रात जारी नोटिस में पार्टी ने साफ लिखा है कि दादरी कार्यक्रम के दौरान आपके समर्थकों ने अनुशासनहीनता की हद पार कर दी, जिससे पार्टी की साख पर बट्टा लगा। यह भी कहा गया है कि पूरे कार्यक्रम

> **राव नरेंद्र के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद यह पहली कार्रवाई है। दादरी में हुए इस कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र और एआईसीसी सचिव जितेंद्र बघेल मौजूद थे।**

का संदेश और प्रभाव जमीनी स्तर पर खत्म हो गया। मनीषा सांगवान से दस दिन के भीतर जवाब मांगा गया है कि आखिर उनके समर्थकों का ऐसा आचरण क्यों हुआ और इसके लिए जिम्मेदारी कौन लेगा।


# सफाई कर्मचारी समाज की नींव:प्रो गणेशी लाल

एजेंसी

**सिरसा।** उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज की नींव हैं। ये लोग हमारी दिवाली को रोशन करने के लिए अपनी दिवाली का त्याग करते हैं। हम अपने घरों की साफ-सफाई करके दीये जलाते हैं, लेकिन हमारे पूरे शहर को स्वच्छ रखने का जिम्मा केवल सफाई कर्मियों पर है। इनका सम्मान करना किसी पूजा से कम नहीं है। प्रधानमंत्री ने भी देश को स्वच्छ रखने के लिए इन्हें जो सम्मान दिया है, वह पूरे विश्व के लिए एक मिसाल है। पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल हारे का सहारा ट्रस्ट द्वारा सिरसा में सफाई कर्मचारियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।


उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना में हर व्यक्ति का सम्मान निहित है और सफाई कर्मचारी उसी भावना के प्रतीक हैं। हारे का सहारा ट्रस्ट के प्रधान मनीष सिंगला ने कहा कि दीपावली रोशनी का त्योहार है और इन कर्मचारियों के श्रम से ही हमारे शहर में यह रोशनी और स्वच्छता बनी रहती है। इनके योगदान को हम कभी नहीं भूल




सकते। सिंगला ने सभी से अपील की कि वे इन कर्मचारियों के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना रखें, क्योंकि इनका कार्य अनमोल है। इस दौरान प्रो. गणेशीलाल ने कर्मचारियों को सम्मानित भी किया।

इस मौके पर निजी सचिव हरपिंदर शर्मा, योगेश बिज़ारनिया, प्रशासनिक अधिकारी विजय गोयल, जयवीर सिंह, पवन कुमार, रवि कुमार, मनीष कुमार, साजन मेहता, अंकित कुमार, सन्नी कुमार, विनोद कुमार, राजेंद्र कुमार, अकबर, ओम प्रकाश, विनोद , रवि कुमार के अतिरिक्त पार्षद दीपक बंसल, पूर्व पार्षद कौशल्या वर्मा, दर्शना जांगड़ा, जेपिका तागड़ा, सुनीता, रेखा, नीलम, मुस्कान, राधिका, बलवंत शैली, आनंद रावत, गुरविंदर, जितेंद्र इत्यादि मौजूद थे।

# हरियाणा वासी मनाएं सुरक्षित दीपावली, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** दीपावली के त्योहार से पहले हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के सभी जिलों के सिविल सर्जनों को एक विशेष एडवाइजरी जारी की है। डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेज, हरियाणा, पंचकूला की ओर से जारी इस पत्र में कहा गया है कि दीवाली जैसे जीवंत और रोशनी के पर्व को सुरक्षित माहौल में मनाना सभी की जिम्मेदारी है। एडवाइजरी में स्पष्ट कहा गया है कि पटाखे जलाते समय लापरवाही और असावधानी गंभीर हादसों का कारण बन सकती है, इसलिए नागरिकों को जरूरी सावधानियां बरतनी चाहिए। विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे केवल लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से अच्छी गुणवत्ता वाले, अधिमानतः ग्रीन क्रैकर्स ही खरीदें। खरीदारी से पहले उनके पैकेजिंग पर सुरक्षा सर्टिफिकेट अवश्य जांचें और पटाखे फोड़ने से पहले निर्देशों को ध्यान से पढ़ें। खुले और सुरक्षित स्थानों पर पटाखे जलाने, पानी या फायर एक्सटिंग्विशर पास रखने, और ढीले या सिंथेटिक कपड़ों से परहेज करने की सलाह दी गई है। साथ ही बच्चों और पालतू जानवरों को पटाखों से दूर रखने पर भी जोर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने सुझाया है कि पटाखे खुले स्थानों पर ही फोड़ें, इमारतों के पास नहीं, बालों को बांध लें, ताकि आग लगने का खतरा न रहे। सभी से कहा है कि शोर प्रदूषण के नियमों का पालन करें। बच्चों को वयस्कों की देखरेख में ही पटाखे चलाने दें। कचरा या इस्तेमाल किए पटाखों का जिम्मेदारी से निस्तारण करें। चोट लगने पर ये फर्स्ट एड करें। अगर पटाखे से चोट लग जाए तो घबराने के बजाय तुरंत प्राथमिक उपचार करें । जलने पर ठंडे पानी से धोएं और एंटीबायोटिक ऑइंटमेंट लगाएं। कटने पर दबाव डालें, एंटीसेप्टिक से साफ करें। आंख में चोट लगने पर तुरंत पानी से धोकर डॉक्टर से सलाह लें। सुनने में दिक्कत होने पर चिकित्सकीय जांच कराएं। एडवाइजरी में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इन दिशा-निर्देशों को प्रभावी रूप से प्रसारित करें ताकि प्रदेश में सुरक्षित और आनंदमयी दीपावली मनाई जा सके। हालांकि पत्र के अंत में गलती से 'होली' शब्द का उल्लेख है, पर उद्देश्य साफ है - त्योहार चाहे कोई भी हो, सुरक्षा और स्वास्थ्य सर्वोपरि है।

# जेजेपी किसान प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन, 48 पदाधिकारी नियुक्त

एजेंसी

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन में विस्तार करते हुए किसान प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी रोशन ढांडा, प्रदेश अध्यक्ष नरेश द्वारका व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद किसान सेल में 48 पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की। ओम प्रकाश खरबला और दलबीर सिंह भराण को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया हैं। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर राम निवास मिर्च, प्रीतम कुकडोला, बलराज श्योकंद, बिजेंद्र अंतिल, ओमपाल चोबारला, राजेश कुमार सजुमा, हरकेश सुल्लर, प्रेम धनाना, विजेंद्र कादयान, राम प्रसाद शर्मा, राजवीर कालुवास और सज्जन कालीरामण होंगे।जेजेपी द्वारा किसान सेल में सुखमंदर सिहाग, सतीश राघव, भरत सिंह बेनीवाल, सुरेंद्र सिंह बेनीवाल, देवेंद्र बिगोवा, कृष्णपाल यादव, दिलबाग सिंह ठसका मीरा, राजबीर यादव, रविंद्र पटोदी, धर्मबीर फोगाट और दिलबाग सिंह जबाला को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश सचिव के पद पर अशोक कुमार जगाधरी, भीम सिंह बावल, उमेद सिंह असोदा, सुबे सिंह कुराड़, गुरमंगत सिंह, प्रवीण अंतिल, सतबीर मलिक रिशालु, जगदीप सिंह गोला और रमेश तंवर खारियावास को नियुक्त किया हैं। वहीं अशोक सिहाग कासनी, सतीश राठी महम, बुट्टा सिंह साहुवाला, प्रभु दयाल जाखड़, ओम सिंह डोभ, दीपक चौहान और कुलबीर चहल को प्रदेश संयुक्त सचिव बनाया गया हैं। हेमराज भाटी, सुभाष बेनीवाल शाहपुर, पालेराम आहुलाना और शमशेर नरवाल जेजेपी किसान प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य होंगे। इनके अलावा राजपाल डेविड प्रदेश प्रचार सचिव और जितेंद्र संधू व मुकेश सिहाग प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी संभालेंगे।

# ग्रुप-डी कर्मचारियों को मिलेगा लंबित वेतन, विभागों को निर्देश जारी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने कॉमन कैडर के तहत चयनित ग्रुप-डी कर्मचारियों के वेतन भुगतान को लेकर बड़ा आदेश जारी किया है। मानव संसाधन विभाग ने जारी सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि जिन कर्मचारियों ने 28 अगस्त, 2025 के पोस्टिंग ऑर्डर के अनुसार जॉइन किया है, उन्हें उनकी जॉइनिंग डेट से सैलरी दी जाए। विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एचएसएससी) की विज्ञापन संख्या 01/2023 के तहत चयनित उम्मीदवारों की सिफारिश 2 जुलाई, 2025 को की गई थी। इसके बाद 28 अगस्त, 2025 को कॉमन कैडर के तहत उनकी पोस्टिंग ऑर्डर जारी की गई थी। लेकिन कई विभागों में अभी तक उनका वेतन जारी नहीं किया गया था। पत्र में कहा गया है कि अब निर्णय लिया गया है कि जिन कर्मचारियों ने विभिन्न विभागों में जॉइनिंग कर ली है, उन्हें उनकी डेट ऑफ जॉइनिंग से ही पेंडिंग सैलरी दी जाए। संबंधित विभाग अपने-अपने स्तर पर भुगतान सुनिश्चित करें। विभाग ने सभी कार्यालयों को निर्देश दिया है कि संबंधित कर्मचारियों का विवरण हरियाणा कौशल रोजगार निगम पोर्टल पर दर्ज करें, क्योंकि ई-बिलिंग सिस्टम के माध्यम से सैलरी बिल वहीं से तैयार किए जाएंगे। पत्र में कहा गया है कि डेटा दर्ज करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही से वेतन वितरण प्रक्रिया प्रभावित होगी, इसलिए सभी विभाग समय पर जानकारी अपडेट करें। पत्र में एनपीएस (नई पेंशन स्कीम) को लेकर भी स्पष्ट किया गया है कि सरकारी आदेशों के अनुसार पीआरएएन के बिना अधिकतम दो माह की सैलरी दी जा सकती है। उसके बाद पीआरएएन नंबर अनिवार्य होगा। इसका अर्थ यह है कि नई नियुक्तियों में पहले दो माह का वेतन जारी करने में किसी प्रकार की रुकावट नहीं होगी, लेकिन तीसरे माह से पहले हर कर्मचारी का पीआरएएन नंबर सक्रिय होना चाहिए।

# वारी एनर्जीज का मुनाफा दोगुना से भी ज्यादा

## शेयरधारकों को मिलेगा पहला डिविडेंड

**मुंबई**

सोलर इंडस्ट्री की प्रमुख कंपनी वारी एनर्जीज ने सितंबर तिमाही के नतीजे घोषित किए हैं, जो बेहद प्रभावित करने वाले हैं। इस तिमाही में कंपनी ने 843 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया, जो पिछले साल की इसी तिमाही के 362 करोड़ रुपये से 133 प्रतिशत अधिक है। कुल कमाई भी 6,066 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल के मुकाबले 69.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाती है। कंपनी का ऑपरेटिंग इनकम (ऐ बिटिडा)भी दोगुना से अधिक बढ़कर 1,406 करोड़ रुपये हो गया है। ऐ बिटिडा मार्जिन 14.7 फीसदी से बढ़कर 23.2 फीसदी हो गया, जो कंपनी की बेहतर प्रबंधन क्षमता और मजबूत वित्तीय स्थिति को दर्शाता है।

वारी एनर्जीज ने अपने लिस्टिंग के बाद पहली बार शेयरधारकों को डिविडेंड देने का फैसला किया है। कंपनी ने हर 10 रुपये के शेयर पर 2 रुपये का अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है, जो निवेशकों के लिए एक बड़ा उपहार माना जा रहा है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी के अनुसार, कंपनी की ऑर्डर बुक मजबूत है और उत्पादन क्षमता भारत में 16.1 गीगावाट तथा अमेरिका में 2.6 गीगावाट हो गई है।

अमेरिका में मेयेर बर्गर एसेट्स खरीदने के बाद कंपनी का विस्तार हुआ है।

वारी एनर्जीज बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम, ग्रीन हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइज़र, इन्वर्टर, ट्रांसफॉर्मर और स्मार्ट मीटर जैसे क्षेत्रों में लगभग 8,175 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।




वारी एनर्जीज के शेयर गुरुवार को 3.17 फीसदी बढ़कर 3,630 रुपये पर बंद हुए। पिछले छह महीनों में शेयरों ने 62.81 फीसदी और पिछले एक साल में 55.20 फीसदी का शानदार रिटर्न दिया है। कंपनी का मार्केट कैप 1.04 लाख करोड़ रुपये है, जो उसकी मजबूत स्थिति को दर्शाता है। वास्तव में, वारी एनर्जीज ने सोलर इंडस्ट्री में अपनी मजबूत पकड़ और भविष्य के लिए ठोस योजनाओं के साथ निवेशकों का विश्वास जीत लिया है।

# 100के एच-1बी वीजा फीस 'गैरकानूनी'!

**अमेरिकी कंपनियों ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ किया केस**

**नई दिल्ली**

अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स ने डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन की ओर से नए एच-2बी वीजा आवेदकों पर 100,000 डॉलर (करीब 83 लाख रुपए) की फीस लगाने के फैसले के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। चैंबर ने इस कदम को अनुचित÷ और कानूनी बताया है। एक रिपोर्ट के अनुसार चैंबर ने वाशिंगटन की एक संघीय अदालत में मामला दर्ज किया, जिसमें अदालत से इस आदेश को रोकने और यह घोषित करने की मांग की गई कि ट्रंप ने अपने कार्यकारी अधिकारों का अतिक्रमण किया है। यह शुल्क एक महीने पहले घोषित किया गया था और व्हाइट हाउस ने इसे अमेरिकी वर्कर्स के स्थान पर सस्ते विदेशी टैलेंट को भर्ती करने वाली कंपनियों के खिलाफ कदम बताया था। बाद में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह शुल्क केवल नए आवेदकों पर लागू होगा, मौजूदा वीजाधारकों पर नहीं, और छूट के लिए आवेदन फॉर्म भी उपलब्ध कराया गया है। ह मुकदमा ट्रंप प्रशासन के खिलाफ चैंबर की पहली कानूनी कार्रवाई है। 30,000 से ज्यादा बिजनेस का प्रतिनिधित्व करने वाला चैंबर कहता है कि यह शुल्क अमेरिकी इमीग्रेशन कानूनों का उल्लंघन करता है, जिनमें वीजा फीस को केवल वास्तविक प्रोसेसिंग लागत के आधार पर तय करने का प्रावधान है। मुकदमे में होमलैंड सिक्योरिटी विभाग और विदेश मंत्रालय को प्रतिवादी बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति के पास अमेरिका में गैर-नागरिकों के प्रवेश को नियंत्रित करने का व्यापक अधिकार है, लेकिन वह अधिकार कानूनों से सीमित है और कांग्रेस द्वारा पारित कानूनों का विरोध नहीं कर सकता।

पहले एच-1बी वीजा आवेदन की लागत लगभग 3,600 डॉलर तक थी। चैंबर का कहना है कि इतनी भारी फीस से कंपनियों को स्किल्ड वर्कर्स की भर्ती खासकर टेक और कंसल्टिंग क्षेत्रों में घटानी पड़ सकती है।

# जीएसटी सुधार से नगालैंड के हैंडलूम, कॉफी और पर्यटन उद्योग को मिलेगा लाभ

**कोहिमा**

केंद्र सरकार द्वारा घोषित नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारों से नगालैंड की स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद है। हैंडलूम, बांस-बेंत उत्पाद, कॉफी और पर्यटन क्षेत्र पर कर दरों में कमी से न केवल उत्पाद सस्ते होंगे, बल्कि हजारों लोगों की आय और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। सरकार ने इन क्षेत्रों पर जीएसटी दरें 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी हैं। इससे लगभग 44,000 महिला बुनकरों, 13,000 बांस एवं बेंत कारीगरों, 2,200 कॉफी उत्पादकों और सैकड़ों होटल कारोबारियों को सीधा फायदा पहुंचेगा। नगालैंड के पारंपरिक हैंडलूम उत्पादों में चकहेसांग शॉल को जीआई टैग प्राप्त है, जो कोहिमा, फेक और दीमापुर क्षेत्रों में प्रमुखता से बनाया जाता है। इस क्षेत्र में लगभग 44,000 लोग कार्यरत हैं, जिनमें अधिकांश महिलाएं हैं। अब जीएसटी घटने से 2,500 रुपये तक के वस्त्र लगभग 6.25प्रतिशत सस्ते हो जाएंगे। इससे नगालैंड के हैंडलूम उत्पादों की देश और विदेश में मांग बढ़ने की उम्मीद है। इन वस्त्रों का निर्यात अमेरिका, यूरोप, यूएई, स्वीडन और कनाडा जैसे देशों में होता है। पर्यटन उद्योग को नई ऊर्जा नगालैंड का पर्यटन उद्योग कोहिमा, दीमापुर और किसामा जैसे क्षेत्रों में केंद्रित है, जहां प्रसिद्ध हॉर्नबिल फेस्टिवल हर साल हजारों पर्यटकों को आकर्षित करता है। अब होटल सेवाओं पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किए जाने से 7,500 रुपये तक के कमरे लगभग 6.25प्रतिशत सस्ते होंगे। इससे राज्य में घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नया प्रोत्साहन मिलेगा। बांस और बेंत उद्योग में बढ़ेगा व्यापार नगालैंड का बांस एवं बेंत उद्योग सोवीमा (चुमौकेदिमा) और दीमापुर में केंद्रित है, जहां लगभग 13,000 लोग कार्यरत हैं। नगालैंड बांस विकास एजेंसी (एनबीडीए) इस क्षेत्र को 2004 से प्रोत्साहित कर रही है। अब फर्नीचर और हैंडीक्राफ्ट पर जीएसटी घटने से इन उत्पादों की कीमतों में लगभग 6 प्रतिशत की कमी आएगी, जिससे बाजार में मांग बढ़ेगी और कारीगरों की आमदनी में इजाफा होगा। कॉफी उद्योग को वैश्विक पहचान नगालैंड की कॉफी मुख्य रूप से मोकोकचुंग, वखा, मोन, जुन्हेबोटो और तुएनसांग जिलों में उत्पादित होती हैं।

# धनतेरस से पहले सोना 1.30 के लाख पार, चांदी भी नई ऊंचाई पर

**नई दिल्ली**

सोने-चांदी के वायदा कारोबार में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। घरेलू बाजार में लगातार पांचवें दिन शुक्रवार को सोने के वायदा भाव ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। चांदी ने भी सर्वोच्च स्तर छू लिया। इस समय घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,31,600 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,69,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव रिकॉर्ड तेजी पर कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत शुक्रवार को तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 1,174 रुपये की तेजी के साथ 1,31,026 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,29,852 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रेक्ट 1,778 रुपये की तेजी के साथ 1,31,630 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,31,699 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,31,026 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने आज 1,31,699 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 437 रुपये की तेजी के साथ 1,68,100 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,67,663 रुपये था। इस समय यह 1,434 रुपये की तेजी के साथ 1,69,097 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,69,200 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,67,006 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने 1,69,200 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार को सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत तेज रही और दोनों के भाव ऑल टाइम पर पहुंच गए। कॉमेक्स पर सोना 4,348.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 4,304.60 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 52.60 डॉलर की तेजी के साथ 4,357.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के भाव ने 4,392 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 53.42 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 53.29 डॉलर था। इस समय यह 0.05 डॉलर की तेजी के साथ 53.34 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। इसके भाव 53.76 डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गए।

# अमेरिका से ऊर्जा आयात बढ़ाने की भारत की योजना

## लंबी शिपमेंट अवधि और लागत चुनौती, एलएनजी व एलपीजी में संभावनाएं अधिक

**नई दिल्ली**

भारत की अमेरिका से कच्चे तेल और ऊर्जा आयात बढ़ाने की महत्वाकांक्षा मुख्यतः आर्थिक और रणनीतिक कारणों पर आधारित है। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका से कच्चे तेल का आयात लॉजिस्टिक दृष्टि से महंगा है क्योंकि वहां से तेल पहुंचने में 45-50 दिन लगते हैं, जबकि पश्चिम एशिया से यह केवल 7-8 दिन में और रूस से 30-45 दिन में पहुंचता है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच वर्तमान में 12-13 अरब डॉलर का ऊर्जा व्यापार होता है और इसे समान स्तर तक और बढ़ाया जा सकता है। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के अनुसार वह अपने कुल तेल आयात का 10-15 फीसदी अमेरिका से करता है, जिसे कीमतें अनुकूल होने पर बढ़ाया जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि एलएनजी और एलपीजी के आयात से भारत को ज्यादा लाभ हो सकता है।

केप्लर के एक विश्लेषक के अनुसार, अमेरिका से कच्चे तेल की तुलना में एलएनजी या एलपीजी का आयात अधिक फायदेमंद रहेगा। भारतीय रिफाइनरियों ने उच्च सल्फर वाले अमेरिकी कच्चे तेल को प्रोसेस करने की क्षमता विकसित की है, लेकिन अमेरिका से आयात की सीमा 400-500 हजार बैरल प्रतिदिन तक ही सीमित है।



फिलहाल भारत 40 देशों से तेल आयात करता है और वित्त वर्ष 2025 में अमेरिका से केवल 4 फीसदी आयात हुआ।

इस रणनीति से भारत न केवल ऊर्जा स्रोतों में विविधता ला सकता है, बल्कि व्यापार घाटा भी कम कर सकता है।

# सेबी जिंस बाजारों में बढ़ाएगा संस्थागत भागीदारी

**नई दिल्ली** सेबी के एक प्रमुख अे धिकारी ने कहा कि बाजार नियामक कृषि और गैर-कृषि जिंस बाजारों में संस्थागत भागीदारी बढ़ाने पर विचार कर रहा है ताकि उन्हें जोखिम प्रबंधन उपायों के लिए और अधिक आकर्षक बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि भारत के कृषि और गैर-कृषि जिंस बाजारों को मजबूत करना सेबी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम इस बाजार को हेजिंग (जोखिम प्रबंधन उपाय) के लिए और अधिक आकर्षक बनाने को लेकर संस्थागत भागीदारी बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रमुख अे धिकारी ने यह भी कहा कि हमारे नकद इक्विटी बाजार को व्यापक बनाने और वायदा बाजार में सुधार करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने पिछले महीने कहा था कि सेबी बैंकों, बीमा कंपनियों और पेंशन कोषों को गैर-कृषि जिंस वायदा बाजारों में निवेश करने की अनुमति देने के लिए सरकार के साथ बातचीत करेगा। उन्होंने कहा था कि पूंजी बाजार नियामक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को गैर-नकद निपटान वाले, गैर-कृषि जिंस वायदा एवं विकल्प अनुबंधों में व्यापार करने की अनुमति देने के प्रस्ताव पर भी विचार कर रहा है।


# भारतीय डाक 24 घंटे, 48 घंटे में 'डिलीवरी' की नई सेवाएं करेगा पेश

**नई दिल्ली** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि हम डाक और पार्सल की डिलीवरी की गारंटी के साथ नई सेवाएं पेश करने जा रहे हैं। 24 घंटे की स्पीड पोस्ट सेवा होगी जो 24 घंटे के भीतर डाक की डिलीवरी सुनिश्चित करेगी। इसी तरह 48 घंटे के भीतर डिलीवरी के लिए 48 घंटे की स्पीड पोस्ट सेवा होगी। उन्होंने कहा कि ये सेवाएं जनवरी में शुरू की जाएंगी। मंत्री ने कहा कि पार्सल की अगले दिन डिलीवरी के लिए भी ऐसी ही सेवाएं होंगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि पार्सल अगले दिन डिलीवर हो जाए जबकि अभी इसमें तीन से पांच दिन लगते हैं। सिंधिया ने कहा कि सरकार का लक्ष्य 2029 तक भारतीय डाक को लागत केंद्र से लाभ केंद्र में तब्दील करना है।




# एमईआईएल को कुवैत से मिली 22.5 करोड़ डॉलर की परियोजना

**हैदराबाद** मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) ने कुवैत ऑयल कंपनी (केओसी) से पश्चिमी कुवैत में नई गैस स्वीटनिंग और सल्फर रिकवरी सुविधा का डिजाइन, निर्माण, संचालन एवं रखरखाव करने का ठेका जीता है। इस परियोजना की कुल लागत 22.55 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। एमईआईएल के निदेशक पी. दोराया ने बताया कि यह परियोजना दो चरणों में पूरी होगी, कार्यान्वयन और संचालन एवं रखरखाव। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी कंपनी की विश्वस्तरीय ऊर्जा अवसंरचना प्रदान करने की प्रतिबद्धता और पर्यावरण सुरक्षा बढ़ाने के प्रयासों को दर्शाती है। यह परियोजना एमईआईएल के लिए रणनीतिक महत्व रखती है और कंपनी के अंतरराष्ट्रीय विस्तार में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इससे परिचालन दक्षता में भी वृद्धि होगी।



# दिवाली से पहले शेयर बाजार में उछाल

**मुकेश अंबानी और गौतम अडानी की संपत्ति में बंपर इजाफा**

**नई दिल्ली** दिवाली से पहले शेयर बाजार में आई जबरदस्त तेजी ने अरबपतियों की संपत्ति में बंपर बढ़ोत्तरी की है। बीएसई सेंसेक्स में जोरदार तेजी के बीच कुछ चुनिंदा बिलिनेयर्स की नेटवर्थ में भारी बढ़त देखने को मिली। इस बीच मुकेश अंबानी और गौतम अडानी की संपत्ति में अरबों डॉलर का इजाफा हुआ। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 1.69 प्रतिशत का उछाल आया, जिससे कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में करीब 1.81 अरब डॉलर यानी करीब 1,59,230 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के अनुसार, उनकी कुल संपत्ति अब 99.6 अरब डॉलर हो गई है। इस साल उनकी संपत्ति में कुल 9.02 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है और वह दुनिया के अमीरों की सूची में 18वें स्थान पर बने हुए हैं। वहीं अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की संपत्ति में गुरुवार को 1.22 अरब डॉलर की बढ़त दर्ज हुई। उनकी कुल नेटवर्थ अब 92.3 अरब डॉलर है। वह दुनिया में 20वें और एशिया में दूसरे नंबर पर हैं। इस साल उनकी संपत्ति में कुल 13.6 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। दुनिया के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले इस साल के बिलिनेयर में ओरेकल के फाउंडर लैरी एलिसन ने सबसे ऊपर का स्थान हासिल किया है। उनकी नेटवर्थ इस साल 180 अरब डॉलर बढ़ी है। दुनिया के टॉप 10 अमीर एलन मस्क की संपत्ति 448 अरब डॉलर, लैरी एलिसन की 372 अरब डॉलर, मार्क जुकरबर्ग की 251 अरब डॉलर, जेफ बेजोस की 238 अरब डॉलर, लैरी पेज की 220 अरब डॉलर, सर्गेई ब्रिन की 206 अरब डॉलर, बर्नार्ड अर्नॉल्ट की 194 अरब डॉलर, स्टीव बालमर की 176 अरब डॉलर, जेंसन हुआंग की 158 अरब डॉलर और माइकल डेल की संपत्ति बढ़कर 157 अरब डॉलर हो गई है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद


## सेंसेक्स 484 अंक, निफ्टी 124 बढ़ा

**मुंबई**

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी वैश्विक बाजारों से मिलेजुले रुख के बाद भी खरीदारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 484.53 अंक बढ़कर 83,952.19 पर और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 124.55 अंक ऊपर आकर 25,709.85 पर बंद हुआ।

कारोबारी सत्र के दौरान सेंसेक्स 84,099.53 और निफ्टी 25,781.50 के स्तर पर पहुंचा। ये 52 सप्ताह के बाद का शीर्ष स्तर रहा। बाजार में एफएमसीजी शेयरों से निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स 1.37 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी ऑटो 0.66 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.57 फीसदी, निफ्टी प्राइवेट बैंक 0.37 फीसदी ऊपर आया। वहीं निफ्टी आईटी 1.63 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक 0.65 फीसदी, निफ्टी मेटल 0.85 फीसदी और निफ्टी एनर्जी 0.21 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में एशियन पेंट्स, एमएंडएम, भारती एयरटेल, आईटीसी, एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, मारुति सुजुकी, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक और बीईएल के शेयर उछाल के साथ ही सबसे अधिक लाभ में रहे जबकि इन्फोसिस, एचसीएल टेक, इटरनल (जोमैटो), टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, पावर ग्रिड और एलएंडटी के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये।लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में गिरावट देखी गई। वहीं इससे पहले आज सुबह




बाजार की कमजोर शुरुआत रही। सेंसेक्स 100 से ज्यादा अंक गिरकर 83,331 पर खुलने के बाद 65.32 अंक की गिरावट लेकर 83,402.34 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी गिरावट लेकर 25,546 पर खुलकर 25,583 अंक पर लगभग सपाट कारोबार कर रहा था। वहीं एशियाई बाजारों में शुक्रवार को गिरावट देखने को मिली। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 1 फीसदी टूट गया। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.60 प्रतिशत फिसल गया जबकि और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.47 फीसदी गिरा।

अमेरिका में भी वॉल स्ट्रीट के प्रमुख इंडेक्स गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुए। क्षेत्रीय बैंकों में तनाव और अमेरिका-चीन व्यापार विवादों को लेकर चिंता के चलते निवेशकों ने मुनाफावसूली की। एसएंडपी 500 0.63 फीसदी टूटा, नेस्डेक 0.47 फीसदी नीचे बंद हुआ और डाउ जोंस 0.65 फीसदी गिरा।

# केनरा एचएसबीसी लाइफ का शेयर पांच फीसदी बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 106 रुपये से करीब पांच प्रतिशत की बढ़त के साथ शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई और एनएसई दोनों पर शेयर 106 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में बीएसई पर यह 4.62 प्रतिशत चढ़कर 110.90 रुपये पर और एनएसई पर 4.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 111 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 10,488 करोड़ रुपये था। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत बुधवार को 2.29 गुना अभिदान मिला था। कंपनी के 2,517 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 100-106 रुपये प्रति शेयर था। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, केनरा बैंक द्वारा प्रवर्तित एक संयुक्त उद्यम है। इसमें केनरा बैंक की 51 प्रतिशत और एचएसबीसी समूह की एचएसबीसी इंश्योरेंस (एशिया पैसिफिक) होल्डिंग्स की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# विप्रो को दूसरी तिमाही में 3,246 करोड़ का मुनाफा

## विप्रो ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही

**मुंबई**

देश की प्रमुख आईटी कंपनियों में से एक विप्रो ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के रिजल्ट की घोषणा कर दी है। दूसरी तिमाही में कंपनी ने 3,246.2 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया, जो पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले एक फीसदी ज्यादा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 3,208.8 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। वहीं, इस तिमाही कंपनी की परिचालन आय यानी ऑपरेशनल रेवेन्यू 2 फीसदी बढ़कर 22,697.3 करोड़ रुपये रही। हालांकि, खर्चों में भी 2 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई और यह 19,377.8 करोड़ रुपये रहा। विप्रो के आईटी सेगमेंट ने इस तिमाही में शानदार प्रदर्शन किया। आईटी कारोबार से रेवेन्यू 2 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 22,753 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल 22,262 करोड़ रुपये था।

आईटी सर्विसेज का रेवेन्यू भी 2 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 22,640 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, एक ग्राहक के दिवालिया होने की वजह से कंपनी को 116.5 करोड़ रुपये (13.1 मिलियन डॉलर) का नुकसान झेलना पड़ा, जिससे IT सर्विसेज का ऑपरेटिंग मार्जिन 16.7 फीसदी रहा। अगर इसे हटा दे तो मार्जिन 17.2 फीसदी था, जो सालाना आधार पर 0.4 फीसदी की बढ़त और तिमाही आधार पर 0.1 फीसदी की कमी को दर्शाता है।




कंपनी की प्रति शेयर आय 3.1 रुपये (0.03 डॉलर) रही, जो सालाना आधार पर 1 फीसदी ज्यादा है, लेकिन तिमाही आधार पर 2.5 फीसदी कम हुई। ऑपरेटिंग कैश फ्लो 3,390 करोड़ रुपये (381.5 मिलियन डॉलर) रहा, जो तिमाही आधार पर 17.6 फीसदी और सालाना आधार पर 20.7 फीसदी कम है। फिर भी, यह शुद्ध मुनाफे का 103.8 फीसदी रहा, जो कंपनी की मजबूत वित्तीय स्थिति को दर्शाता है।

# अब ऑनलाइन सामान भी बेचेगा चेटजीपीटी


**चैटजीपीटी की पैरेंट कंपनी ओपनएआई और वालमार्ट के बीच हुआ सौदा**

**नई दिल्ली** अभी तक तो चैटजीपीटी आपके सारे काम कर ही देता था। अब इस प्लेटफॉर्म पर एक और सुविधा मिलने वाली है। यह सुविधा ऑनलाइन शॉपिंग की है। दरअसल, चैटजीपीटी की पैरेंट कंपनी ओपनएआई और फ्लिपकार्ट को चलाने वाली वालमार्ट के बीच डील हुई है। वॉलमार्ट, अपने संचालन को बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में निवेश करते हुए, एजेंटिक एआई की दुनिया में कदम रख रहा है। ओपनएआई के साथ साझेदारी के जरिए, यह रिटेलर चेटजीपीटी का इस्तेमाल करके खरीदारों को स्टोर में खरीदारी करने में सक्षम बना रहा है। चैटजीपीटी के नए इंस्टेंट चेकआउट फीचर का इस्तेमाल करके, एआई-संचालित बॉट के साथ बातचीत करने वाले खरीदार वॉलमार्ट के उत्पादों को ब्राउज कर सकेंगे और ऐप के अंदर ही खरीदारी पूरी कर सकेंगे। वॉलमार्ट के सीईओ का कहकि है कि कई वर्षों से ई-कॉमर्स खरीदारी का अनुभव केवल एक सर्च बार और आइटम प्रतिक्रियाओं की एक लंबी सूची तक सीमित रहा है। अब यह बदलने वाला है। हम स्पार्की और ओपनएआई के साथ इस महत्वपूर्ण कदम सहित साझेदारियों के माध्यम से उस अधिक सुखद और सुविधाजनक भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं।

# गणेश इन्फ्रावर्ल्ड दिसंबर से जम्मू-कश्मीर में जल परियोजनाएं करेगा शुरू

**नई दिल्ली** बुनियादी ढांचा कंपनी गणेश इन्फ्रावर्ल्ड दिसंबर 2025 से जम्मू-कश्मीर में 105.77 करोड़ रुपये की दो जल एवं सीवेज शोधन परियोजनाओं पर काम शुरू करेगा। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि ये परियोजनाएं केंद्र शासित प्रदेश में जल प्रबंधन एवं सीवेज अवसंरचना के आधुनिकीकरण के लिए सरकार के प्रयास का हिस्सा हैं। विशेष रूप से श्रीनगर-बडगाम क्षेत्र में, जहां तेजी से शहरी विस्तार और स्थानीय जल निकायों में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। अे धिकारी ने कहा कि हम कुछ स्वीकृतियों का इंतजार कर रहे हैं जो किसी भी समय मिल सकती हैं। इस साल दिसंबर से दो जल और सीवेज शोधन परियोजनाओं पर काम शुरू करने की उम्मीद है। इन दो परियोजनाओं में बाघी-मेहताब से अलोची बाग तक शोधन सुविधाओं का निर्माण शामिल है, जिसकी लागत 44.07 करोड़ रुपये है। इसके अलावा चडूरा और बाघी-मेहताब के बीच 61.70 करोड़ रुपये की लागत से शोधन सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : सत्ता,रणनीति और जाति की नई बिसात



विनोद कुमार सिंह

**दो दशक बाद बिहार में सत्ता समीकरणों की नई पटकथा 'छोटे दलों के सामने बड़े खिलाड़ी नतमस्तक,नीतीश की पकड़ ढीली,बीजेपी की चालें गहरी'**

बिहार का यह पहला चुनाव होगा,जब लगातार बीस वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद भी बीजेपी और जेडीयू - दोनों ही अपने अब तक के सबसे कम सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही हैं। आप को बता दे कि सन 2003 में जदयू की स्थापना के बाद पार्टी ने 2005 में 138 सीटों पर,2010 में 141 सीटों पर,2015 में 101सीटों पर(राजद के साथ गठबंधन में),और 2020 में 115 सीटों पर बीजेपी के साथ चुनाव लड़ा था,लेकिन 2025 में यह संख्या घटकर करीब 84 सीटों तक सीमित रह गई है।यानी 20 वर्षों के शासन के बाद भी नीतीश कुमार की जदयू का सीट शेयरिंग अनुपात करीब 27% घट गया है।दूसरी ओर, बीजेपी जैसी राष्ट्रीय पार्टी को भी अपने सहयोगी दलों के दबाव में सीटों का त्याग करना पड़ा है। 2005 में वह 101 सीटों, 2010 में 102, 2015 में जब नीतीश उनके साथ नहीं थे तो 157 सीटों पर उतरी,2020 में 110 सीटों पर और अब 2025 में फिर घटकर 101 सीटों पर आ गई है। येआंकडा दिखाता है कि सत्ता में साझेदारी का अनुपात कम होने के बावजूद,बिहार की राजनीति में जाति और क्षेत्रीय समीकरण आज भी निर्णायक हैं। बिहार की राजनीति का यह दिलचस्प पहलू है कि यहाँ राष्ट्रीय पार्टियाँ जातीय समीकरणों के आगे झुकती रही हैं। बीजेपी और जेडीयू को इस बार भी चिराग पासवान (एलजेपीरामविलास),जीतन राम मांझी(हम),उपेंद्र कुशवाहा(आरएलएम)और मुकेश सहनी (वीआईपी)जैसे छोटे लेकिन जाति- आधारित दलों से समझौता करना पड़ा है।इन सभी दलों ने अपनी-अपनी जातियों को राजनीतिक रूप से संगठित कर,एक ऐसा वोट बैंक बना लिया है जिसमें राष्ट्रीय पार्टियाँ सेंध नहीं लगा पाईं।यही कारण है कि बीजेपी और जेडीयू जैसी बड़ी पार्टियाँ इन्हें साथ रखे बिना सत्ता तक पहुँचने की कल्पना भी नहीं कर सकतीं।1990 के दशक में लालू प्रसाद यादव ने 'जाति ही पहचान है' का जो नारा दिया था,उसने बिहार की राजनीति की दिशा ही बदल दी थी।आज भी बिहार में वही जातीय गणित सत्ता की चाबी तय करता है।बस चेहरे बदल गए हैं, लेकिन जाति का समीकरण जस का तस कायम है।1995 के बाद से बिहार की राजनीति में जो स्थायी पैटर्न उभरकर आया है,यहाँ मुकाबला दो दलों के बीच नहीं बल्कि दो गठबंधनों के बीच होता है।2020 के विधानसभा चुनाव के नतीजे इसका प्रमाण हैं - राजद को मिले 23.1% वोट,भाजपा को 19.5%,जदयू को 15.4%, कांग्रेस को 9.5% वोट,जबकि छोटे दलों ने मिलकर 23.9% वोट बटोरे।यह आँकड़ा बताता है कि छोटे दल भले अकेले सत्ता में न आएँ,लेकिन बड़े दलों का खेल जरूर बिगाड़ देते हैं।वे बिखरे हुए वोटों को जोड़कर किसी



गठबंधन को बढ़त दिला सकते हैं।यही वजह है कि बिहार की राजनीति में छोटे क्षेत्रीय दल 'किंगमेकर' बन चुके हैं।छोटे दल,बड़ी भूमिका-जाति के गणित से सत्ता की रचना चिराग पासवान की एलजेपी (रामविलास)दलितों और विशेषकर पासवान समुदाय की राजनीतिक आवाज है।जीतन राम मांझी की 'हम'(हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा)मुसहर और अनुसूचित जातियों के बीच प्रभाव रखती है।उपेंद्र कुशवाहा की 'आरएलएम '(राष्ट्रीय लोक जनशक्तिमोर्चा) कोइरी- कुशवाहा वर्ग की आवाज है,तो मुकेश सहनी की 'वीआईपी' निषाद समाज का प्रतिनिधित्व करती है। इन चारों नेताओं ने अपनी जातियों को राजनीतिक चेतना दी,और यही चेतना अब गठबंधन की अनिवार्यता बन गई है।बीजेपी और जेडीयू के रणनीतिकारों को यह पता है कि बिना इन जातीय दलों के,वोटों का अंकगणित जीत में तब्दील नहीं हो सकता।बीजेपी ने इस बार बहुत खामोशी और चालाकी से बिहार में अपनी राजनीतिक बिसात बिछाई है।उसने नीतीश कुमार को छह इंच छोटा कर दिया -यानी जदयू की सीटें घटाईं,और अपने सहयोगियों को ऐसी स्थिति में ला दिया कि वे दो- तीन सीटों से ज्यादा न जीत पाएं, ताकि बाद में उनके साथ समझौता आसान हो।बीजेपी ने संजय झा जैसे नेताओं के जरिए जदयू में सेंध भी लगा दी है।अब स्थिति यह है कि उम्मीदवार चयन में भी बीजेपी का अंतिम फैसला होगा।यानी चुनाव के बाद अगर जेडीयू सत्ता में रहती भी है,तो उसका नियंत्रण नीतीश कुमार के नहीं,बल्कि बीजेपी के हाथों में होगा।नीतीश के पास तब दल बदलने की भी हैसियत नहीं बचेगी, क्योंकि उनके अधिकांश सांसद पहले से ही बीजेपी के संपर्क में बताए जाते हैं।यहाँ तक कि केंद्र सरकार पर भी नीतीश का कोई दबाव नहीं रह जाएगा।मोदी के हनुमान या नीतीश के शत्रु बीजेपी ने इस चुनाव में चिराग पासवान को 29 सीटें दी हैं राजनीतिक सूत्रों के अनुसार इनमें से 8 से 10 उम्मीदवार बीजेपी के अपने होंगे,जो एलजेपी के चुनाव- चिह्न पर लड़ेंगे।यानी चिराग के कंधे पर बैठकर बीजेपी अपनी चाल चल रही है।चुनाव के बाद वही एलजेपी के टिकट वाले विधायक बीजेपी के पाले में जा सकते हैं,जिससे नीतीश कुमार की स्थिति कमजोर और बीजेपी की मुख्यमंत्री पद की दावेदारी मजबूत हो जाएगी।यह ठीक वैसा ही परिदृश्य होगा जैसा महाराष्ट्र में शिंदे-बालासाहेब गुट के उभार के समय हुआ था।राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि अगर बीजेपी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला तो वह एलजेपी और हम जैसी पार्टियों के सहारे सत्ता का चेहरा बदल सकती है,और नीतीश कुमार को 'शिंदे' जैसा हाशिये पर पहुँचा सकती है। नीतीश की राजनीतिक आत्मघात या मजबूरी का गठबंधन -नीतीश कुमार के राजनीतिक यात्रा में यू-टर्न लेना नई बात नहीं,लेकिन 2025 का चुनाव उनके करियर का शायद सबसे जोखिम भरा मोड़ है।उन्होंने सत्ता में बने रहने के लिए बार-बार गठबंधन बदले,लेकिन इस बार गठबंधन ने उन्हें बदल दिया है।बीजेपी के साथ रहते हुए अब वे मुख्यमंत्री पद के प्रतीक मात्र बनते जा रहे हैं।पार्टी की सीटें घट गईं, संगठन में मतभेद बढ़े और उनके करीबी नेता तक बीजेपी के संपर्क में बताए जा रहे हैं।नीतीश अब उस स्थिति में हैं कि अगर वे असंतुष्ट भी हों,तो सुशासन बाबु के हाथ में कुछ नही लगेगें।वे ना तोगठबंधन तोड़ सकते हैं,ना ही अपना दबाव बना सकते हैं।देश की राजनीति अब पूरी तरह मोदी के नाम और चेहरे पर केंद्रित हो चुकी है,लेकिन बिहार अब भी जातीय पहचान की राजनीति से मुक्त नहीं हुआ है।बीजेपी काराष्ट्रवाद और 'एक रंग' वालीराजनीति,बिहार के बहुरंगी जातिगत समीकरणों से बार-बार टकराती है।मोदी-शाह की रणनीति यह है कि बिहार को धीरे- धीरे जाति की जकड़ से निकालकर राष्ट्रीय एजेंडे में लाया जाए,लेकिन राजनीतिक व्यवहार में यह अभी संभव नहीं दिखता।क्योंकि बिहार का वोटर विकास के साथ-साथ जाति और मान-सम्मान के सवाल को भी मतदान का आधार बनाता है।एकता में दरारें और नेतृत्व का संकट-अगर हम विपक्षी खेमे की बात करें तो महागठबंधन में भी एकता का संकट कम नहीं।राजद, कांग्रेस,वामदल और अन्य छोटे दलों के बीच सीट बंटवारे और नेतृत्व पर मतभेद गहराते जा रहे हैं।तेजस्वी यादव के नेतृत्व को लेकर कांग्रेस और वामपंथी दलों में हिचक है, जबकि कांग्रेस खुद संगठनात्मक रूप से कमजोर है।हालाँकि महा गठबंधन का वोटबैंक अब भी लगभग 45 प्रतिशत के आसपास माना जाता है,लेकिन अगर सीटों पर तालमेल बिगड़ा तो इसका सीधा लाभ एनडीए को मिलेगा।जाति जितनी मजबूत,सत्ता में उतनी धमक मजबूत-बिहार की राजनीति का यह निष्कर्ष बार-बार दोहराया जा सकता है कि 'जाति जितनी मजबूत, सत्ता में उतनी धमक मजबूत।' आज के बिहार में कोई भी पार्टी जातिगत समीकरणों की उपेक्षा कर चुनाव नहीं जीत सकती।बीजेपी के पास मोदी का चेहरा है,राजद के पास लालू-तेजस्वी की सामाजिक समीकरण की पूँजी,और जदयू के पास अब भी 'सुशासन बाबू' का चेहरा,लेकिन निर्णायक शक्ति उन्हीं छोटे दलों के पास है जो जातियों को संगठित वोट बैंक में बदल चुके हैं।संक्षेप में बिहार का नया राजनीतिक युग2025 का बिहार विधानसभा चुनाव केवल सत्ता का नहीं,बल्कि सत्ता की साझेदारी और नियंत्रण का चुनाव है।यह चुनाव तय करेगा कि क्या नीतीश कुमार अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बचा पाएंगे,

या फिर बीजेपी अपनी चालों से बिहार की सत्ता पर पूर्ण नियंत्रण हासिल कर लेगी।बिहार का यह चुनाव यह भी दिखाएगा कि क्या मोदी का राष्ट्रवाद जातीय राजनीति को मात दे पाएगा,या फिर बिहार एक बार फिर यह साबित करेगा कि यहाँ सत्ता की चाबी जाति के पास ही रहती है।बिहार की राजनीति का यह संदेश साफ है कि यहाँ के छोटे दल भले आकार में छोटे हों,पर प्रभाव में बड़े हैं।और इस बार,बिहार का मतदाता तय करेगा कि सत्ता की डोर दिल्ली की मंशा से चलेगी या पटना की मिट्टी से ये अभी अतीत के गर्भ में है,जिसकी असली चाबी मतदाताओं के पास है। (लेखक स्वतंत्र पत्रकार व स्तम्भकार है)

## संपादकीय

### महंगाई की कितनी आपूर्ति

सरकारी कर्मचारियों का भुगतान फिर दिवाली की किस्त में दर्ज हुआ, तो हिमाचल सरकार ने महंगाई की आपूर्ति में तीन कदम बढ़ा दिए। सत्तर लाख की आबादी में 3.62 लाख कर्मचारी और पेंशनरों के चूल्हे पर तीन प्रतिशत डीए की किस्त राज्य के आर्थिक दबाव बढ़ाने के बावजूद कितना संतुष्ट कर पाएगी, यह कहा नहीं जा सकता। कर्मचारी अपेक्षाओं का समुद्र इतना गहरा है कि सरकार की किश्तियां कभी भी साहिल पर नहीं पहुंच पातीं, इसलिए तीन प्रतिशत महंगाई के वित्तीय मुनाफे खुदगर्ज ही रहेंगे। ये मनौतियां हैं या मन्नतें जो सरकार की ओर से निभाई जाती हैं। डीए की किस्तें अब हक हकूक की पैरवी में सरकारों के वित्तीय खातों को कमजोर करके भी एक दस्तूर नहीं बनती, इसलिए यह कोई मापक यंत्र नहीं, बस सत्ता से एक हिसाब किताब है। यही परिदृश्य एचआरटीसी पेंशनरों की हड़ताल को कर्कश बना रहा है। वहां किसका पलड़ा भारी, किस पर दुश्वारी, फैसला होने से पहले, एक असंतोष जहरीला होने लगा है। दो महीने से पेंशन का चिट्ठा एचआरटीसी पेंशनरों को सडक पर पहुंचा गया, तो यह प्रदेश का आर्थिक प्रबंधन है या हमने जरूरत से ज्यादा ओढ़ ली चादर। ऐसे कई सरकारी उपक्रम हैं जो अपने उद्देश्यों का अमृत पीकर अब जहर उगल रहे हैं। ढांचा इतना कमजोर है कि सरकार को उधार लेकर खिलाना पड़ रहा है। कब तक एचआरटीसी के प्रदर्शन में सार्वजनिक धन को जलाना पड़ेगा। आश्चर्य के बोध मंह सरकारी नवाले हर जगह तकलीफदेह हैं। ओपीएस का नवाला प्रदेश के आर्थिक संसाधनों की जान लेगा या यह प्रदेश जी जान लड़ा कर किसी तरह कर्मचारी ब्रिगेड के आशियानों, अफसानों, एहसानों और फरमानों की जुंबिश में एक मजबूर साहस करते हुए उधार में पगार की कतार को संतुष्ट करता रहेगा। यह इसलिए कि बिजली बोर्ड कर्मचारी ओपीएस बहाली की सतह पर गर्म मिजाज रखते हैं। यह स्वाभाविक आक्रोश हो सकता है क्योंकि कर्मचारी तो कर्मचारी है, चाहे एक डाल पर बैठे या दूसरी पर। गुनाह तो राजनीतिक होते हैं जो कब्र पर महल बनाकर पुण्य कमाना चाहते हैं। हैं कब्रें बहुत और हर विभाग में बहुत हैं।

## चिंतन-मनन

### दया करने वालों की जय-जयकार होती है

हर व्यक्ति अधिक से अधिक धन कमाने के पीछे व्यवहारिकता एवं मानवीय मूल्यों को भूलता जा रहा है। रास्ते में अगर कोई मजबूर व्यक्ति दिख जाए तो कोई बेबसी प्रकट करने के लिए दो पल रूक जाए यही बड़ी बात होती है। बहुत से लोग ऐसे भी हैं जो किसी के लिए अपना एक पल और एक रुपए तक खर्च करने में कंजूसी करते हैं। शायद इसलिए कि उन्हें लगता है, भला पीड़ित व्यक्ति उनका क्या नाता है। लेकिन ऐसा सोचने से पहले यह शब्द जरूर याद करना चाहिए कि वसुधैव कुटुम्बकम् का मंत्र इस देश ने संसार को दिया है जिसका अर्थ है वसुधा यानी धरती पर रहने वाला हर व्यक्ति हमारा कुटुम्ब है। अगर विष्णु पुराण, श्रीमद्भागवत पुराण अथवा अन्य कोई भी पुराण उठाकर देखेंगे तो पता चलेगा कि हम सभी मनुष्य मनु की संतान हैं। इस नाते हम सभी मनुष्य एक दूसरे के रिश्तेदार हैं। इस नाते हम सभी को अपने रिश्तेदारों की सहायता करनी चाहिए यही हमारा धर्म है। धर्म ग्रंथों में कहा भी गया है कि दया धर्म का मूल है। इसलिए हर व्यक्ति को बिना किसी लालच और स्वार्थ के जरूरत के समय आगे बढ़कर लोगों की मदद करनी चाहिए। जो ऐसा करते हैं उनका जयजयकार समाज ही नहीं ईश्वर भी करता है। दया करने वाला व्यक्ति कठिन समय आने पर भी अपना गुण नहीं त्यागता है। इसी का उदाहरण है मुगल बादशाह दारा। दारा को औरंगजेब ने बंदी बना लिया। बंदी बना दारा जब शहर के बीच से गुजर रहा था तो उसकी स्थिति देखकर लोग तरस खा रहे थे लेकिन कोई मदद के लिए आगे नहीं आ रहा था। एक फकीर ने दारा की स्थिति को देखकर कहा कि, दारा तू जब भी हाथी पर बैठकर इस रास्ते जाता था तो मेरी झोली भरता था। आज क्या फकीर की झोली खाली रहेगी। दारा ने नजर उठाकर उस फकीर की ओर देखा और अपने शरीर पर पड़ा दुशाला उठाकर फकीर की ओर फेंक दिया। दारा की बेबसी पर जो लोग सिर झुकाए खड़े थे सभी दारा की उदारता और दयालुता को देखकर जयजयकार करने लगे। दारा का झुका हुआ सिर गर्व से ऊपर उठ गया और औरंगजेब के सैनिकों का सिर शर्म से झुक गया। भले ही आप कभी तीर्थ स्थल न जाएं लेकिन जरूरत के समय लोगों की सहायता कर दें तो कई तीर्थ यात्रा का फल आपको घर बैठे मिल जाता है।

# धनतेरस पर धन और स्वास्थ्य दोनों को समर्पित संकल्प



दिलीप कुमार पाठक




आमतौर पर धनतेरस को दीपावली के प्रवेश पर्व के रूप में मनाया जाता है। कई महीनों से निरंतर साफ - सफाई एवं तमाम तरह की तैयारियों के बाद धनतेरस खुशियो की सौगात लेकर आता है। सही मायने में धनतेरस से दीपावली की खुशबू आने लगती है। धनतेरस केवल हिन्दू धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय बाजार को भी चलाता है, धनतेरस ही तो पर्व है जब बाजार गुलजार हो जाते हैं, जो लोग कभी खरीदारी नहीं करते वे भी धनतेरस के दिन संरक्षित पूंजी खर्च कर डालते हैं, यही कारण है कि इस त्यौहार का खासा महत्व है। वैदिक दृष्टि से देखा जाए तो धनतेरस भगवान धनवंतरि एवं मृत्यु के देवता यमराज को समर्पित है। इस दिन वैदिक देवता यमराज का पूजन किया जाता है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही वह दिन है, जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है, अन्यथा यमराज की पूजा कोई नहीं करता, सभी देवताओं के प्रति कृतज्ञता का भाव व्यक्त करने के लिए त्योहारों की स्थापना की गई है अगर ये कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी, हालांकि भारतीय त्योहार भारतीय समाज की जीवन शैली को सुधारने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं'

धनतेरस हिन्दू धर्म में मनाया जाने वाला प्रसिद्ध त्योहार है। कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन भगवान धन्वन्तरि का जन्म हुआ था, इसलिए इस तिथि को धनतेरस या धनत्रयोदशी के नाम से जाना जाता है। भारत सरकार ने इसे आधुनिक स्वरुप देने के लिए और लोगों को जोड़ने के लिए धनतेरस को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। सरकार का यह निर्णय सराहनीय है, हमारे धार्मिक त्योहारों, एवं पर्वों को आधुनिक बनाते हुए नव पीढ़ी को जोड़ने से समाज में सकारात्मकता आ सकती है। आज ही के दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जन्मदाता धन्वन्तरि वैद्य समुद्र से अमृत कलश लेकर प्रगट हुए थे, इसलिए धनतेरस को धन्वन्तरि जयन्ती भी कहते हैं। इसीलिए वैद्य-हकीम और ब्राह्मण समाज आज धन्वन्तरि भगवान का पूजन कर धन्वन्तरि जयन्ती मनाता है। बहुत कम लोग जानते हैं कि धनतेरस आयुर्वेद के जनक धन्वंतरि की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिन लोग अपने घरों में नए बर्तन खरीदते हैं और उनमें पकवान रखकर भगवान धन्वंतरि को अर्पित करते हैं। लेकिन वे यह भूल जाते हैं कि असली धन तो स्वास्थ्य है, इसलिए ही तो कहते हैं पहला सुख निरोगी काया....

धन्वंतरि ईसा से लगभग दस हजार वर्ष पूर्व हुए थे। वह काशी के राजा महाराज धन्व के पुत्र थे। उन्होंने शल्य शास्त्र पर महत्त्वपूर्ण गवेषणाएं की थीं। उनके प्रपौत्र दिवोदास ने उन्हें परिमार्जित कर सुश्रुत आदि शिष्यों को उपदेश दिए इस तरह सुश्रुत संहिता किसी एक का नहीं, बल्कि धन्वंतरि, दिवोदास और सुश्रुत तीनों के वैज्ञानिक जीवन का मूर्त रूप है। धन्वंतरि के जीवन का सबसे बड़ा वैज्ञानिक प्रयोग अमृत का है। उनके जीवन के साथ अमृत का कलश जुड़ा है। वह भी सोने का कलश। अमृत निर्माण करने का प्रयोग धन्वंतरि ने स्वर्ण पात्र में ही बताया था। उन्होंने कहा कि जरा मृत्यु के विनाश के लिए ब्रह्मा आदि देवताओं ने सोम नामक अमृत का आविष्कार किया था। सुश्रुत उनके रासायनिक प्रयोग के उल्लेख हैं। धन्वंतरि के संप्रदाय में सौ प्रकार की मृत्यु है। उनमें एक ही काल मृत्यु है, शेष अकाल मृत्यु रोकने के प्रयास ही निदान और चिकित्सा हैं। आयु के न्यूनाधिक्य की एक-एक माप धन्वंतरि ने बताई है।

कई बार हम त्योहारों को मानते हुए अपनी खुशियों के साथ दूसरों के दुख का कारण बन जाते हैं, अतः हमे इस बात की सावधानी रखनी चाहिए, असली त्योहार का अर्थ यही है कि हम किसी को प्रत्यक्ष - अप्रत्यक्ष हानि न पहुंचाएं ल असावधानी और लापरवाही से मनुष्य बहुत कुछ खो बैठता है। विजयादशमी और दीपावली के आगमन पर इस त्योहार का आनंद, खुशी और उत्साह बनाये रखने के लिए सावधानीपूर्वक रहें। पटाखों के साथ खिलवाड़ न करें पटाखे चलाना खुशियो के प्रतीक नहीं बल्कि अशांति फैलाते हैं, कई बार इससे बुजुर्गों, बेजुबान जानवरों को खासी तकलीफ का सामना करना पड़ता है, इसलिए हम सब की जिम्मेदारी बन जाती है कि हम इस शांति को बनाए रखें' मिठाइयों और पकवानों की शुद्धता, पवित्रता का ध्यान रखें। भारतीय संस्कृति के अनुसार आदर्शों व सादगी से मनायें। पाश्चात्य जगत का अंधानुकरण ना करें। भारत सरकार हमेशा स्वदेशी का नारा लगाती है कोशिश करें कि आपकी खरीदारी के बाद किसी जरूरतमंद व्यक्ति की दीवाली भी खुशी एवं प्रसन्नता से मने। धनतेरस को संकल्प लें कि दीवाली बेशुमार खुशियों की सौगात लेकर आए।

# ट्रंप की सनक से जल्द ही दिवालिया हो सकता है अमेरिका



सनत कुमार जैन

प्रथम एवं द्वितीय युद्ध के बाद से सारी दुनिया के देशों का जो विश्वास अमेरिका के ऊपर बढ़ा था। सभी देशों के राजाओं, लोकतांत्रिक देश, यहां तक कि कम्युनिस्ट देशों ने भी पिछले 100 वर्षों में अमेरिका में सोना जमा करके अमेरिका से बांड खरीदे थे। अमेरिका के बांड की विश्वसनीयता थी। जिसे दुनिया के सभी देश स्वीकार करते थे। पिछले 80 वर्षों से अमेरिका मे बांड और अमेरिकी डॉलर जमा करके बांड खरीदते रहे। व्यापार की जरूरत में लेनदेन को पूरा करने के लिए वैश्विक व्यापार के रूप में डॉलर मुद्रा को सारी दुनिया ने स्वीकार कर लिया था। पिछले तीन दशक मे जिस तरह से अमेरिका ने समय-समय पर अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया। जिन देशों ने अमेरिका की बात नहीं मानी। उन पर प्रतिबंध लगाया, डॉलर के कारोबार पर प्रतिबंध लगा दिया। इसका सबसे बड़ा शिकार सबसे पहले इराक हुआ। जिसने डॉलर मुद्रा से व्यापार करने से मना किया था। उसके ऊपर अमेरिका ने रासायनिक हथियारों का आरोप लगाकर उसके खिलाफ युद्ध छेड़ा। उसे पूरी तरह से बर्बाद किया। वहां के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को फांसी दे दी। उसके बाद इराक पर अमेरिका ने ईरान के सहयोग से कब्जा कर लिया था। आज वहीं ईरान अमेरिका के निशाने पर है। बांटो और राज करो की नीति अंग्रेजों के लिए कोई नई नही है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जिस तरह के हालात बने थे। वैश्विक स्तर की संस्थाओं का गठन हुआ था। संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में रूस चीन और अमेरिका स्थाई सदस्य के रूप में शामिल हुए। दुनिया ने इस पर विश्वास किया। सारी दुनिया के देशों को उसका सदस्य बनाया गया। वैश्विक संस्थाओं ने वैश्विक व्यापार और वैश्विक लेनदेन को लेकर डॉलर मुद्रा से सारी दुनिया आश्वस्त हुई। जिसके कारण सारी दुनिया का सोना अमेरिका में इकट्ठा होने लगा। उसके बदले दुनिया के सभी देश और कारोबारी अमेरिका के बांड को खरीदने लगे।अपने- अपने देश में विदेशी करेंसी के रूप में डॉलर बड़ी मात्रा में जमा करने लगे। जिसके कारण पूरी दुनिया का कारोबार डॉलर में होने लगा। दुनिया के सभी देश डॉलर में ही अपनी चीजों के दाम आज भी बताते हैं।उसी के अनुसार लेनदेन करते हैं। जिसके कारण अमेरिका स्वयंभू बन गया। सोवियत रूस के टूटने के बाद सारी दुनिया में अमेरिका की दादागिरी चलने लगी। रही सही कसर आर्थिक व्यापार संधि ने पूरी कर दी। वैश्विक व्यापार सारी दुनिया में अमेरिकी डॉलर में होने लगा। अमेरिका के पास दुनिया का 60 फीसदी सोना जमा हो गया। सोने के बदले अमेरिका ने डॉलर जारी किए। जिसके कारण अमेरिका की ताकत धीरे-धीरे अहंकार में बदलने लगी। पिछले दो दशक में जो भी देश अमेरिका की बात को नहीं मानता है।उसकी डॉलर मुद्रा को चुनौती देने का साहस दिखाता है। उसे बर्बाद करने पर अमेरिका तुल जाता है। डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने, उसके बाद उन्होंने टैरिफ को लेकर एक नया युद्ध शुरू कर दिया। ट्रंप के इस काल में जो मनमानी की जा रही है,उसको लेकर सारी दुनिया के देशों मे पहिले अमेरिका के प्रति जो विश्वास था। वह विश्वास बड़ी तेजी के साथ खत्म होता चला जा रहा है। चीन ने बड़ी मात्रा में अपने बांड भुना लिये हैं। जमा सोना वापस बुलाना शुरू कर दिया है। भारत ने भी अपना सोना वापस बुला लिया है। हाल ही में रूस की बहुत बड़ी अमेरिका में जमा राशि को अमेरिका ने जब्त कर लिया है। रूस के कारोबार पर प्रतिबंध लगा दिया। रूस और यूक्रेन के युद्ध को लेकर लगातार रुस को धमकी दी जा रही है। पिछले 9 महीने के ट्रंप प्रशासन के निर्णय से सारी दुनिया के देश परेशान और भयाक्रांत हैं। पहले यूरोपीय देशों ने डालर को लेकर बगावत शुरू की थी। वह यूरोपीय मुद्रा चलन में लाये। यह देश अमेरिका के समर्थित थे। अमेरिका ने इनसे लड़ाई तो लड़ी, लेकिन यह दोस्ताना लड़ाई थी। दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद, ट्रंप ने जिस तरह के निर्णय लिए हैं। उससे सारी दुनिया हैरान और परेशान है। अमेरिका के साथ अब आर पार की लड़ाई शुरू हो गई है। इजराइल और गाजा युद्ध को लेकर, अमेरिका इजरायल की समर्थन मे खड़ा रहा। इजराइल ने गाजा में रसद और दवाइयां नहीं पहुंचने दी। इस लड़ाई में हजारों की संख्या में महिलाएं बच्चे और निर्दोष नागरिक मारे गए। गाजा में बड़ी तबाही की गई। इजराइल और अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र संघ, सुरक्षा परिषद, रेड क्रॉस सोसाइटी तथा डब्ल्युटीओ की बात नहीं मानी। निरपराध और निर्दोष नागरिक मारे जाते रहे। संयुक्त राष्ट्र संघ में दुनिया के अधिकांश देशों को इजरायल का बहिष्कार करना पड़ा। कई देशों में अमेरिका द्वारा प्रतिबंध लगा दिए जाने अथवा टैरिफ बढाकर अमेरिका ने अप्रत्यक्ष रूप से कई देशों के साथ आर्थिक युद्ध छेड़ रखा है। ऐसी स्थिति में सारी दुनिया के देश डॉलर और अमेरिका की दादागिरी से बाहर निकलना चाहते हैं। दुनिया के सभी देशों ने अमेरिका मे आई, 2008 की मंदी के बाद सभी देशों के फेडरल बैंकों ने बड़ी मात्रा में सोना खरीदा, वर्तमान में भी सभी देशों के फेडरल बैंक बड़ी मात्रा में सोना खरीद रहे हैं। विभिन्न देशों के बीच अब लेन-देन के लिए वार्टर सिस्टम भी शुरू हो गया है। आयात और निर्यात में दोनों देश आपसी सहमति से डॉलर से भिन्न, अन्य मुद्रा को स्वीकार करने लगे हैं। सभी देश अमेरिका से अपना पिंड छुड़ा रहे हैं। ऐसी स्थिति में यह कहा जाने लगा है, 2026 के दिसंबर माह के बाद कभी भी अमेरिका की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर चुनौती मिलना शुरू हो जाएगी। ट्रंप और अमेरिका की दादागिरी जल्द ही समाप्त होने की कगार पर पहुंच गई हैं। आर्थिक विशेषज्ञ यह भी कहने लगे हैं।1990 के दशक में जिस तरीके से सोवियत रूस का विघटन हुआ था। लगभग वही स्थिति अब अमेरिका की बन गई है। ऐसी स्थिति में सारी दुनिया में अफरा- तफरी का माहौल बना हुआ है। अमेरिका का लगभग 100 साल का इतिहास पूरा होने जा रहा है। एक बार फिर अमेरिका का नया इतिहास लिखने की शुरूआत विश्व स्तर पर हो चुकी है। बस इंतजार इस बात का करना है, वह दिन कब आता है। 2026 या 2027 में अमेरिका की अर्थव्यवस्था अर्श से फर्श पर आने वाली है। जिसके कारण सभी देश अमेरिका से अपना सोना और डॉलर मुद्रा लेकर बाहर निकल रहे हैं। किसी भी देश को ट्रंप प्रशासन पर विश्वास नहीं रहा। जिस तरह से वैश्विक स्तर पर आर्थिक मंदी बेरोजगारी एवं मुद्रा स्फूर्ति देखने को मिल रही है। अमेरिका वैश्विक व्यापार संधि का पालन नहीं कर रहा है। दुनिया के अधिकांश देश अपनी डफली और अपना राग अलाप रहे हैं। उसको देखते हुये पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है, अमेरिका की दादागिरी 2027 के बाद संभव नहीं रहेगी। अमेरिका में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद राजनीति एवं कूटनीति के स्थान पर, ट्रम्प एक तरह से गैंगस्टर की तरह सारी दुनिया के साथ व्यवहार कर रहे हैं। यही उनके और अमेरिका के पतन का कारण होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व अमेरिकी राजदूत बोले– नोबेल पाने के लिए ट्रम्प ने अमेरिका–भारत संबंधों को खराब किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के जापान में पूर्व राजदूत राह्म इमानुएल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने ट्रम्प पर आरोप लगाया कि नोबेल शांति पुरस्कार पाने की इच्छा में उन्होंने अमेरिका–भारत के बीच दशकों के रिश्ते को नुकसान पहुंचाया। ओबामा प्रशासन में वरिष्ठ सलाहकार रह चुके इमानुएल ने कहा कि ट्रम्प का घमंड कूटनीतिक प्रयासों को बर्बाद करने का कारण बना। ट्रम्प ने भारत–पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम सौदे के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सार्वजनिक प्रशंसा की मांग की, ताकि नोबेल मिल सके। इससे अमेरिका के भारत के साथ रिश्ते प्रभावित हुए। उन्होंने कहा, ट्रम्प ने सब कुछ इसलिए बर्बाद कर दिया क्योंकि मोदी ने नहीं कहा कि राष्ट्रपति को नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। भारत का दावा है कि संघर्षविराम का फैसला पाकिस्तानी सेना की अपील के बाद स्वतंत्र रूप से लिया गया। लेकिन ट्रम्प बार–बार कहते हैं कि उन्होंने भारी टैरिफ की धमकी देकर भारत और पाकिस्तान को इसके लिए मजबूर किया।

### इंडोनेशिया : तेल के जहाज में भीषण विस्फोट, 10 की मौत

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के बाटम द्वीप पर एक शिपयार्ड में कच्चे पाम तेल के जहाज में आग लगने के बाद भीषण विस्फोट गया। धमाके की चपेट में 10 लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें से चार की हालत गंभीर है। एक अधिकारी ने बताया कि तंजुंगुनकांग बंदरगाह स्थित शिपयार्ड में बुधवार को जहाज की मरम्मत चल रही थी.. तभी उसके टैंक में धमाका हो गया और वहां काम कर रहे कर्मी उसकी चपेट में आ गए।

### 1.37 करोड़ लोग कर रहे गंभीर भुखमरी का सामना

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम को दुनियाभर से मिलने वाली सहायता में कटौती के कारण अफगानिस्तान, कांगो, हैती, सोमालिया, दक्षिण सूडान और सूडान में लगभग 1.37 करोड़ लोग गंभीर भुखमरी के खतरे में हैं। संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने बुधवार को इस खतरे के प्रति चेताया। कहा कि एजेंसी की फंडिंग पहले कभी इतनी चुनौतीपूर्ण नहीं रही। उसे 2025 के लिए 40% कम फंडिंग मिलने की उम्मीद है, जिसके परिणामस्वरूप अनुमानित बजट 6.4 अरब डॉलर होगा, जो 2024 के 10 अरब डॉलर से कम है।

### ट्रंप ने बोस्टन में होने वाले फीफा विश्व कप मैचों को स्थानांतरित करने की दी धमकी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अगले साल उपनगरीय बोस्टन में होने वाले फीफा विश्व कप मैचों को स्थानांतरित करने की धमकी दी और कहा कि इस शहर के कुछ हिस्सों पर अशांति घर कर गई है। बोस्टन की मेयर और डेमोक्रेट नेता मिशेल वू पर निशाना साधते हुए ट्रंप ने मंगलवार को कहा, मुझे बोस्टन के लोगों से प्यार है और मुझे पता है कि खेलों के टिकट बिक चुके हैं लेकिन आपकी मेयर अच्छी नहीं हैं। उन्होंने बिना कोई विवरण दिए आरोप लगाया कि वे बोस्टन के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर रही हैं और हम उन्हें दो सेकंड में हटा सकते हैं।

### मसालों से बनी रंगोली ने दुबई में बढ़ाई दीपावली उत्सव की रौनक

**दुबई , एजेंसी।** संस्कृति और सामुदायिक भावना का जीवंत संगम पेश करते हुए दीपावली पर दुबई के एक बाजार में मसालों से ऐसी रंगोली बनाई गई जिसे खाड़ी देश में 'सबसे बड़ी' रंगोली बताया जा रहा है। मसालों की रंगोली आठ से 26 अक्तूबर तक वाटरफ्रंट मार्केट में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जा रही है। 6 मीटर लंबाई व 6 मीटर चौड़ाई वाली इस विशाल रंगोली को दालचीनी, हल्दी, मिर्च, धनिया और लौंग समेत 60 किलो से अधिक विभिन्न मसालों से तैयार किया गया है। ये सभी मसाले वाटरफ्रंट मार्केट से ही लाए गए थे। इस अनूठी कलाकृति ने बाजार के प्रांगण को चटकीले रंगों और सुगंध से भर दिया।

### नेपाल : मधेस प्रांत के नए मुख्यमंत्री बने सोनल

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के मधेस प्रांत में लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी (लोसपा) के नेता जितेंद्र सोनल को बुधवार को नया मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया है। मधेस प्रांत की प्रमुख सुमित्रा सुवेदी भंडारी ने उन्हें यह पद सौंपा। बुधवार को सोनल ने छह दलों के समर्थन सहित 57 प्रदेश सांसदों के हस्ताक्षर के साथ सरकार गठन का दावा पेश किया था।

# पाकिस्तानी सैनिकों की पैंट तक ले गए तालिबान लड़ाके

## संघर्ष में जीत के तौर पर दिखाया ; अफगान नागरिक बोले– पाक को मुंहतोड़ जवाब देंगे





**काबुल/ इस्लामाबाद, एजेंसी।** अफगानिस्तान में तालिबान लड़ाके पाकिस्तान पर जीत का जश्न मना रहे हैं। क्क्ष्ट के पत्रकार दाउद जुनबिश ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की जिसमें तालिबान लड़ाके पाक सैनिकों की पैंट और हथियार बीच चौराहे पर दिखाते नजर आए। जुनबिश ने बताया कि तालिबान के जवाबी हमले के बाद कुछ पाकिस्तानी सैनिक डूरंड रेखा के पास अपनी सैन्य चौकियों को छोड़कर भाग गए थे। तालिबान लड़ाकों ने इन चौकियों से पैंट और हथियार जब्त किए और इन्हें जीत की निशानी के तौर पर पेश किया। वहीं, पाकिस्तान के हमले के बाद अफगानी लोग लड़ाकों के साथ एकजुट हो गए हैं। कंधार निवासी व्यक्ति ने टोलो न्यूज से कहा, जरूरत पड़ी तो हम भी मुजाहिदीन और इस्लामिक एमिरेट की सेना के साथ मैदान में उतरेंगे। उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे। सभी लोग पाकिस्तान के खिलाफ उनके साथ खड़े हैं।

**अफगानिस्तान ने बॉर्डर पर टैंक भेजे थे :** पाकिस्तानी हवाई हमलों में बुधवार को काबुल और कंधार में 15 अफगान नागरिक मारे गए और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे। जिसके बाद अफगानिस्तान ने बॉर्डर पर टैंक भेजे थे। इससे पहले पाकिस्तान सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान के बीच मंगलवार रात को झड़पें हुई थीं। अफगानिस्तान के तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बताया कि आज सुबह पाकिस्तानी सेना ने कंधार के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग ने कहा था कि सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान बॉर्डर पर अफगान तालिबान के हमले को नाकाम कर दिया, जिसमें तालिबान के लगभग 15 से 20 मेंबर मारे गए। पाकिस्तान और अफगान तालिबान के बीच 8 अक्टूबर से जारी संघर्ष के बाद बुधवार शाम को 48 घंटे के लिए सीजफायर हुआ था।

**संघर्ष में 200 से ज्यादा मौतों का दावा :** यह संघर्ष पिछले हफ्ते शुरू हुआ जब इस्लामाबाद ने काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों पर हमला किया। अफगान लोग पाकिस्तान को सीमा विवाद और हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। दोनों देशों के बीच विवाद की जड़ है डूरंड लाइन, जो ब्रिटिश काल में भारत और अफगानिस्तान के बीच खींची गई थी। यह दोनों देशों की पारंपरिक जमीन को बांटती है और दोनों तरफ के पठान इसे कभी स्वीकार नहीं करते। डूरंड लाइन पर कम से कम सात जगहों पर दोनों पक्षों के बीच घातक गोलीबारी हुई।

### हमास ने लौटाए दो और बंधकों के शव; IDF बोली- एक बंधक का नहीं, फॉरेंसिक जांच में खुलासा, इस्राइल ने चेताया



**येरूशलम, एजेंसी।** इस्राइल को हमास से दो और बंधकों की लाशें मिली हैं। लेकिन कुछ घंटे बाद सेना ने कहा कि पहले सौंपा गया एक शव बंधक का नहीं था। इस मामले ने दो साल से चले युद्ध के बीच बनी नाजुक स्थिति में और तनाव बढ़ा दिया है। लाशों को हमास द्वारा रेड क्रॉस के माध्यम से इस्राइल को सौंपा गया। इस्राइली सेना ने कहा कि बंधकों की पहचान अभी सत्यापित नहीं हुई है। वहीं, गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस्राइल से 45 और फलस्तीनी शव मिले, जिससे कुल संख्या 90 हो गई। फोरेंसिक टीम ने कहा कि शवों पर हिंसा और अत्याचार के निशान दिखाई दे रहे हैं। बंधकों की रिहाई के बदले इस्राइल ने सोमवार को लगभग 2,000 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया। हालांकि फोरेंसिक जांच में पाया गया कि हमास द्वारा सौंपा गया चौथा शव किसी भी बंधक से मेल नहीं खाता।

## मुझे बांधा, प्रताड़ित किया और धमकाया, ग्रेटा थनबर्ग ने इस्राइली यातना पर अब तोड़ी चुप्पी

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल की हिरासत में रहने के दौरान ऐक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग के साथ क्या-क्या हुआ? अब इस पर स्वीडिश पर्यावरण कार्यकर्ता ने चुप्पी तोड़ी है। 22 वर्षीय जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग ने गाजा फ्लोटिला की गिरफ्तारी के बाद इस्राइली हिरासत में यातना के गंभीर आरोप लगाए। ग्रेटा थनबर्ग ने पहली बार सार्वजनिक रूप से अपने साथ हुए कथित दुर्व्यवहार के बारे में खुलकर बात की, जब उन्हें फीडम फ्लोटिला में हिस्सा लेने के बाद इस्राइली अधिकारियों ने हिरासत में लिया था। इस फ्लोटिला का उद्देश्य गाजा में नाकाबंदी के तहत फिलिस्तीनियों को मानवीय सहायता पहुंचाना था। हालांकि, इस महीने की शुरुआत में इस्राइली बलों ने इस मिशन को रोक दिया, और वॉटर कैनन का इस्तेमाल करते हुए कई जहाजों पर चढ़े और 400 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया।

**हाई सिक्योरिटी जेल में रखा, धमकाया :** ग्रेटा थनबर्ग और उनके साथी कार्यकर्ताओं को हाई सिक्योरिटी वाली जेल में रखा गया था। उन्हें कई दिनों बाद रिहा कर दिया गया, लेकिन अब उनका दावा है कि हिरासत के दौरान उन्हें शारीरिक शोषण, धमकियां और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। अब ग्रेटा थनबर्ग ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया, धमकाया और परेशान किया, जिसमें उन्हें बांधना और फिर सेल्फी लेना भी शामिल था।



**मुझे बांधा, प्रताड़ित किया और सेल्फी ली :** थनबर्ग ने स्वीडिश आउटलेट आफ्टनब्लैडेट को बताया कि गार्डों में ना तो कोई सहानुभूति है और ना ही मानवता और वे मेरे साथ सेल्फी लेते रहे। बहुत कुछ ऐसा है जो मुझे याद नहीं है। वे मुझे घसीटकर उस तरफ ले गए जहां दूसरे लोग बैठे थे, और पूरे समय मेरे चारों ओर झंडा लटका हुआ था। उन्होंने मेरी पिटाई की और लात मारी। उन्होंने आगे कहा, ÷एक साथ इतना कुछ हो रहा होता है। आप सदमे में होते हैं। आपको दर्द होता है, लेकिन आप शांत रहने की कोशिश करते हैं।÷ थनबर्ग ने बताया कि उन्होंने लगभग 50 लोगों को घुटनों के बल, हथकड़ी लगे और जमीन पर माथे रखे देखा।

उन्होंने दावा किया कि इस्राइली गार्डों ने उनके हाथों को कसकर बांधा और जब वह शांत हो गई तो उनके साथ सेल्फी लेने के लिए कतार में खड़े हो गए थे। थनबर्ग ने यह भी आरोप लगाया कि एक समय तो बंदियों को गैस से मारने की धमकी भी दी गई थी। उन्होंने कहा कि फिर गार्ड आए और कहा, हम तुम्हें गैस से मार देंगे। ऐसा कहना उनके लिए आम बात थी।

## ट्रंप और शी की जल्द मुलाकात तय, अमेरिका-चीन ट्रेड वार के बीच अमेरिकी वित्त मंत्री ने की पुष्टि

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापारिक तनाव के बीच एक बड़ा बयान सामने आया है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से जल्द मुलाकात तय है। उन्होंने बताया कि यह बैठक संभवतः इस महीने होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग सम्मेलन के दौरान होगी। बेसेंट ने कहा कि ट्रंप इस बैठक के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दोनों नेताओं के बीच बहुत अच्छा रिश्ता है और बातचीत जारी है।

**दोनों देशों के बीच चल रही है उच्च–स्तरीय बातचीत :** बेसेंट ने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच इस समय उच्च स्तर पर संवाद जारी है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष ढ्ढस्न्न और वर्ल्ड बैंक की वार्षिक बैठकों के दौरान भी कार्य-स्तरीय चर्चाएं कर रहे हैं। उन्होंने कहा मैं चीन के साथ चल रही चर्चाओं को लेकर आशावादी हूं। हम कई स्तरों पर संवाद बढ़ा रहे हैं।

**व्यापार तनाव के बीच ट्रंप का सख्त रुख :** यह बयान ऐसे समय आया है जब दोनों देशों के बीच ट्रेड वार फिर से गर्म हो गया है। हाल ही में चीन ने दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर नियंत्रण लगाया था, जिसके बाद ट्रंप ने बैठक रद्द करने की धमकी दी थी। इसके जवाब में व्हाइट हाउस ने चीन के खिलाफ नए टैरिफ पैकेज की घोषणा की। ट्रंप ने चीनी आयात पर 100% अतिरिक्त शुल्क लगाने का ऐलान करते हुए कहा था कि अब चीन को हमारे बाजारों में अनुचित लाभ नहीं मिलेगा।

**'ट्रंप–शी बैठक' से मिल सकता है राहत का रास्ता :** विश्लेषकों का मानना है कि एपीईसी सम्मेलन में होने वाली यह मुलाकात व्यापार तनाव कम करने की दिशा में अहम कदम साबित हो सकती है। दोनों देशों के बीच संवाद बहाल होना, वैश्विक बाजारों में स्थिरता का संकेत दे सकता है। हालांकि, ट्रंप प्रशासन के नए 100% अतिरिक्त शुल्क और सॉफ्टवेयर निर्यात नियंत्रण के फैसले के बाद माहौल अभी भी तनावपूर्ण है।

## ट्रंप ने वेनेजुएला में सीआईए ऑपरेशन को दी मंजूरी, कराकस पर नशीले पदार्थों की तस्करी का लगाया आरोप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला में अमेरिकी केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) को सीक्रेट ऑपरेशन चलाने की मंजूरी दे दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति के इस फैसले पर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का रिएक्शन भी सामने आया। वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने ट्रंप के फैसले की कड़ी निंदा की। बुधवार (स्थानीय समय) को व्हाइट हाउस में मीडिया से बात करते हुए, राष्ट्रपति ट्रंप ने कराकस पर कैदियों और मानसिक रोगियों को अवैध रूप से अमेरिका में घुसने और बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी करने का आरोप लगाया। राष्ट्रपति ट्रंप ने बिना कोई सबूत दिए आरोप लगाया, ÷उन्होंने अपनी जेलों को संयुक्त राज्य अमेरिका में खाली कर दिया है और हजारों कैदियों और मानसिक संस्थानों,



पागलखानों के लोगों को वहां आने की अनुमति दे दी है।

इसे लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति से पूछा गया कि क्या उन्होंने सीआईए को मादुरो की हत्या करने की अनुमति दी थी? अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस सवाल का जवाब देने से इनकार कर दिया और कहा, ÷मुझे लगता है कि वेनेजुएला पर दबाव बढ़ रहा है।÷ राष्ट्रपति ट्रंप ने आगे कहा कि हम वेनेजुएला पर जमीनी हमले करने पर विचार कर रहे हैं क्योंकि समुद्र पर हमारा पूरा नियंत्रण है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप की टिप्पणी के तुरंत बाद, मादुरो ने सीआईए द्वारा रची गई तख्तापलट की निंदा की।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, यह नया कदम सीआईए को वेनेजुएला और कैरिबियन में घातक मिशन चलाने के साथ-साथ इस क्षेत्र में व्यापक अमेरिकी सैन्य अभियानों के साथ समन्वय करने की अनुमति देता है।

एनवाईटी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप सरकार के अधिकारियों ने ÷निजी तौर पर स्पष्ट किया है कि इस ऑपरेशन का अंतिम लक्ष्य मादुरो को सत्ता से हटाना है।÷ न्यूज एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 10,000 अमेरिकी सैनिक, आठ युद्धपोत और एक पनडुब्बी वर्तमान में कैरिबियन में तैनात हैं, जिनमें से अधिकांश प्यूर्टो रिको में स्थित हैं।

सितंबर से, व्हाइट हाउस ने पांच अमेरिकी हमलों के बारे में बताया था। व्हाइट हाउस की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार, वेनेजुएला के पास अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में पांच कथित ड्रग-तस्करी करने वाली नावें नष्ट की गईं, जिनमें कुल 27 लोग मारे गए थे।

अमेरिकी ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन की 2020 की एक रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि कुछ कोकीन वेनेजुएला के रास्ते दक्षिण अमेरिका से बाहर जाती है, रिपोर्ट में यह भी साफ कर दिया गया है कि वेनेजुएला अमेरिका जाने वाली दवाओं का मुख्य सोर्स नहीं है। मादुरो ने बार-बार वाशिंगटन की कार्रवाइयों की निंदा करते हुए इसे लैटिन अमेरिका में शासन परिवर्तन और सैन्य विस्तार का प्रयास बताया है। ऐतिहासिक रूप से, सीआईए लैटिन अमेरिका में कई तख्तापलट और गुप्त अभियानों में कुख्यात रूप से शामिल रही है।

## बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, संघीय कर्मियों के नौकरी से निकाले जाने पर जज की ट्रंप प्रशासन को फटकार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की एक संघीय अदालत के जज ने बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को सरकारी कामकाज बंद (शटडाउन) के दौरान हजारों कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने से अस्थायी रूप से रोक दिया। अदालत ने कहा कि यह कदम राजनीतिक मकसद से प्रेरित दिखता है और बिना सही तैयारी के उठाया गया है। गौरतलब है कि अमेरिका में यह शटडाउन का तीसरा हफ्ता है। सैन फ्रांसिस्को की जिला न्यायाधीश सुजन इल्सटन ने कहा कि ट्रंप प्रशासन की तरफ से 4,100 से अधिक कर्मचारियों को हटाने का निर्णय कानूनी अधिकार से परे है और इससे मानवीय नुकसान हो रहा है। उन्होंने इस फैसले को रोकते हुए अस्थायी प्रतिबंध आदेश जारी किया। इल्सटन ने सुनवाई के दौरान सरकारी वकील से बार-बार यह पूछने की कोशिश की कि जब ज्यादातर प्रभावित कर्मचारी पहले से ही फर्लो (अस्थायी छुट्टी) पर हैं और उनकी ईमेल या मानव संसाधन सहायता तक पहुंच नहीं है, तो ऐसे में यह छंटनी क्यों की जा रही है। न्यायाधीश ने कहा, ''यह बहुत हद तक पहले गोली चलाओ, फिर निशाना लगाओ जैसी नीति है, जो अस्वीकार्य है। यह आदेश अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों के संगठन 'अमेरिकन फेडरेशन ऑफ गवर्नमेंट एम्प्लॉइज' और अन्य संघों की याचिका पर आया, जिन्होंने अदालत से मांग की थी कि सरकार को नए छंटनी नोटिस जारी करने और पहले से दिए गए नोटिस लागू करने से रोका जाए। उनका कहना था कि यह कार्रवाई कर्मचारियों को सजा देने और कांग्रेस पर दबाव बनाने का राजनीतिक प्रयास है।

व्हाइट हाउस ने इस पर टिप्पणी से इनकार करते हुए कहा कि इस विषय में सभी सवाल प्रबंधन और बजट दफ्तर से किए जाएं, जिसने फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। डेमोक्रेट सांसद चाहते हैं कि सरकारी कामकाज दोबारा शुरू करने से पहले स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी को जारी रखने और मेडिकेड कटौती को वापस लेने पर सहमति बने, जबकि रिपब्लिकन स्पीकर माइक जॉनसन ने डेमोक्रेट्स की सुनवाई से इनकार किया है।

अदालती दस्तावेजों के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन आठ संघीय एजेंसियों में 4,100 से अधिक पदों को समाप्त करने की योजना बना रहा है। यह कटौती मुख्य रूप से स्वास्थ्य और शिक्षा कार्यक्रमों में की जा रही है, जबकि सेना और आव्रजन नियंत्रण के खर्चे जारी हैं। इससे पहले भी न्यायाधीश इल्सटन ने संघीय कार्यबल को घटाने की प्रशासन की कोशिशों पर रोक लगाई थी, हालांकि बाद में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने कुछ हद तक कर्मचारियों की छंटनी की अनुमति दे दी थी।

## व्हाइट हाउस बालरूम के लिए चंदा जुटाने के लिए ट्रंप ने दी भव्य डिनर पार्टी, जानें कौन-कौन अरबपति हुए शामिल



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में एक आलीशान डिनर पार्टी का आयोजन किया। इस पार्टी में अमेरिका के अरबपति कारोबारी और धनी व्यक्ति शामिल हुए। यह पार्टी व्हाइट हाउस में नए बालरूम के निर्माण के लिए चंदा जुटाने के लिए आयोजित की गई थी। इस पार्टी में करीब 130 हस्तियां शामिल हुईं, जिनमें बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि और दिग्गज निवेशक शुमार रहे।

**25 करोड़ डॉलर की लागत से बनेगा नया बालरूम :** व्हाइट हाउस में नए बालरूम के निर्माण में करीब 25 करोड़ डॉलर की लागत आएगी। यह करीब 90 हजार वर्ग मीटर में फैला होगा। ट्रंप ने पहले कहा था कि इस बालरूम में 650 लोग बैठ सकेंगे, लेकिन बुधवार को ट्रंप ने कहा कि इसकी क्षमता 999 लोगों की होगी। यह ट्रंप प्रशासन द्वारा किया जाने वाला अभी तक का सबसे बड़ा पुनर्निर्माण कार्य है। इस बालरूम की खासियत ये होगी कि ये बेहद विशाल होगा, जिसमें राष्ट्रपति का उद्घाटन समारोह भी आयोजित किया जा सकेगा। नए बालरूम को बुलेटप्रूफ ग्लास से बनाया जाएगा। नए बालरूम के निर्माण में व्हाइट हाउस के डिजाइन का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। ट्रंप ने कहा कि व्हाइट हाउस एक खास जगह है और हमें इसका ध्यान रखना होगा। ट्रंप की इस पार्टी में शामिल हुए लोग बिजनेस सूट और महिलाएं गाउन पहने नजर आईं। सभी मेहमानों के लिए टेबल आरक्षित थीं, जिन पर मोमबत्ती, गुलदस्ते, पानी आदि रखा हुआ था। मेहमानों को सोने की परत चढ़ी प्लेटों में खाना परोसा गया। खाने के मेन्यू में कई खास डिश परोसीं गईं, जिनमें टमैटो पेंजानेला सलाद, बीफ वेलिंग्टन, नाशपत्ती, दालचीनी की मिठाई और बटरस्कॉच आइसक्रीम आदि शामिल रहीं। व्हाइट हाउस की इस खास पार्टी में अमेजन, एपल, बूज एलन हेमिल्टन, कॉइनबेस, कोमकास्ट, गूगल, लॉकहीड मार्टिन, मेटा प्लेटफॉर्म और टी-मोबाइल जैसी कंपनियों के प्रमुख शामिल हुए। साथ ही एडेल्सन फैमिली फाउंडेशन, तेल अरबपति कारोबारी हेरोल्ड हैम, ब्लैकस्टोन के सीईओ स्टीव श्वार्जमैन, क्रिप्टो कारोबारी टाइलर और कैमरून विंकलेवोस आदि हस्तियां भी इस पार्टी में शामिल हुईं।

# सियासी संकट की कगार पर फ्रांसः दो अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग; जा सकती है मैक्रों की सत्ता

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस एक नए राजनीतिक संकट की कगार पर खड़ा है, जहां प्रधानमंत्री सेबास्टियन लेकोर्नू के नेतृत्व वाली सरकार को राष्ट्रीय सभा में दो अविश्वास प्रस्तावों का सामना करना पड़ रहा है। अगर प्रस्ताव पास हो गए, तो राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के पास केवल एक विकल्प बचता है- संसद भंग करके नई चुनाव कराना। अविश्वास प्रस्ताव मैक्रों के कट्टर विरोधियों द्वारा दायर किए गए हैं, हार्ड-लेफ्ट पार्टी फ्रांस अनबॉव्ड और दाहिने के नेशनल रैली की नेता मरीन ले पेन अपने सहयोगियों के साथ। अगर लेकोर्नू सफल रहते हैं, तो यह नजदीकी वोटिंग हो सकती है, लेकिन हारने पर राष्ट्रपति संसद भंग करने का रास्ता अपना सकते हैं।

**क्यों और किसने प्रस्ताव दायर किया :** ले पेन ने लंबे समय से नए विधानसभाई चुनाव की मांग की है और पोल में उनके पक्ष में समर्थन दिख रहा है। उनके सहयोगी एरिक सियोटी के साथ मिलकर उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव में कहा गया है कि संसद भंग करना देश को संकट से निकालने का सबसे लोकतांत्रिक और प्रभावी तरीका है। फ्रांस अनबॉव्ड पार्टी का प्रस्ताव भी इसी दिन दायर हुआ, जिसमें कहा गया कि लेकोर्नू को हटाना मैक्रों को भी सत्ता से हटाने की दिशा में मदद कर सकता है। हालांकि राष्ट्रपति ने साफ किया है कि वह 2027 तक अपने कार्यकाल को समय से पहले समाप्त करने का इरादा नहीं रखते।

**मतदान और संभावित परिणाम :** राष्ट्रीय सभा की 577 सदस्यीय संस्था में किसी सरकार को गिराने के लिए कम से कम 289 विधायकों का समर्थन चाहिए। फ्रांस अनबॉव्ड और नेशनल रैली अकेले यह संख्या नहीं पूरी कर सकते। ले पेन की पार्टी और उनके सहयोगी 139 विधायक हैं, जबकि फ्रांस अनबॉव्ड के पास 71 हैं। अगर वे अपनी मतों को मिलाएं, तब भी उन्हें अन्य विपक्षी विधायकों का समर्थन चाहिए। कुछ अन्य वाइल्डकार्ड्स हैं और परिणाम बेहद



करीब हो सकता है। मैक्रों के केंद्रपंथी सहयोगी और सोशलिस्ट (69 विधायक) तथा रिपब्लिकन्स (50 विधायक) के वोट निर्णय को प्रभावित कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने इस सप्ताह घोषणा की कि वह फ्रांस में रिटायरमेंट उम्र को 62 से 64 तक बढ़ाने वाले विवादास्पद सुधार को स्थगित करेंगे। यह कदम लेकोर्नू और सरकार को कुछ समय खरीदने और 2026 के बजट पर ध्यान देने की अनुमति देगा। राजनीतिक वैज्ञानिक कैमिल बेडॉक का कहना है स्थिति बेहद अस्थिर है। सरकार के जीवित रहने की संभावना बहुत कम है।

## संयुक्त राष्ट्र की चेतावनीः भुखमरी की चपेट में आ सकते हैं 1.4 करोड़ लोग, डब्ल्यूएफपी ने बताई फंडिंग संकट की वजह

**जिनेवा, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की खाद्य सहायता एजेंसी ने बुधवार को कहा कि उसके प्रमुख दानदाताओं द्वारा वित्त पोषण में की गई कटौती से छह देशों में उसकी गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। उसने चेताया कि इससे करीब 1.4 करोड़ लोग भुखमरी की कगार पर पहुंच सकते हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा कि इस वर्ष उसका वित्त पोषण अब तक की सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है।

डब्ल्यूएफपी ने कहा, इस चुनौती का मुख्य कारण अमेरिका (डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के तहत) तथा अन्य प्रमुख पश्चिमी देशों द्वारा अनुदान में की गई भारी कटौती है। एजेंसी ने चेतावनी दी कि उसकी खाद्य सहायता प्राप्त करने वाले 1.37 करोड़ लोगों को अब आपात स्तर की भुखमरी का सामना करना पड़ सकता है। जिन देशों में मुख्य व्यवधान देखने को मिल रहे हैं, वे अफगानिस्तान, कांगो, हैती, सोमालिया, दक्षिण सूडान और सूडान हैं।

भुखमरी विरोधी प्रगति खोने का खतरा

डब्ल्यूएफपी ने बताया कि इस साल उसे 40% कम वित्त पोषण मिलने के आसार हैं। इस तरह उसका अनुमानित बजट 10 अरब डॉलर से घटकर 6.4 अरब डॉलर रह जाएगा। एजेंसी की अधिकारी सिंडी मैक्केन ने कहा, यह सिर्फ धन की कमी नहीं, इससे अब तक हुई प्रगति खोने का खतरा है।

# शरीर के 7 चक्र क्या हैं और सेहत पर उनका क्या असर पड़ता है?

**ऐसा माना जाता है कि अगर ये चक्र सुसुप्त यानी सो रहे हैं तो आपका जीवन भी नीरस है। इसलिए परम आनंद के साथ मोक्ष प्राप्ति के लिए इनको जागृत करना बहुत जरूरी है। जागृत होने के बाद ये चक्र शरीर के साथ मन और आत्मा को किस तरह प्रभावित करते हैं, इसके बारे में इस लेख में हम विस्तार से बात करते हैं।**




## क्या हैं चक्र

चक्र एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ पहिया होता है। ये शरीर के अंदर स्थित वे बिंदु हैं, जिनसे शरीर को ऊर्जा मिलती है, ये सात प्रकार के होते हैं। ये विभिन्न अंगों तथा मन एवं बुद्धि के कार्य को सूक्ष्म-ऊर्जा प्रदान करते हैं। ये व्यक्ति की सूक्ष्मदेह से संबंधित होते हैं। इनको कुंडलिनी चक्र भी कहा जाता है।

## मूलाधार चक्र

यह गुदा और लिंग के बीच चार पंखुड़ियों वाला आधार चक्र है। प्राणायाम करके, अपना ध्यान मूलाधार चक्र पर केंद्रित करके मंत्र का उच्चारण करने से यह जागृत होता है। इसका मूल मंत्र 'लं' है। धीरे-धीरे जब यह चक्र जागृत होता है तो व्यक्ति में लालच खत्म हो जाता है और व्यक्ति को आत्मीय ज्ञान प्राप्त होने लगता है। यह लालच को समाप्त करता है।

## स्वाधिष्ठान चक्र

मूलाधार चक्र के ऊपर और नाभि के नीचे स्थित होता है, स्वाधिष्ठान चक्र, इसका संबंध जल तत्व से होता है। इस चक्र के जागृत हो जाने पर शारीरिक समस्या और विकार, क्रूरता, आलस्य, अविश्वास आदि दुर्गुणों का नाश होता है। शरीर में कोई भी विकार जल तत्व के ठीक न होने से होता है। इसका मूल मंत्र 'वं' है।

## मणिपूर चक्र

यह नाभि से ऊपर होता है। यौगिक क्रियाओं से कुंडलिनी जागरण करने वाले साधक जब ऊर्जा मणिपूर चक्र में जुटा लेते हैं, तो वो कर्मयोगी बन जाते हैं। यह प्रसुप्त पड़ा रहे तो लालच, ईर्ष्या, चुगली, लज्जा, भय से मन प्रभावित होता है। इसके जागृत होने से ये विकृतियां समाप्त हो जाती हैं।



## अनाहत चक्र

यह चक्र व्यक्ति के सीने में रहता है। इसको जागृत करने हृदय पर ध्यान केंद्रित कर मूल मंत्र 'यं' का उच्चारण करना चाहिए। यह जागृत होते ही बहुत सिद्धियां प्राप्त होती है। यह सोता रहे तो कपट, तनाव, अहं यानी मोह और अहंकार से मनुष्य भरा रहता है।

## विशुद्ध चक्र

यह चक्र गले में रहता है। इसे जागृत करने के लिए व्यक्ति को कंठ पर ध्यान केंद्रित कर मूल मंत्र 'हं' का उच्चारण करना चहिए। इसके जागृत होने से व्यक्ति अपनी वाणी को सिद्ध कर सकता है। इस चक्र के जागृत होने से संगीत विद्या सिद्ध होती है, मस्तिष्क अधिक क्रियाशील हो जाता है और सोचने समझने की शक्ति बेहतर हो जाती है।

## सहस्त्रार चक्र

सहस्त्रार चक्र व्यक्ति के मष्तिष्क के मध्य भाग में होता है। बहुत कम लोग होते हैं जो इसको जागृत कर पाते हैं, चूंकि इसे जाग्रत करना बहुत मुश्किल काम है। इसको जाग्रत कर व्यक्ति परमानंद प्राप्त करता है और सुख-दुःख का उस पर असर नहीं होता है।

## आज्ञा चक्र

आज्ञा चक्र भ्रू मध्य अर्थात दोनों आंखों के बीच में केंद्रित होता है। इस चक्र को जागृत करने के लिए व्यक्ति को मंत्र '' का जाप करना चाहिए। इसके जाग्रत होने से इंसान को आत्म ज्ञान प्राप्त होता है।

## रेसिपी



### ब्लैक करंट शीर

**सामग्री**

- बटर/मक्खन: 2 टेबलस्पून
- 1/4 कप सेवईं: 2 टेबलस्पून
- चीनी: 1/2 कप ■ दूध: 3 कप
- किशमिश: 2 टेबलस्पून
- खजूर कटे हुए: 2 टेबलस्पून
- चिरौंजी: 1 टीस्पून ■ इलायची पाउडर: 1/2 टीस्पून ■ गुलाब जल: 2 टेबलस्पून
- ब्लैककरंट छोटे टुकड़ों कटें (फालसेब) : 1/4 कप
- इलायची पाउडर: एक चुटकी

**विधि**

सबसे पहले नॉनस्टिक तवे में बटर डालकर धीमी आंच पर गर्म करें। इसके बाद सेवई डालें और सुनहरा होने तक भून लें। सेवई के सुनहरी होने के बाद दूध डालकर एक से दो उबाल आने तक पकाएं। इसके बाद चीनी डाल दें, साथ ही साथ ड्राई फ्रूट्स और किशमिश डालकर अच्छे से मिला लें और 3 से 4 मिनट तक पकाएं। तय समय बाद खजूर, चिरौंजी, इलायची पाउडर और गुलाब जल डालकर 1 से 2 मिनट तक ढककर पकाएं। अगर शीर खुरमा ज्यादा गाढ़ा हो जाए तो थोड़ा गर्म पानी मिला लें। तय समय बाद आंच बंद कर लें। तैयार शीर खुरमा को कटोरी में डाल लें। इसमें चुटकीभर इलायची पाउडर और ब्लैककरेंट/फालसेब डालकर अच्छे से मिलाएं और सर्व करें।



### दही पराठा

**सामग्री**

- आटा: 2 कप ■ दही: 1 कप
- पुदीना: एक मुट्ठी ■ हल्दी: 1/4 टीस्पून
- धनियापत्ती: 1/2 मुट्ठी ■ घी: 1/2 कटोरी
- 1 प्याज, बारीक कटा ■ अजवाइन: 1/4 टीस्पून ■ 3 हरी मिर्च बारीक काटी ■ 1/2 छोटी कटोरी दाल ■ नमक: स्वाद के अनुसार ■ पराठा सेंकने के लिए तेल ■ जरूरत के अनुसार पानी

**विधि**

सबसे पहले पुदीना-धनियापत्ती का धोकर बारीक काट लें। एक बर्तन में आटा लेकर प्याज, अजवाइन, हरी मिर्च, हल्दी, नमक और 3-4 चम्मच घी डालकर मिक्स करें। इसमें पुदीना-धनियापत्ती, दही और दाल डालकर आटा तैयार करें। तैयार आटे पर तेल लगाकर 10 मिनट रख दें। फिर से आटे को गूंद लें। एक प्लेट पर पलथन/सूखा आटा रख लें। आटे की बराबर लोइयां काट लें। एक लोई लेकर रोटी जैसे बेल लें। इस पर घी लगाएं और सूखा आटा लगाकर आधा मोड़ दें। इस हिस्से पर भी घी और सूखा आटा छिड़ककर मोड़ दें। इसे पराठे को बेलकर चौड़ा कर लें। मीडियम आंच पर तवा गर्म करें। इस पर पराठा डालकर दोनों तरफ सेंक लें। तैयार दही पराठा चटनी-अचार के साथ खिलाएं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर करेंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-1-4-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-2-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-3-5-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिलेगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-1-3-5


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-1-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

## काकुरो पहेली - 2620




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**




### काकुरो - 2619 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक बार में थर्टी फर्स्ट की पार्टी मना रहे युवक-युवतियों का ध्यान अचानक बोर्ड पर गया, जिसमें लिखा था 'यहाँ देर रात तक नहीं चलेगी पार्टियाँ।'

उनमें से एक युवक ने घड़ी देखी और घबराया हुआ मेन गेट पर आकर झाँकने लगा।

तभी पास ही गश्त लगा रहे पुलिस वाले ने कहा- तुम्हारे पास अब सिर्फ चार ही मिनट बचे है। यहाँ से जल्दी भागो वर्ना अंदर कर दूँगा।

□ □ □

प्रेमिका से मिलने गया प्रेमी बोला- अभी तुमसे मिलने आते समय रास्ते में किसी ने मेरी जेब ही काट ली?

प्रेमिका- तो तुमने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज की?


प्रेमी नहीं- ...जैसे ही मैंने कटी हुई जेब देखी, फौरन पास वाले दर्जी से सिलवा ली।

□ □ □

अपने दोस्तों के साथ ताश खेल रहा क्रोधित पति (पत्नी से)- युधिष्ठिर भी तो जुआ खेलते थे, फिर तुम मुझे क्यों रोकती हो?

पत्नी इतराकर बोली- कभी नहीं रोकूँगी! खूब खेलो जुआ, लेकिन इस बात को याद रखना की द्रौपदी के पाँच पति थे।

## फिल्म वर्ग पहेली - 2620



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मैं दुनिया भुला दूंगा' गीत वाली राहुल, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
२. राजकपूर, नतून की 'रूक जा ओ जानेवाली' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ सनम जिसने तुझे' गीत वाली राजकपूर, सायरा की फिल्म-३
४. ऋषि, नीतूसिंह की 'किसी पे दिल अगर' गीत वाली फिल्म-५
६. सोमदत्त, विनोद खन्ना, लीना चंदावरकर की पहली फिल्म-२,१,२
९. गोविंदा, करिश्मा की 'याद सताए तेरी' गीत वाली फिल्म-२,२
११. फिल्म 'लक्ष्य' के गीत 'मैं ऐसा क्यों हूँ' का गायक-२
१३. सलमान, करिश्मा की 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१४. अक्षय, लारा की फिल्म-३
१५. सुनील, आशा पारेख की 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'मेरे दिल में आज' गीत वाली राजेश, शर्मिला, राखी की फिल्म-२
१८. कमल सदाना, आयशा, दिव्याकी 'दिल चीर के' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'ले के चली मुझे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
२०. जैकी, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'राधा ना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'कोशिश' में नायक कौन है-३
२३. फिल्म 'ज्वैल थीफ' में नायक कौन है-२
२५. टी. वी. धारावाहिक 'सॉस' की नायिका कौन थी?-२
२६. दीनो मोरिया, बिपाशा की 'जो भी कसमें' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. बॉबी, करिश्मा की 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कहदूँ तुम्हें' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर की हिट फिल्म-३
५. संजय कपूर, तब्बू की 'मैंने जी लिया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
८. ऋषि, माधुरी की 'मेरा पिया घर आया' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'सीता और गीता' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
१२. 'पलके हो खुली या बंद' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोनाली की फिल्म-३
१३. संजयदत्त, अनिता राज की 'आते आते तेरी' गीत वाली फिल्म-२,१,२
१४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'ना वादा करते हैं' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'परदे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान की फिल्म-२
१७. राजकुमार, नाना पाटेकर, ममता कुलकर्णी, वर्षा की 'पीले पीले ओ मेरे राजा' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रूठे रूठे पिया' गीत वाली विजय आनंद, जया की फिल्म-२,३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तनहाइयां' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'शहरों की गलियों में' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-२,२
२६. गोविंदा, रवीना की 'सासूजी थारो लल्ला' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल विच तेरा ही' गीत वाली अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२
२८. मिथुन, अतुल, पूजा की 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली - 2619



## सूडोकु -2620


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2619 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## शब्द पहेली - 2620



**बाएँ से दाएँ**

1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**

1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -2619 का हल



## आईजीएनसीए में 'जनसत्ता के प्रभाष जोशी' पुस्तक का लोकार्पण

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) में 'जनसत्ता के प्रभाष जोशी' पुस्तक का लोकार्पण और परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुस्तक का सम्पादन वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक तथा आईजीएनसीए के अध्यक्ष 'पद्म भूषण' रामबहादुर राय और संकलन वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्रा ने किया है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार बनवारी ने पुस्तक को प्रभाष जी का आत्मीय संस्मरण बताते हुए इसे सुरचित, सुपठित और बहुपठित होने की कामना की। उन्होंने कहा, प्रभाष जोशी के जीवन और लेखन में एक अद्भुत निरंतरता थी। रामबहादुर राय ने कहा, यह पुस्तक नई पीढ़ी को प्रभाष जोशी को जानने, पहचानने और समझने के उद्देश्य से प्रकाशित की गई है। उन्होंने कहा, अपने सहयोगियों के प्रति प्रभाष जी ने मन में कभी रंज नहीं रखा। वे सहयोगियों को पूरी स्वतंत्रता देते थे। प्रभाष जी की पत्रकारिता की आज भी उतनी ही ज़रूरत है, जितनी पहले थी। आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ सच्चिदानंद जोशी ने कहा, प्रभाष जी ने राग-द्वेष सबको परे रखकर, सिर्फ़ पत्रकारिता का धर्म निभाया। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और भारत सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अशोक वाजपेयी ने कहा, प्रभाष जोशी का पत्रकारिता में जो स्थान है, उस पर और अधिक चर्चा की जानी चाहिए ताकि नयी पीढ़ी आज के दौर में पत्रकारिता के समक्ष चुनौतियों को समझते हुए, प्रभाष जोशी के सिद्धांतों पर चलकर पत्रकारिता के वास्तविक धर्म का पालन कर सके।

## मप्र के भोपाल की बेटियाँ प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर देंगी बैंड की प्रस्तुति

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की बेटियाँ राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आगामी 31 अक्टूबर को गुजरात के एकता नगर (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मध्य प्रदेश का मान बढ़ाएंगी। यह कार्यक्रम लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश की बैंड टीम राज्य पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, अन्य सुरक्षा बल और एनसीसी की टीमों के साथ मंच साझा करेगी। जनसम्पर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने बताया कि मप्र के स्कूल?शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बैंड प्रतियोगिता में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट ईदगाह हिल्स स्कूल भोपाल की बालिका टीम ने राज्य में प्रथम स्थान हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए देश में दूसरा स्थान हासिल किया था। उसी टीम को केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में 31 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिए चुना है। गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय बैंड प्रतियोगिता में शामिल दो टीमों को आमंत्रित किया है। बालिका वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल करने वाले भोपाल के सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल और बालक वर्ग में देश में पहला स्थान हासिल करने वाली राजस्थान की टीम शामिल है। यह दोनों टीमें संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में होने वाले कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगी।

## हिंसाचार, दुराचार, भ्रष्टाचार और मिथ्याचार सबसे बड़ी समस्याः भैय्याजी जोशी

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह एवं अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश जोशी ने कहा कि विश्व ने भारत को जिम्मेदारी दी है कि वह विश्व का शुद्धिकरण करे। भारत का सदा से विश्व को श्रेष्ठ देने का मन रहा है और इसे भारत सदैव देता रहेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसी विचार को लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हिंसाचार, दुराचार, भ्रष्टाचार और मिथ्याचार को सबसे बड़ी समस्या है। अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश जोशी भैय्याजी यहां आईआईटी रुड़की में प्रमुख जन गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। यह गोष्ठी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आयोजित की गई थी। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में भैय्या जोशी ने कहा कि 100 साल की सामाजिक यात्रा में संघ ने विश्व को भारत के उस रूप का बोध कराया है, जिसका जिक्र स्वामी विवेकानंद और महर्षि अरविंदो ने किया था। हजारों साल की जीवन यात्रा से भारत के जीवन मूल्य तय हुए जो सामान्य लोगों के जीवन से आए। जोशी ने हिंसाचार, दुराचार, भ्रष्टाचार और मिथ्याचार को सबसे बड़ी समस्या बताया। युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि भारत को जानो, भारत को मानो और भारत को बनाओ मंत्र का अनुसरण करें। भारत को बनाने में सभी ने भूमिका निभाई। मुगलों के साथ युद्ध में महाराणा प्रताप को भील समाज ने समर्थन दिया।

## अफ़ग़ानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता के लिए भारत ने जताई प्रतिबद्धता

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 48 घंटे के युद्धविराम पर सहमति बनने के अगले दिन भारत ने कहा कि दोनों देशों के बीच घटनाक्रम पर वह नजर बनाए हुए है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान को नसीहत देते हुए भारत की ओर से अफ़ग़ानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के लिए पूरी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि हम स्थिति पर कड़ी नज़र रख रहे हैं। भारत अफ़ग़ानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि तीन बातें स्पष्ट हैं- पहली, पाकिस्तान आतंकवादी संगठनों को पनाह देता है और आतंकवादी गतिविधियों को प्रायोजित करता है।

# सिंधिया ने गुणवत्ता और संस्कृति पर ध्यान देते हुए समयसीमा पर कार्यपूर्ण करने के दिए निर्देश

**एजेंसी**
**भोपाल।** केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री और क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वर्चुअल माध्यम से गुना और अशोकनगर जिलों में चल रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इसमें गुना और अशोकनगर शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर, सौंदर्यीकरण, ट्रैफिक सुधार, पर्यटन एवं हेरिटेज क्षेत्रों के विकास संबंधी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

गुना जिले की समीक्षा के दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि गुना शहर में संचालित प्रत्येक विकास कार्य का उद्देश्य नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना, यातायात व्यवस्था को सुगम करना तथा सांस्कृतिक एवं पर्यटन धरोहरों का संरक्षण सुनिश्चित करना होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को




निर्देश दिए सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और टिकाऊ सामग्री का उपयोग किया जाए तथा स्थानीय सांस्कृतिक पहचान को ध्यान में रखते हुए योजनाएं क्रियान्वित की जाएं। बैठक में शहर के प्रवेश द्वार, सड़क चौड़ीकरण, ऑक्सीजन पार्क, माधव वाटिका, सेल्फी प्वाइंट, गुनिया नदी विकास, पर्यटन एवं जलक्रीड़ा परियोजनाओं सहित अन्य प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

सिंधिया ने निर्देश दिए नागरिक सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा सभी विकास कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा शहर के विकास में स्थानीय इतिहास, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत की झलक अवश्य परिलक्षित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं जनसहभागिता अनिवार्य है। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से उन्होंने आग्रह किया जनता से संवाद बनाए रखें और प्राप्त सुझावों को योजनाओं में सम्मिलित करें। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य गुना को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, साथ ही सांस्कृतिक एवं पर्यटन दृष्टि से आकर्षक बनाना है, यही हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

## ब्राज़ील के उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन ने किया एआईआईए के दौरा, आयुर्वेद को स्वास्थ्य और ज्ञान का बताया 5,000 साल पुराना खजाना

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** ब्राज़ील के उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन ने अपनी भारत की आधिकारिक यात्रा के दौरान अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) का दौरा किया। इस मौके पर अपने संबोधन में गेराल्डो अल्कमिन ने आयुर्वेद को स्वास्थ्य और ज्ञान का 5,000 साल पुराना खजाना बताया। अपने संबोधन में गेराल्डो अल्कमिन ने पारंपरिक और एकीकृत स्वास्थ्य प्रणालियों को बढ़ावा देने में भारत के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद स्वास्थ्य और ज्ञान का 5,000 साल पुराना खजाना है। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान को स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, रोगों के उपचार और समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से शिक्षा एवं अनुसंधान को आगे बढ़ाने में उनके अद्भुत कार्य के लिए बधाई देता हूं। उन्होंने आगे कहा, निवारक और




सतत स्वास्थ्य सेवा के लिए दुनिया को आयुर्वेद के शाश्वत ज्ञान की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अगर यह एक छोटी सी यात्रा न होती, तो वे निश्चित रूप से एआईआईए में अपनी पीठ दर्द का इलाज करवाते। इस मौके पर गेराल्डो अल्कमिन के साथ उनकी पत्नी मारिया लूसिया अल्कमिन और 14 अधिकारियों का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया था, जिसमें भारत में ब्राजील के राजदूत केनेथ नोब्रेगा और ब्राजील स्वास्थ्य नियामक एजेंसी (एएनवीआईएसए) के निदेशक रोमिसन रोड्रिग्स तथा अन्य वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल रहे।

# सीबीआई ने आईपीएस के घर से बरामद किए 5 करोड़ नकद व गहने

**एजेंसी**
**चंडीगढ़।** सीबीआई ने भ्रष्टाचार के आरोप में पंजाब के आईपीएस अधिकारी रोपड़ रेंज के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को गिरफ्तार करने के बाद उनके आवास से 5 करोड रुपये की नकदी तथा भारी मात्रा में गहने बरामद किए हैं। सीबीआई ने इस मामले में भुल्लर के बिचौलिए के पास से 21 लाख रुपये भी बरामद किए हैं। सीबीआई ने यह कार्रवाई गुरुवार दोपहर करीब दो बजे शुरू की, जो देर रात तक जारी रही। सीबीआई की तरफ से यह मामला आकाश बत्ता नामक एक स्क्रैप व्यापारी की शिकायत पर दर्ज किया गया है। भुल्लर को गिरफ्तार करने के बाद सीबीआई के 52 अधिकारियों व कर्मचारियों की टीमों ने एक साथ मोहाली, चंडीगढ़ तथा पंजाब में विभिन्न स्थानों पर जांच की। सीबीआई की तरफ से रात नौ बजे जारी की गई सूचना के अनुसार हरचरण सिंह भुल्लर के आवास से 5 करोड रुपये बरामद किया जा चुके हैं। जिन्हें बैग व अटैची में भरकर रखा गया था। सीबीआई द्वारा जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है



कि हरचरण सिंह भुल्लर के नाम पर पैसों की उगाही करने वाले एक बिचौलिए से 21 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। सीबीआई के अनुसार भुल्लर के आवास से 5 करोड रुपये की नकदी के अलावा डेढ़ किलो गहने, पंजाब में कई संपत्तियों के दस्तावेज, दो लग्जरी गाड़ियों की चाबियां, 22 लग्जरी घड़ियां, लॉकर की चाबियां, 40 लीटर विदेशी शराब के अलावा एक डबल बैरल गन, एक पिस्तौल, एक रिवाल्वर, एक एयर गन बरामद की गई है। सीबीआई की ओर से बताया गया कि दोनों आरोपितों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे तेजी से कर रहा आधुनिकीकरण : रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में भारतीय रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर, इंजीनियरिंग, तकनीकी प्रणाली और यात्रियों की सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन कर रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने हाल ही में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये के रेलवे प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है, जो रेलवे के आधुनिकीकरण, क्षमता विस्तार और सुरक्षा के प्रति सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने यहां आयोजित तीन दिवसीय 16वीं अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी (आईआरईई 2025) में विभिन्न पवेलियनों का दौरा कर रेल क्षेत्र के लिए विकसित हो रही नई तकनीकों और समाधानों का अवलोकन किया। उन्होंने भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि ये कंपनियां भारत की सुरक्षित, प्रभावी और हरित रेलवे नेटवर्क की परिकल्पना को साकार करने में योगदान दे रही हैं। प्रदर्शनी का आज दूसरा दिन था। यह प्रदर्शनी शुक्रवार तक चलेगी। आज देश-विदेश से आए वरिष्ठ




अधिकारियों, उद्योग विशेषज्ञों, इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों ने प्रदर्शनी में आयोजित चर्चाओं में भाग लिया। प्रदर्शनी में उभरती हुई रेलवे तकनीकों, सुरक्षा समाधानों और हरित नवाचारों को प्रदर्शित किया गया, जो भारतीय रेलवे को एक आधुनिक, स्मार्ट और पर्यावरण के अनुकूल नेटवर्क में रूपांतरित करने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर बिट्टू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर, इंजीनियरिंग और यात्रियों की सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति कर रहा है। रेक, कोच, फ्रेट वैगन और लोकोमोटिव के आधुनिकीकरण से लेकर अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के प्रयोग तक, भारत तेजी से एक वैश्विक रेल महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने हाल ही में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये के रेलवे प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है, जो रेलवे क्षमता विस्तार, सुरक्षा और सतत विकास के प्रति सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# देशभर में कृषि विज्ञान केन्द्रों के नेटवर्क का विस्तार करना आवश्यकः शिवराज सिंह

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में वर्तमान में 731 कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) हैं, जिनके नेटवर्क का विस्तार करने के साथ ही उन्हें छोटे किसानों के हित में मजबूती देना आवश्यक है। शिवराज सिंह कृषि भवनमेंएक उच्चस्तरीय बैठक में देशभर के कृषि विज्ञान केंद्रों के कार्यों की समीक्षा के मौके पर अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र किसानों तक पहुंच के लिए देशभर में कार्यरत सबसे प्रमुख माध्यम हैं, इनकी भूमिका तकनीकी प्रसार, प्रशिक्षण एवं कृषि नवाचारों को किसानों तक पहुंचाने में है। शिवराज सिंह ने कहा कि केवीके को सरकार की किसान हितैषी नीतियों, कार्यक्रमों और योजनाओं को किसानों की भलाई और उनकी जागरूकता के



लिए उनके बीच पहुंचाना चाहिए। बैठक में केंद्रीय कृषि सचिव डॉ देवेश चतुर्वेदी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री चौहान ने आईसीएआर के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि केवीके की कार्यप्रणाली को सुचारू करने के साथ ही इनकी प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए इन्हें समुचित वित्तीय, मानव संसाधन और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, शिवराज सिंह ने के वीकेके में कार्यरत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों की योग्यता अनुरूप पदोन्नति और अकादमिक समता सुनिश्चित करने के लिए पहल करने पर भी जोर दिया।

उन्होंने प्रशिक्षण, अनुसंधान विस्तार और कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सभी केवीके में एकरूपता लाने के निर्देश दिए। साथ ही, शिवराज सिंह ने के वीकेके सभी वैज्ञानिकों और कर्मचारियों के वेतन-भत्ते, पदोन्नति, सेवानिवृत्ति आयु तथा सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले लाभ के संबंध में अधिकारियों से समुचित समाधान करने के लिए चर्चा की। इस संबंध में राज्य सरकारों तथा नीति आयोग और केंद्रीय वित्त मंत्रालय के स्तर पर भी समुचित हल के लिए पहल करने के निर्देश केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने दिए।

## सनातन धर्म को मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने के प्रयास से जोड़ने की कोशिश निंदनीयः आदीश अग्रवाल

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आदीश सी. अग्रवाल ने सनातन धर्म को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने के प्रयास से जोड़ने की कोशिश की निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे समाग्री भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण है जिसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। डॉ. अग्रवाल ने मीडिया से कहा कि यह दुष्प्रचार जानबूझकर किया गया है ताकि सरकार और सनातनी समुदाय की छवि को धूमिल किया जा सके, जबकि इस घटना की पूरे देश में व्यापक निंदा की गई है, जिसमें स्वयं प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, विधि मंत्री, सॉलिसिटर जनरल तथा देशभर की विभिन्न बार काउंसिलों और संघों ने भी शामिल होकर इसकी निंदा की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आरोपित अधिवक्ता राकेश किशोर किसी ऊंची जाति से नहीं हैं और यह झूठा दावा कि वे ब्राह्मण हैं, केवल इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को साम्प्रदायिक और राजनीतिक रंग देने के उद्देश्य से फैलाया गया। आरोपित अधिवक्ता के विरुद्ध आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की सहमति देने के निर्णय का स्वागत करते हुए डॉ. अग्रवाल ने कहा कि यह कदम स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि न तो भारत सरकार और न ही सनातन धर्म के अनुयायी इस निंदनीय घटना से किसी भी प्रकार से जुड़े हुए हैं, जिसमें मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने का प्रयास किया गया।

# पुणे में जोरावर टैंक पर सवार हुए रक्षा मंत्री, स्वदेशी हथियारों की प्रदर्शनी देखी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पुणे में डीआरडीओ की प्रयोगशाला आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (एआरडीई) का निरीक्षण किया। इस मौके पर स्वदेशी रूप से विकसित अत्याधुनिक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें रक्षा मंत्री जोरावर टैंक पर भी सवार हुए। प्रदर्शनी का निरीक्षण करने के बाद राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में हो रहे बदलावों, युद्ध की बदलती प्रकृति को समझने और उसके अनुसार ढलने की आवश्यकता पर जोर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति ने आज डीआरडीओ की पुणे स्थित प्रमुख प्रयोगशाला आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (एआरडीई) का दौरा किया। इस दौरान समिति ने क्लस्टर की विभिन्न प्रयोगशालाओं में विकसित अत्याधुनिक उत्पादों का निरीक्षण किया। इस मौके पर रक्षा मंत्री जोरावर टैंक पर भी सवार हुए। प्रदर्शनी में उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम, पिनाका रॉकेट सिस्टम, हल्का टैंक जोरावर, पहिएदार बख्तरबंद प्लेटफ़ॉर्म और आकाश-नई पीढ़ी की मिसाइल को दर्शाया गया। समिति को रोबोटिक्स, रेल गन, विद्युत चुम्बकीय विमान प्रक्षेपण प्रणाली, उच्च-ऊर्जा प्रणोदन सामग्री आदि के क्षेत्र में विकसित की जा रही प्रौद्योगिकियों की स्थिति से भी अवगत कराया गया। इसके



बाद उभरती प्रौद्योगिकियां और डीआरडीओ विषय पर बैठक में रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में हो रहे बदलावों और युद्ध की बदलती प्रकृति को समझने और उसके अनुसार ढलने की आवश्यकता पर ?जोर दिया। उन्होंने ते?जी से बदलती दुनिया में उन्नत तकनीकों को आवश्यक बताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज तकनीक केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह हमारे रणनीतिक निर्णयों, रक्षा प्रणाली और भविष्य की नीतियों का आधार बन गई है। उन्होंने कहा? कि हमें केवल तकनीक का उपयोगकर्ता ही नहीं, बल्कि निर्माता भी बनना चाहिए।? इसे हासिल करने के लिए हमें आत्मनिर्भरता के प्रयासों में तेजी लाने की आवश्यकता है। बैठक में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सचिव (रक्षा उत्पादन) संजीव कुमार, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। महानिदेशक (एसीई) और क्लस्टर के निदेशक एवं वैज्ञानिक भी उपस्थित थे।

## दीपावली पर दिल्ली क्षेत्र में आंशिक रूप से कार्य करेंगी रेलवे आरक्षण सेवाएं

**नई दिल्ली।** दीपावली के अवसर पर दिल्ली क्षेत्र में रेलवे के पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) की सेवाएं आंशिक रूप से संचालित होंगी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि 20 अक्टूबर (दीपावली के दिन) को कुछ आरक्षण केंद्र सीमित समय तक खुले रहेंगे, जबकि कुछ केंद्र पूरी तरह बंद रहेंगे। आईआरसीए भवन, दिल्ली जंक्शन और हजरत निजामुद्दीन आरक्षण कार्यालय में सायंकालीन पारी में सेवाएं केवल शाम 6 बजे तक उपलब्ध रहेंगी। वहीं, सायंकालीन पारी (दोपहर दो से आठ बजे) में सरोजनी नगर, कीर्ति नगर, शकूरबस्ती, दिल्ली शाहदरा, गाजियाबाद, कड़कड़डूमा, ओखला, नोएडा, तुगलकाबाद, सब्जी मंडी, आदर्श नगर, लाजपत नगर, रोहिणी, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और अंतरराष्ट्रीय टूरिस्ट ब्यूरो (आईटीबी)/आईआरसीए आरक्षण केंद्र बंद रहेंगे।

# दुनिया में भारत के मान-सम्मान के लिए बिहार में एनडीए की सरकार जरूरीः डॉ. मोहन यादव

**एजेंसी**
**पटना।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और सेनाएं तैयार हो गई हैं। जिस प्रकार का समय आज सारी दुनिया में चल रहा है, उसे देखते हुए भारत को दुनिया में मान-सम्मान के साथ आगे बढ़ाने के लिए देश और बिहार में एनडीए की सरकार जरूरी है। बिहार में विकास की इबारत लिखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनना निश्चित है, क्योंकि भाजपा सबका साथ-सबका विकास सिर्फ बोलती नहीं है, करके दिखाती है।

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव बिहार के कुम्हरार विधानसभा के कदमकुआं एवं विक्रम विधानसभा के पार्वती विद्यालय के मैदान में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने कुम्हरार विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी संजय गुप्ता एवं विक्रम विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी सिद्धार्थ सौरभ का नामांकन जमा कराया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों ने 2004-2005



के पहले का बिहार देखा होगा। उस समय बिहार में डकैतों का बोलबाला था, कितनी खराब हालत थी। यहां जंगलराज था। इसके लिए कांग्रेस भी जवाबदेह है। कांग्रेस के कुशासन के परिणाम बिहार और पूरा देश भुगत रहा है। लायसेंस, कोटा, परिमिट वाली व्यवस्था ने बंटाढार कर दिया। कांग्रेस ने बिहार और देश को बर्बाद कर दिया। बाद में बिहार को लालटेन को पकड़ा दिया। एक परिवार के हाथों में पूरी सत्ता केंद्रित हो गई और बिहार के विकास की गति रुक गई। लेकिन समय के साथ जो बदलाव हुआ और जिस तरह से बिहार को विकास का मॉडल बनाया गया, उसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार का अभिनंदन करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी के पद संभालने के बाद से बिहार के विकास के लिए 13 लाख करोड़ से अधिक की राशि दी गई है। आज का पटना बिल्कुल अलग है। बिहार के लोगों में क्षमता और योग्यता की कमी कभी नहीं रही। सबसे ज्यादा आईएएस, आईपीएस बिहार से निकलते हैं। कमी थी तो बस सही नेतृत्व और नीयत की। इस कमी को एनडीए की सरकार ने पूरा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का अपमान किया था, लेकिन बिहार की जमीन स्व. जयप्रकाश नारायण की कर्मभूमि है, जिन्होंने आपातकाल में प्रजातंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया। हमें इस बात की प्रसन्नता है कि एक गरीब परिवार में जन्मे नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेशों में जाकर देश को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। इन्हें खुद नहीं मालूम और फिर उच्चतम न्यायालय में जाकर माफी मांगते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सेना जान की बाजी लगाकर सीमाओं की सुरक्षा करती है। जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान को पानी पिलाती है और उसका बैंड भी बजा देती है।

# संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदानकर्ता देशों के सैन्य प्रमुखों ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के ट्रूप कॉन्ट्रिब्यूटिंग कंट्रीज के आर्मी चीफ्स' कॉन्क्लेव में भाग लेने वाले विभिन्न देशों के सेना प्रमुख और उप-सेना प्रमुख अपने जीवनसाथियों सहित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिले। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि सभी प्रतिभागी अपने-अपने देशों के श्रेष्ठ मूल्यों और आदर्शों के गौरवशाली प्रतिनिधि हैं। वे वैश्विक शांति और सतत समृद्धि के लिए अपने अनुभव, विशेषज्ञता और संकल्प का प्रतीक हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के शांति रक्षक अब तक विश्वभर में 71 अलग-अलग मिशनों में तैनात किए गए हैं। इन अभियानों का उद्देश्य निर्दोष लोगों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के दुखों को कम करना है। उन्होंने कहा कि कठिन और दूरस्थ इलाकों में तैनात संयुक्त राष्ट्र के शांति रक्षकों ने अदम्य साहस और करुणा का परिचय दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में भारत बहुपक्षवाद और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के पालन में दृढ़ विश्वास रखता है। भारत आरंभ से ही संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में अग्रणी योगदानकर्ता रहा है। हमारे शांति सैनिकों ने विश्व के सबसे चुनौतीपूर्ण अभियानों में उत्कृष्ट सेवा दी है। उन्होंने कहा कि भारत ने शांति अभियानों में लैंगिक समावेशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। महिला शांति सैनिकों ने स्थानीय समुदायों को सशक्त किया है और भरोसे का वातावरण बनाया है। राष्ट्रपति ने कहा कि जो राष्ट्र अपने वीर महिला और पुरुष सैनिकों को शांति स्थापना के इस पवित्र कार्य के लिए भेजते हैं, उन्हें ऐसे ढांचे विकसित करने की दिशा में कार्य करना चाहिए, जिससे ट्रूप कॉन्ट्रिब्यूटिंग कंट्रीज की आवाज़ अधिक सशक्त हो सके। साथ ही स्थानीय हितधारकों के साथ अधिक सक्रिय संवाद स्थापित करने की आवश्यकता है ताकि शांति किसी पर थोपी न जाए बल्कि सहभागिता के माध्यम से विकसित हो। राष्ट्रपति ने कहा कि इस आर्मी चीफ्स कॉन्क्लेव जैसे आयोजनों से नए विचारों, गहन सहयोग और स्थायी मित्रता को बल मिलेगा। उन्होंने कहा, हम सब शांति के संरक्षक बनकर ऐसा विश्व बनाएं, जहां हर बच्चा सुरक्षित नींद सोए, हर समाज सौहार्द में फले-फूले और संघर्ष केवल इतिहास के पन्नों में सीमित रह जाएं।

# ऑस्ट्रेलिया सीरीज में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम करने उतरेंगे शुभमन गिल, 3000 वनडे रन पूरे करने से मात्र इतने रन दूर



**पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** भारत के नवनियुक्त वनडे कप्तान शुभमन गिल रविवार से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज में टीम की कमान संभालने के साथ ही एक और उपलब्धि हासिल करने की ओर अग्रसर हैं। यह स्टाइलिश दाएं हाथ का बल्लेबाज वनडे में 3,000 रन पूरे करने से सिर्फ 225 रन दूर है।

गिल ने अब तक ऑस्ट्रेलियाई धरती पर सिर्फ एक वनडे खेला है जिसमें उन्होंने 33 रन बनाए हैं। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका कुल रिकॉर्ड अच्छा रहा है। उनके खिलाफ 8 वनडे मैचों में उन्होंने 35 की औसत से 280 रन बनाए हैं जिसमें एक अर्धशतक और एक शतक शामिल है। रोहित शर्मा की जगह लेने के बाद वनडे कप्तान के रूप में गिल का यह पहला कार्यकाल होगा। भारत तीन वनडे और 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रहा है।

श्रृंखला रविवार को 50 ओवरों के मैचों के साथ शुरू होगी और दूसरा और तीसरा वनडे 23 और 25 अक्टूबर को खेला जाएगा। पांच टी20 मैच 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक खेले जाएंगे। आगामी श्रृंखला गिल की कप्तानी यात्रा का एक महत्वपूर्ण चरण होगी क्योंकि वह बल्ले से अपने निरंतर प्रदर्शन को जारी रखते हुए भारत के नए वनडे कप्तान के रूप में अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे।

मई के बाद से गिल के लिए नेतृत्व की जिम्मेदारियां तेजी से बढ़ी हैं। रोहित द्वारा एक संक्षिप्त संदेश के साथ टेस्ट प्रारूप को अलविदा कहने के बाद 26 वर्षीय गिल को इंग्लैंड के 5 मैचों के कठिन टेस्ट दौरे के लिए भारत का नेतृत्व करने का काम सौंपा गया जो 2-2 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ। उन्होंने अपनी बात पर अमल करते हुए 75.40 की औसत से रिकॉर्ड तोड़ 754 रन बनाए, जिसमें करियर का सर्वश्रेष्ठ 269 रन भी शामिल था, जिससे श्रृंखला 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई।

**ऑस्ट्रेलिया के लिए भारत की वनडे टीम :**

शुबमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप कप्तान), अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल।

## तन्वी 17 साल में विश्व जूनियर पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनी, हुड्डा चूकी



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** तन्वी शर्मा बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पदक पक्का करने वाली 17 साल में पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई जिन्होंने एक गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जापान की साकी मत्सुमोतो को हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। सोलह वर्ष की तन्वी ने मत्सुमोतो को 47 मिनट तक चले सेमीफाइनल में 13.15, 15.9, 15.10 से हराया।

वहीं आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की अन्यापत फिचित्फोन से 12.15, 13.15 से हारकर बाहर हो गई। उन्नति ओडिशा ओपन सुपर 100 खिताब जीतने वाली सबसे युवा भारतीय बनी थी और भारत की 2022 उबेर कप टीम का भी हिस्सा थी। भारत की भव्या छाबड़ा और विशाखा टोप्पो की जोड़ी चीनी ताइपै के हुंग बिंग फू और चोउ युन अन से 9.15, 7.15 से हारकर बाहर हो गई।

आखिरी बार विश्व जूनियर चैम्पियनशिप पदक जीतने वाली भारत की महिला खिलाड़ी साइना नेहवाल थी जिन्होंने 2008 में पुणे में स्वर्ण पदक जीता था। साइना ने 2006 में रजत पदक जीता था जबकि अर्पणा पोपट ने 1996 में रजत पदक हासिल किया था। लड़कों के एकल क्वार्टर फाइनल में ज्ञान दत्तू को चीन के तीसरी वरीयता प्राप्त लियू यांग मिंग यू ने 15.11, 15.13 से हराया।

## रोहित,विराट सहित भारतीय टीम ने किया अभ्यास





**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहुंचने ही भारतीय क्रिकेट टीम ने अभ्यास शुरु कर दिया है। भारतीय टीम यहां 19 अक्टूबर से तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। इस सत्र में सभी की नजरें अनुभवी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली पर रहेंगी। ये दोनो बल्लेबाज करीब सात महीने बाद मैदान पर वापसी कर रहे हैं। दोनो ही इस सीरीज का महत्व जानते हैं। ऐसे में दोनो को अभ्यास सत्र में बल्लेबाजी करते देखा गया। विराट और रोहित फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से ही खेल से दूर हैं।

इन दोनो ने ही नेट्स में करीब 30 मिनट तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया। की। टीम के अभ्यास के दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर भी पूरे समय उपस्थित थे।

विराट और रोहित ने टी20 और टेस्ट से संन्यास ले लिया है। ऐसे में अब दोनो एकदिवसीय प्रारुप में ही खेलते हैं। जिस प्रकार से युवाओं को अवसर मिल रहा है। उससे हो सकता है ऑस्ट्रेलिया दौरा इन दोनो दिग्गजों का अंतिम दौरा हो। अगर ये दोनो इस सीरीज में विशेष प्रदर्शन करते हैं तभी भविष्य के लिए ये टीम में रह पायेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में सभी की निगाहें रोहित और कोहली के प्रदर्शन पर टिकी रहेंगी। इसलिए यह सीरीज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इन दोनों के भविष्य को लेकर सबसे महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

इन दोनो का ही लक्ष्य विश्व कप 2027 खेलना है पर बढ़ती उम्र को देखते हुए अभी ये संभव नहीं दिख रहा है। नए कप्तान शुभमन गिल ने दोनों के लंबे अनुभव को टीम के लिए महत्वपूर्ण बताय है पर कोच और चयनसमिति ने भी तक इनको लेकर कोई सकारात्मक संकेत नहीं दिये हैं।

# मोहम्मद शमी को क्यों नहीं मिली ऑस्ट्रेलियाई सीरीज में जगह, अजीत अगरकर ने तोड़ी चुप्पी





**कोलंबो (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के सीनियर तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद शमी और चयन समिति के बीच हाल के दिनों में छिड़े विवाद पर अब बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने सफाई दी है। उन्होंने साफ कहा कि अगर शमी फिट होते, तो टीम में जरूर होते। दरअसल, शमी ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे की टीम से बाहर किए जाने पर बीसीसीआई चयनकर्ताओं पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि उन्होंने रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लिए खेलकर अपनी फिटनेस साबित कर दी थी और चयनकर्ताओं को खुद उनसे अपडेट लेने चाहिए थे।

**शमी बोले : मैं फिट हूं, मुझे बाहर क्यों किया गया?**

35 वर्षीय मोहम्मद शमी पिछले साल से चोटों से जूझ रहे हैं। उन्होंने आखिरी बार जून 2023 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लिए खेला था। इसके बाद से वह टखने और घुटने की चोटों के कारण टीम से बाहर हैं, और 2023 विश्व कप के बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी।

हाल ही में शमी ने कहा, 'मैं रणजी ट्रॉफी में खेल रहा हूं, इसका मतलब मैं फिट हूँ। चयनकर्ताओं को खुद मुझसे अपडेट लेना चाहिए। खिलाड़ियों का काम फिट रहना है, रिपोर्ट भेजना नहीं।' उनके इस बयान के बाद क्रिकेट हलकों में खलबली मच गई थी और सोशल मीडिया पर ''शमी बनाम चयन समिति' की चर्चा तेज हो गई थी।

**वह फिट नहीं थे, इसलिए चयन नहीं हुआ : अगरकर**

अजीत अगरकर ने शमी की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया दी। अगरकर ने कहा, 'अगर वह मुझसे ऐसा कहते हैं, तो शायद मैं जवाब दूंगा। मुझे नहीं पता उन्होंने सोशल मीडिया पर क्या कहा, लेकिन मेरा फोन सभी खिलाड़ियों के लिए हमेशा चालू रहता है। शमी भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं। अगर वह फिट होते, तो इंग्लैंड दौरे या ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए ज़रूर विमान में होते। दुर्भाग्य से वह पूरी तरह फिट नहीं थे, और हमारा घरेलू सीज़न अब शुरू ही हुआ है।'


**सेलेक्टर और खिलाड़ी - बातचीत ही है समाधान**

अगरकर ने यह भी संकेत दिया कि शमी के साथ उनकी व्यक्तिगत बातचीत होती रहती है और किसी भी गलतफहमी को दूर करने का सबसे अच्छा तरीका संवाद है। उन्होंने कहा, 'मैं यहाँ कोई हेडलाइन नहीं बनाना चाहता। अगर कुछ कहना है, तो मैं सीधे उन्हें कॉल करूँगा। पिछले कुछ महीनों में हमारी कई बार बात हुई है।'

**टीम इंडिया की नजर अब फिट शमी पर**

टीम इंडिया की तेज़ गेंदबाज़ी यूनिट में शमी की वापसी का इंतज़ार लंबे समय से है। जसप्रीत बुमराह, सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाज़ अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन बड़े टूर्नामेंट्स के लिए शमी जैसा अनुभव अमूल्य है। अगर वह अगले कुछ महीनों में पूरी तरह फिट हो जाते हैं, तो उनकी वापसी तय मानी जा रही है।

## नाओमी ओसाका के लगी चोट, जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल से हटीं



**ओसाका (एजेंसी)।** नाओमी ओसाका बाएं पैर में चोट के कारण शुक्रवार को यहां जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल से हट गईं। मैच से पहले ओसाका के हटने से जैकलिन क्रिस्टियन को वाकओवर मिला और वह सेमीफाइनल में पहंच गईं। WTA टूर ने यह जानकारी दी। टूर्नामेंट के आयोजकों ने कहा कि शीर्ष वरीय ओसाका दूसरे दौर के मैच के दौरान लगी चोट से नहीं उबर पाईं। क्रिस्टियन ने इस साल तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। चोट के कारण बाहर होने से पहले ओसाका ने वकाना सोनोबे और 2024 की चैंपियन सुजेन लेमेन्स को हराया। जापान ओपन के एक अन्य क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को अमेरिकी ओपन 2021 की उप विजेता लेला फर्नांडिज ने रेबेका रैमकोव को 7-6, 6-3 से शिकस्त दी।

## कैंसर को हरा कर इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने की दमदार वापसी, अपने दर्द भरे सफर को किया बयां



स्पोर्ट्स डेस्क : ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और टी20 क्रिकेटर निक मेडिनसन एक जानलेवा बीमारी से जूझ रहे थे जिसके बाद उन्होंने उसे मात देकर वापसी की है। मेडिनसन ने बताया है कि उन्हें टैस्टिकुलर कैंसर था जिसे वह मात देने में सफल रहे लेकिन इस दौरान उनका सफर बेहद दर्द भरा रहा। मेडिनसन ने बताया है कि उन्होंने टेस्टिकुलर कैंसर को हराने के लिए कितनी कठिन लड़ाई लड़ी। उन्होंने बताया कि सर्जरीऔर कई हफ्तो की कीमोथेरेपी के बाद उन्होंने इस बीमारी को मात दी। आखिरी बार मार्च में शेफील्ड शील्ड में खेलने वाले मेडिनसन की जांच में कैंस का पता चलने के बाद उनका ट्यूमर हटाने के लिए ऑपरेशन किया गया। लेकिन उनकी असली लड़ाई तो इसके बाद शुरू हुई। 2014 से 1015 के बीच आरसीबी के लिए खेलने वाले मेडिनसन ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से बात करते हुए बताया कि जब उन्हें अपने कैंसर के बारे में बताया तो वह डरावना पल था। उन्होंने कहा कि, जब मुझे पता चला कि मुझे कीमो करवानी है तो ये मेरे लिए बहुत मुश्किल पल था। कैंसर मेरे पेट के लिए लिम्फ नोड्स और फेफड़ों तक फैल चुका था। वह पल मेरे लिए सबसे डरावना था। मेडिनसन ने स्वीकार किया कि कीमोथेरेपी के वो 9 हफ्ते उनके जीवन के सबसे चुनौतीपूर्ण हफ्ते थे। कीमोथेरेपी के साइड इफेक्ट्स को कम करने के लिए उन्हें स्टेरॉइड्स दिए गए, लेकिन उनके भी गंभीर असर हुए। उन्होंने कहा कि, दूसरे या तीसरे हफ्ते करते थे लेकिन वे मुझे रात में सोने नहीं देते थे। मैं 1 बजे तक तो सो जाता, लेकिन फिर सुबह 6 बजे तक जागता रहता। ये बहुत कठिन था। मैं पूरी तरह थक चुका था और ऐसा लगता था कि मैं 24 घंटे सोता ही रहूं।

## भारत ने मलेशिया को हराया, सुल्तान जोहोर कप 2025 के फाइनल में पहुंचा



**जोहोर (मलेशिया) (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुल्तान जोहोर कप 2025 के अपने अंतिम पूल-स्टेज मैच में मलेशिया को 2-1 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है, जहा उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारतीय टीम के लिए गुरजोत सिंह ने (22वें मिनट) के गोल से शुरुआत की, जबकि सौरभ आनंद कुशवाहा ने (48वें मिनट) ने विजयी गोल किया।

मलेशिया के लिए नवीनेश पनिकर ने (43वें मिनट) में गोल किया। भारतीय टी ने मलेशिया के खिलाफ आक्रामक शुरुआत की। भारतीय फॉरवर्ड तेज और लगातार हमले कर रहे थे, जिससे मेजबान टीम दबाव में आ गई। इस दौरान भारत ने अपने डिफेंस को मजबूत रखा। हालांकि पहले क्वार्टर के अंत तक कोई भी टीम गतिरोध को तोड़ नहीं पाई। दूसरे क्वार्टर का पहला हमला मलेशिया ने शुरुआत में ही कर दिया, लेकिन उसके तुरंत बाद भारत ने कई हमले किए और भारतीय टीम ने एक बार फिर दबाव बनाया और अंततः दबाव का फायदा हुआ, जब गुरजोत सिंह (22वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड पर गोल दागा।

इसके बाद भारत ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा। हाफ-टाइम तक भारत 1-0 की बढ़त के साथ था। ब्रेक के बाद भारत ने अच्छी गति से शुरुआत की, लेकिन मेजबान मलेशिया ने वापसी का प्रयास किया। भारत ने क्वार्टर के अधिकांश समय खेल की गति पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन मलेशिया के प्रयासों ने खेल का रुख पलट दिया और स्कोर 1-1 से कर दिया। अंतिम क्वार्टर में सौरभ आनंद कुशवाहा के गोल से भारत ने एक बार फिर बढ़त बनाई और स्कोर 2-1 कर दिया। इसके बाद, मलेशियाई टीम ने बराबरी के गोल की तलाश में एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया। लेकिन भारत ने उनके प्रयासों को सफल नहीं होने दिया और मुकाबला 2-1 से जीत लिया। भारत फाइनल मुकाबले में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।

## फीफा को लेकर फैंस में भारी क्रैज, विश्व कप 2026 के 10 लाख से अधिक टिकट बिके, ये हैं शीर्ष 10 देश

मियामी। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने इस महीने की शुरुआत में आधिकारिक तौर पर टिकट बिक्री शुरू होने के बाद से अपने पहले अपडेट में बताया कि अगले साल होने वाले विश्व कप के 10 लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। उम्मीद के मुताबिक सबसे अधिक मांग अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के खरीदारों की ओर से रही। ये तीन देश इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे। फीफा ने कहा कि 212 अलग-अलग देशों और क्षेत्रों के लोग पहले ही टिकट खरीद चुके हैं जबकि अभी टूर्नामेंट के लिए 48 में से केवल 28 ही टीम तय हुई हैं। फीफा ने कहा कि टिकट खरीदने के मामले में शीर्ष 10 देश में इंग्लैंड, जर्मनी, ब्राजील, स्पेन, कोलंबिया, अर्जेंटीना और फ्रांस भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक चलेगा। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने विज्ञप्ति में कहा, 'दुनिया भर की राष्ट्रीय टीमें ऐतिहासिक फीफा विश्व कप 2026 में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और मुझे खुशी है कि इतने सारे फुटबॉल प्रेमी भी उत्तरी अमेरिका में इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट का हिस्सा बनना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'यह एक अविश्वसनीय प्रतिक्रिया है और एक अद्भुत संकेत है कि इतिहास का सबसे बड़ा, सबसे समावेशी फीफा विश्व कप दुनिया भर के समर्थकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है।' फीफा ने यह भी घोषणा की कि उसकी 'रीसेल' साइट खुल गई है और न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में विश्व कप फाइनल के टिकट बृहस्पतिवार दोपहर तक 9,538 डॉलर से लेकर 57,500 डॉलर प्रति सीट की कीमत पर उपलब्ध थे।




## महिला विश्व कप में आज पाकिस्तान को हराकर सेमीफाइनल के लिए संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी न्यूजीलैंड




**कोलंबो (एजेंसी)।** महिला विश्वकप क्रिकेट में शनिवार को पाकिस्तान की टीम का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। पाक टीम पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर जीत के साथ वापस जाना रहेगा। पाक टीम अभी तक विश्वकप में एक भी मैच नहीं जीती है।

वह चार मैच में तीन हार और एक मैच रद्द होन से वह अंक तालिका में सबसे नीचे है। वहीं न्यूजीलैंड तीन मैच में तीन अंक के साथ शीर्ष चार से बाहर है। वहीं ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो मैच हारने के बाद न्यूजीलैंड टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ वापसी की है। हालांकि श्रीलंका के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द होने से उसे नुकसान हुआ था। भारत और इंग्लैंड के खिलाफ 23 और 26 अक्टूबर को होने वाले कड़े मुकाबलों को देखते हुए न्यूजीलैंड की टीम इस मैच को जीतकर सेमीफाइनल के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखना चाहेगी।

उसके पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण से सावधान रहना होगा। पाक को पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाजी क्रम को रोकने के लिए गेंदबाजी में एक और ऑलराउंड की जरुरत रहेगी। न्यूजीलैंड की ओर से अबतक कप्तान सोफी डिवाइन ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने तीन पारियों में 86.66 की औसत से रन बनाए हैं।

हालांकि कीवी टीम के शीर्ष क्रम में निरंतरता की कमी से टीम को नुकसान हुआ है। जीत के लिए अनुभवी सूजी बेट्स, जॉर्जिया प्लिमर और अमेलिया केर को अच्छी शुरुआत करनी होगी जिससे डिवाइन पर पारी को संभालने का अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।


न्यूजीलैंड की गेंदबाजी अब तक अच्छी रही है। डिवाइन और ब्री इलिंग ने अपने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**पाकिस्तान:** फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, ऐमान फातिमा, मुनीबा अली, नशरा संधू, नतालिया परवेज, ओमैमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शमस, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज और सैयदा अरूब शाह।

**न्यूजीलैंड:** सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, ईडन कार्सन, फ्लोरा डेवोनशायर, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, ब्री इलिंग, पॉली इंगलिस, बेला जेम्स, मेली केर, जेस केर, रोजमेरी मायर, जॉर्जिया प्लिमर और ली ताहुहु।

## टेम्बा बावुमा की कप्तानी में भारत दौरे पर आयेगी दक्षिण अफ्रीकी ए टीम



जोहांसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका की ए टीम इस माह भारत का दौरा करेगी। इसकी कप्तानी टेम्बा बावुमा करेंगे। दक्षिण अफ्रीकी ए टीम इस दौरे में 2 टेस्ट और 3 एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेलेगी। ये टेस्ट सीरीज इसी माह 30 अक्टूबर से शुरु होगी। बावुमा इस सीरीज से वापसी करेंगे। वह पिंडली में चोट के इससे पहले हुए पाकिस्तान दौरे से बाहर थे। उन्हें सितंबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका के इंग्लैंड दौरे में चोट लगी थी, जिसके कारण उन्हें इस माह की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ से बाहर रखा गया था। बावुमा को भारत ए टीम की इसलिए कप्तानी दी गयी है। जिससे वह भारत की सीनियर टीम के खिलाफ होने वाली सीरीज से पहले पूर्ण मैच फिटनेस और फॉर्म हासिल कर सकें। दक्षिण अफ्रीकी टीम भारत दौरे पर 14 नवंबर से 19 दिसंबर तक दो टेस्ट, तीन एकदिवसीय और पांच टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका ए टीम के भारत दौरे में दो चार दिवसीय मैच और तीन मैचों की एक एकदिवसीय सीरीज खेली जाएगी। वह 6 से 9 नवंबर तक बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच में खेलेंगे। टीम उनकी वापसी को लेकर उत्साहित है। एक शीर्ष क्रम के बल्लेबाज और एक कप्तान के रूप में वह काफी सफल रहे हैं। टीम को उनके अनुभवों का भी लाभ मिलने की उम्मीद है।

**दक्षिण अफ्रीका ए टीम–** टेम्बा बावुमा (कप्तान), मार्केस एकरमैन, ओकुहले सेले, जुबैर हमजा, जॉर्डन हरमन, रुबिन हरमन, रिवाल्डो मूनसामी, त्शेपो मोरेकी, मिहलाली मपोंगवाना, लेसेगो सेनोकवाने, प्रेनेलन सुब्रायेन, काइल सिमंड्स, त्सेपो नदवांडवा, जेसन स्मिथ, तियान वान वुरेन, कोडी यूसुफ।

# रोहित, कोहली की मौजूदगी में गिल को कप्तान के तौर पर बेहतर होने का मौका मिलेगा: अक्षर पटेल

**पर्थ (एजेंसी)।** बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने शुक्रवार को यहां कहा कि भारतीय वनडे टीम में विराट कोहली और रोहित शर्मा की मौजूदगी शुभमन गिल को एक कप्तान के तौर पर बेहतर होने में मदद करेगी। भारतीय टीम रविवार को तीन मैचों की श्रृंखला के पहले वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। टीम के यहां पहुंचने के बाद दूसरे अभ्यास सत्र के बाद अक्षर ने कहा कि मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहली बार भारत के लिए खेलने को तैयार रोहित और कोहली पहले की तरह ही चुस्त दिख रहे हैं।

भारत ने रोहित की अगुवाई में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। इसके बावजूद गिल को इस दौरे पर वनडे टीम की कमान सौंपी गयी है। अक्षर ने ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड के साथ एक संयुक्त बातचीत में कहा, ''गिल के लिए यह एकदम सही है। रोहित भाई और विराट भाई मौजूद हैं और इसके साथ ही वे कप्तान भी रहे हैं। इसलिए वे अपना योगदान भी दे सकते हैं। ऐसे में कप्तान के तौर पर गिल का अच्छा विकास होगा। गिल की कप्तानी में अब तक जो अच्छी बात रही है, वह यह है कि उन पर दबाव हावी नहीं हुआ है।'

रोहित और कोहली को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेले हुए काफी समय हो गया है लेकिन अक्षर ने कहा कि वह पहले की तरह ही फिट और चुस्त दिख रहे हैं। उन्होंने कहा, 'वे दोनों विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। उनके फॉर्म (लय) के बारे में हमें शुरुआती वनडे मैच के बाद पता चलेगा। वे पेशेवर हैं, इसलिए उन्हें पता है कि क्या करना है। वे बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केंद्र) में अभ्यास कर चुके हैं, इसलिए मुझे लगता है कि वे खेलने के लिए तैयार हैं।'

एक दशक पहले भारतीय खिलाड़ी के रूप में पहली बार ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाले इस हरफनमौला ने कहा, 'वे अभ्यास सत्र के दौरान अपने खेल और फिटनेस दोनों में बहुत अच्छे दिख रहे हैं।' अक्षर सहित अधिकांश भारतीय क्रिकेटरों ने ऑस्ट्रेलिया में काफी क्रिकेट खेला है। ये खिलाड़ी परिस्थितियों को लेकर मानसिक रूप से सहज महसूस करते हैं। अक्षर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में बातचीत विपक्षी टीम के खिलाफ रणनीति बनाने पर ज्यादा केंद्रित होती है। हम पिचों की उछाल और प्रकृति के बारे में ज्यादा बातचीत नहीं करते है।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि 2015 (ऑस्ट्रेलिया में उनका पहला दौरा) के बाद से काफी बदलाव हुए हैं। उस समय हमें ऑस्ट्रेलिया का ज्यादा अनुभव नहीं था ऐसे में हम पिचों, परिस्थितियों और उछाल के बारे में बात करते थे।' उन्होंने कहा, '2015 विश्व कप के बाद हमने नियमित रूप से खेलना शुरू किया और श्रृंखला लंबी होने लगी। उसके बाद बल्लेबाजों ने और बेहतर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया।' उन्होंने कहा, 'हमें यहां अब ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों जैसा महसूस नहीं होता। हमें ज्यादा बेहतर तरीके से तैयार रहना पड़ता है।

अक्षर ने कहा, 'हम अब इस बारे में सोच रहे हैं कि हम कहां रन बना सकते हैं, इसलिए हम रणनीति और टाइमिंग पर बात कर रहे हैं। हम पिच की नहीं, बल्कि इस बारे में बात कर रहे हैं कि हम कैसे रणनीति बना सकते हैं।' रविंद्र जडेजा की गैरमौजूदगी से इस श्रृंखला में अक्षर को बड़ी जम्मिेदारी निभानी होंगी। उन्होंने कहा, 'मैं इस श्रृंखला को लेकर बहुत आश्वस्त हूं। एशिया कप में मैंने बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया था। लंबे समय (2022 टी20 विश्व कप) के बाद मैं ऑस्ट्रेलिया में खेलूंगा। मैं इस चुनौती के लिए तैयार हूं।'





## छोटे भाई ईशान खट्टर की फिल्म होमबाउंड को मिली लोकप्रियता पर खुश हुए शाहिद कपूर

असिस्टेंट के रूप में अपना करियर शुरू करने वाले एक्टर ईशान खट्टर अपनी फिल्म होमबाउंड को लेकर सोशल मीडिया से लेकर फिल्मफेयर तक में सुर्खियां बटोर रहे हैं। ईशान और जान्हवी कपूर की फिल्म को बहुत पसंद किया जा रहा है, लेकिन कमाई के मामले में फिल्म आज भी पीछे है, लेकिन इसी फिल्म को कान्स और टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अपनी कहानी के लिए स्टैंडिंग ओवेशन मिली थी। अब शाहिद कपूर ने अपने छोटे भाई ईशान की खुलकर तारीफ की है। शाहिद कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की है जिसमें शाहिद और ईशान एक-दूसरे को गले लगा रहे हैं। दोनों भाइयों के बीच अच्छा बॉन्ड देखा जा रहा है। उन्होंने कैप्शन में ईशान पर गर्व महसूस करने की बात कही और लिखा, ये लड़का एक कलाकार है जो घर से जुड़ा हुआ है। ईशान, मुझे आप पर गर्व है। तुम्हें एक एक्टर के तौर पर पहचान बनाते हुए और अपने काम को पूरी ईमानदारी से करते देखना खुशी की बात है। शाहिद अपनी पोस्ट में अपनी खुशी शब्दों से जाहिर नहीं कर पा रहे हैं और बार-बार ईशान पर गर्व करने की बात कर रहे हैं।

फिल्म होमबाउंड में ईशान की एक्टिंग की तारीफ हर तरफ हो रही है। उन्होंने फिल्म में एक गरीब और छोटी जाति के लड़के का रोल प्ले किया है, जो सरकारी नौकरी पाकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति बदलना चाहता है, लेकिन वर्क प्लेस पर भी छोटी जाति को लेकर ईशान को जातिसूचक शब्दों का सामना करना पड़ता है। फिल्म में विशाल जेठवा और जाह्नवी कपूर भी हैं। ये तीनों दोस्त ही सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं, लेकिन फिल्म में ट्विस्ट तब आता है जब विशाल और ईशान दोनों को ही जाह्नवी कपूर से प्यार हो जाता है। फिल्म संघर्ष, पहचान और प्यार तीनों भावों को दिखाती है। कमाई के मामले में फिल्म काफी पीछे है। फिल्म पहले दो दिन में मात्र 80 लाख का ही कलेक्शन करने में कामयाब रही। ये एक्टर की सबसे कम कमाई करने वाली फिल्मों में आती है। ईशान की पहली फिल्म धड़क का पहले दिन का कलेक्शन लगभग 8 करोड़ रुपये था और उनकी दूसरी फिल्म फोन भूत ने भी पहले दिन लगभग 2 करोड़ की कमाई थी। फिर भी ईशान के लिए होमबाउंड बहुत खास है, इस फिल्म से उन्हें ग्लोबल लेवल पर पहचान मिली है।

# गोलू गुप्ता की वापसी

## श्वेता त्रिपाठी ने शुरू की मिर्जापुर फिल्म की शूटिंग



अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने 'मिर्जापुर' सीरीज में गोलू गुप्ता का रोल प्ले किया था। यह किरदार दर्शकों को काफी पसंद आया। अब इसी किरदार को वह मिर्जापुर फिल्म में दोहराती दिखाई देंगी। उन्होंने फिल्म की शूटिंग वाराणसी में शुरू कर दी है। श्वेता त्रिपाठी ने एक इंटरव्यू में बताया कि गजगामिनी गुप्ता उनका पसंदीदा किरदार है और वह फिल्म की शूटिंग शुरू होने से बहुत खुश हैं। श्वेता त्रिपाठी ने कहा, मैं इस समय बहुत खुश हूं क्योंकि मैं अपने दूसरे घर, बनारस में अपने सबसे पसंदीदा और दिल के सबसे करीब प्रोजेक्ट्स में से एक मिर्जापुर की शूटिंग कर रही हूं। मैं अपने गजगामिनी गुप्ता के किरदार को बहुत प्यार करती हूं और इसे फिर से प्ले करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

श्वेता ने कहा, इसकी शूटिंग रात में हो रही है। इसके लिए बहुत खूबसूरत सेटअप किया गया है। हम पूरी रात बढ़िया कुल्हड़ में चाय भी पिएंगे। मिर्जापुर के कलाकार भी बहुत खास हैं और आज सभी लोग वहां मौजूद हैं, इसलिए बातचीत तो होगी ही। गंगा आरती भी बहुत अच्छी रही, तो मेरे लिए दीपावली शुरू हो चुकी है।

इस फिल्म में अली फजल एक पहलवान के रूप में दिखाई देंगे, इसके लिए उन्होंने जमकर ट्रेनिंग भी ली है। क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'मिर्जापुर' में गद्दी के लिए लड़ते बाहुबलियों का संसार दिखाया जाएगा। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। इस फिल्म से सीरीज के किरदारों की बड़े पर्दे पर वापसी होगी। इसमें कालीन भैया के रूप में पंकज त्रिपाठी, गुड्डू के रूप में अली फजल और मुन्ना के रूप में दिव्येंदु शर्मा जैसे कलाकार दिखाई देंगे। इस सीरीज की शूटिंग उत्तर प्रदेश में मुख्यत: मिर्जापुर, जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, लखनऊ, रायबरेली, गोरखपुर और वाराणसी जैसे शहरों में हुई थी।

इस बार भी इसकी शूटिंग इन्हीं जिलों में हो रही है।

फिल्म में जितेंद्र कुमार, रवि किशन और मोहित मलिक जैसे नए कलाकार भी हैं। इस फिल्म को रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिलहाल इस फिल्म की रिलीज डेट तय नहीं हुई है, मगर इसे अगले साल तक रिलीज किया जाएगा।




## पेन किलर्स के सहारे पूरा किया था कांतारा चैप्टर 1 का क्लाइमैक्स सीन

ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' इन दिनों सिनेमाघरों में जमकर कमाई कर रही है। फिल्म जल्द 500 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली है। फिल्म को थिएटर में रिलीज हुए अभी सिर्फ 11 दिन हुए हैं। इस फिल्म की शूटिंग के वक्त ऋषभ शेट्टी को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा लेकिन उनकी मेहनत अब रंग ला रही है। हाल ही में ऋषभ एक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा की, जिसमें कुछ तस्वीरें भी थीं। साथ ही उन्होंने बताया कि किस तरह से फिल्म का क्लाइमैक्स सीन शूट किया था। ऋषभ शेट्टी अपनी पोस्ट में लिखते हैं, 'क्लाइमेक्स की शूटिंग का वक्त, सूजा हुआ पैर, आराम से बैठा शरीर। आज करोड़ों लोगों ने इसे देखा और पसंद किया है। यह सिर्फ उन शक्तियों के आशीर्वाद से ही संभव है जिन पर हम विश्वास करते हैं। आप सभी का शुक्रिया जिन्होंने फिल्म देखी।' पोस्ट में ऋषभ ने अपने सूजे हुए पैरों की तस्वीर भी साझा की है। पैरों की हालत देखकर समझा जा सकता है कि ऋषभ के लिए यह सीन शूट करना कितना मुश्किल रहा होगा।

पिछले दिनों दिल्ली में 'कांतारा चैप्टर 1' की सक्सेस पार्टी में भी ऋषभ शेट्टी बताया था कि पेन किलर लेकर क्लाइमैक्स सीन पूरा किया था। वह कहते हैं, 'हमने रात और दिन, दोनों ही समय में फिल्म शूट की। 10-15 दिन तो मैंने मुश्किल से शूटिंग की, पेन किलर्स लेकर काम किया। मैं थोड़ा आराम करता, फिर सीन शूट करता था। ऋषभ ने अपनी टीम को पूरा क्रेडिट दिया, क्योंकि उन्होंने हमेशा निर्देशक को सपोर्ट किया है।

### 'कांतारा चैप्टर 1' का कलेक्शन

'कांतारा चैप्टर 1' के कलेक्शन की बात करें तो अब तक भारत में यह फिल्म 478.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर चुकी है। जल्द ही यह फिल्म 500 करोड़ क्लब में शामिल हो जाएगी। फिल्म वर्ल्डवाइड भी अच्छा कमा रही है, इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन अब तक 623 करोड़ रुपये हो चुका है।

## 9 टू 5 जॉब से एक्टिंग की तुलना वाले बयान पर काजोल ने तोड़ी चुप्पी

काजोल ने अपने टॉक शो 'टू मच' में पिछले दिनों कहा था कि एक्टर्स 9 से 5 की नौकरी करने वालों से ज्यादा मेहनत करते हैं। यह बात सोशल मीडिया यूजर्स को रास नहीं आई, काजोल को इस बात के लिए ट्रोल किया गया। काजोल ने फिर इस बात को लेकर बयान दिया है, साथ ही अपनी पुरानी बातों को सही साबित करने के लिए कुछ बातों का जिक्र किया है।

### हम पर बहुत दबाव होता है

हॉलीवुड रिपोर्टर को दिए एक इंटरव्यू में काजोल कहती हैं, 'एक्टिंग बहुत एक्टिव रहने वाला काम है। जब हम शूटिंग पर होते हैं तो पूरा ध्यान उसी काम पर होता है। मैंने 35 से 40 दिनों तक सीरीज 'द ट्रायल 2' के लिए लगातार शूटिंग की। इस दौरान एक्सरसाइज पर, डाइट पर ध्यान दिया। हमारे लुक में जरा सा चेंज भी पूरे प्रोसेस को खराब कर सकता है। इस वजह से हम पर बहुत दबाव होता है।'

### टी ब्रेक तक नहीं पाते एक्टर्स

काजोल आगे कहती हैं, 'जब आप 9 से 5 की नौकरी करते हैं, तो टी ब्रेक ले सकते हैं, थोड़ा आराम कर सकते हैं। हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। हम कैसे बैठते हैं? कैसे मुस्कुराते हैं? इन बातों पर भी नजर रखी जाती है। हम एक केतली की तरह हैं, जो हमेशा उबलती रहती है। हमें हमेशा अलर्ट रहना होता है, हम अक्सर टेंशन में रहते हैं और हम ऐसे ही जीते हैं।'

### इस फिल्म में नजर आएंगी काजोल

काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह 'महारागिनी' में नजर आएंगी। इस साल वह 'मां' और 'सरजमीं' जैसी फिल्मों में दमदार किरदार निभाती दिखीं। साथ ही इन दिनों ट्विंकल खन्ना के साथ टॉक शो 'टू मच' कर रही हैं। इस शो पर बॉलीवुड सेलेब्स आते हैं और मजेदार किस्से साझा करते हैं।



## कंगना रनौत ने खुद को बताया शाहरुख से ज्यादा मेहनती



कंगना रनौत अकसर ही शाहरुख खान और बॉलीवुड के बाकी खान के साथ अपनी तुलना करती आई हैं। वह खुद को लेडी खान मानती हैं और तीनों खान के साथ काम भी नहीं करना चाहतीं। और अब कंगना ने एक बार फिर शाहरुख से अपनी तुलना की है, और कुछ ऐसा कह दिया है जो फैंस को भी हैरान कर रहा है। कंगना का कहना है कि उन्होंने शाहरुख से ज्यादा मेहनत की है, और अपने दम पर मुकाम बनाया। कंगना ने यह भी कहा कि उन्होंने गांव से मुंबई आकर मुकाम पाया, जबकि शाहरुख को दिल्ली के रहने वाले हैं और कॉन्वेंट स्कूल में पढ़े हैं। कंगना रनौत ने यह बात दिल्ली के एक इवेंट में कही। एक्ट्रेस ने कहा कि छोटे से गांव से किसी ने भी उनकी जैसी सफलता हासिल नहीं की है। इसके बाद उन्होंने अपनी जड़ों और बॉलीवुड में अपने सफर के बारे में बात की।

### खुद को बताया शाहरुख से ज्यादा मेहनती

कंगना ने फिर कहा, हो सकता है कि अन्य लोग इससे असहमत हों, लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि मैं बेहद ईमानदार हूं, न केवल लोगों के साथ, बल्कि खुद के साथ भी। मैंने बॉलीवुड में कदम जमाने के लिए बहुत मेहनत की है।

मालूम हो कि कंगना यंग एज में ही घर से भागकर मुंबई आ गई थीं। उन्होंने 19 साल की उम्र में फिल्म गैंगस्टर से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद राज 2 तनु वेडस मनु, तनु वेड्स मनु 2 और फैशन जैसी फिल्मों से पॉपुलैरिटी बटोरी। कंगना अपने करियर में चार नेशनल अवॉर्ड्स जीते।





# अरिजीत के साथ झगड़े पर सलमान ने तोड़ी चुप्पी

**सलमान खान ने हाल ही में गायक अरिजीत सिंह के साथ अपने कथित झगड़े पर खुल कर बात की है। सुपरस्टार ने इसे गलतफहमी बताया है। बिग बॉस 19 के वीकेंड का वॉर एपिसोड में सलमान ने खुलासा किया कि दोनों के बीच कभी कोई असली दुश्मनी नहीं थी। वे अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गलतफहमी अरिजीत की तरफ से नहीं, बल्कि उनकी तरफ से हुई थी।**

### अवॉर्ड लेने मंच पर गए अरिजीत

लगभग एक दशक से चली आ रही यह कहानी 2014 के स्टार गिल्ड अवॉर्ड्स की है। उस वक्त अरिजीत सिंह अपने बेहतरीन गाने तुम ही हो से मशहूर हुए थे। वह एक अवॉर्ड लेने के लिए मंच पर गए। लगातार दो शो के बाद थके हुए और साधारण से कपड़े पहने अरिजीत ने सलमान खान समेत मेजबानों का अभिवादन किया।

### सलमान को अच्छी नहीं लगी टिप्पणी

अरिजीत सिंह जब मंच पर आए तो सलमान ने उन्हें चिढ़ाते हुए कहा क्या आप सो रहे थे। इस पर अरिजीत मुस्कुराए और जवाब दिया आप लोगों ने सुला दिया यार। इस पर दर्शक हंसने लगे। बताया जाता है कि कथित तौर पर सलमान खान को यह टिप्पणी अच्छी नहीं लगी। उन्होंने इसे अपने अपमान के तौर पर लिया।

### फिल्मों से गाने हटवाने की अफवाहें

इसके बाद अटकलों का दौर शुरू हो गया कि अरिजीत ने बॉलीवुड के सबसे बड़े सितारों में से एक को नाराज कर दिया है। अगले कुछ वर्षों में, अफवाहें फैलीं कि सलमान ने अपनी कई फिल्मों से अरिजीत के गानों को हटा दिया, जिनमें किक, बजरंगी भाईजान और सुल्तान शामिल हैं। इनमें सबसे मशहूर गाना फिल्म सुल्तान का जग घुमेया था, जिसे बाद में अरिजीत की जगह राहत फतेह अली खान ने गाया।

### सलमान खान ने दी सफाई

बिग बॉस 19 में आखिरकार सलमान ने इस मामले में पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी। उन्होंने स्वीकार किया कि गलतफहमी उनकी अपनी थी, अरिजीत की नहीं। सलमान खान ने कहा अरिजीत और मैं बहुत अच्छे दोस्त हैं। वह गलतफहमी थी और वह गलतफहमी मेरी तरफ से हुई थी। उसके बाद उसने मेरे लिए गाने भी गाए। टाइगर 3 में गाने गाए। आगे गलवां (बैटल ऑफ गलवां) में भी गाने गा रहे हैं। बैटल ऑफ गलवां सलमान खान की अपकमिंग फिल्म है।



### अरिजीत ने मांगी माफी

जब मामला शांत नहीं हुआ, तो अरिजीत ने 2016 में सोशल मीडिया पर सलमान से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। एक भावुक पोस्ट में, गायक ने कहा कि उनका कभी भी उन्हें अपमानित करने का इरादा नहीं था और यह पूरी घटना गलतफहमी का नतीजा थी। यह पोस्ट रातोंरात वायरल हो गई और फैंस ने सलमान से माफी स्वीकार करने का अनुरोध किया। इस बारे में सार्वजनिक रूप से किसी ने बात नहीं की।

# घर की सीढ़ियों को प्लांट्स की मदद से कुछ इस तरह करें डेकोरेट हरा-भरा लगेगा घर



**आज के समय में हर व्यक्ति अपने घर में प्लांट्स को जगह देने लगा है। भले ही उसका घर स्पेशियस हो या फिर छोटा, यह प्लांट्स किसी भी घर को बेहद खूबसूरत बनाते हैं। इतना ही नहीं, अमूमन लोग अपनी सुविधा व स्पेस को देखते हुए हैंगिंग गार्डनिंग से लेकर बालकनी व टेरेस में भी गार्डनिंग करना काफी पसंद करते हैं। लेकिन घर का एक एरिया ऐसा भी है, जहां पर अगर प्लांट्स लगाए जाएं तो पूरे घर का मेकओवर हो सकता है और फिर इसके बाद आपको अलग से किसी अन्य एरिया में प्लांट्स लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।**

यह एरिया है आपकी सीढ़ियां। घर की सीढ़ियों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन वास्तव में यही सीढ़ियां आपके पूरे घर का लुक बदल सकती हैं। अगर आप इन्हें एक नेचुरल व ब्यूटीफुल टच देना चाहती हैं तो वहां पर गार्डनिंग करना एक अच्छा आईडिया है। आप सीढ़ियों पर उन प्लांट्स को लगाएं, जिन्हें सीधी धूप या बहुत अधिक रख-रखाव की आवश्यकता ना हो। तो चलिए आज इस लेख में हम जानते हैं कि आप अपने घर में सीढ़ियों को प्लांट्स की मदद से किस तरह और भी अधिक खूबसूरत बना सकती हैं–

## वर्टिकल गार्डनिंग

जब सीढ़ियों पर प्लांटिंग करने की बात हो तो ऐसे में वर्टिकल गार्डनिंग करना एक अच्छा आईडिया है। यह वास्तव में काफी कम स्पेस लेता है, लेकिन इस तरह आप अपनी सीढ़ियों के एरिया को पूरी तरह से ट्रांसफॉर्म कर सकती हैं। आप कोशिश करें कि सीढ़ियों की एक साइड की दीवार पर आप वर्टिकल गार्डनिंग के लिए स्टैंड को हैंग करें और उसमें बेहद ही खूबसूरत स्मॉल साइज के पौधे लगाएं। यह देखने में बेहद ही ब्यूटीफुल लगेगा।

## यूं दें एलीगेंट लुक

अगर आप अपनी सीढ़ियों को एक बेहद ही एलीगेंट तरीके से सजाना चाहती हैं तो आप पॉटेड प्लांट्स को सीढ़ियों पर रखें। खासतौर से, अगर आपकी सीढ़िया वुडन की हैं तो आप कॉन्ट्रास्टिंग कलर के एक बिग साइज पॉट को सीढ़ी पर रख सकती हैं। हालांकि, अगर आप ऐसे अपनी सीढ़ियों को सजा रही हैं तो अन्य पॉट्स को घर के किसी दूसरे कोने में प्लेस करें।

## स्नेकप्लांट्स लगेंगे बेहद खूबसूरत

यह भी एक तरीका है सीढ़ियों को सजाने का। इसके लिए आप कई पॉट्स में केवल स्नेकप्लांट्स ही लगाएं। अब आप इन पॉट्स को अपनी हर सीढ़ी के उपर रखती जाएं। यह ना केवल देखने में अच्छे लगते हैं, बल्कि आपके घर की हवा को भी नेचुरली प्यूरिफाई करने में मदद करते हैं। इसके बाद आपको अलग से एयर प्यूरिफायर खरीदने की जरूरत महसूस नहीं होगी।

## रेलिंग पर करें फोकस

जब आप सीढ़ियों पर गार्डनिंग कर रही हैं तो सिर्फ उसकी साइड की दीवार या स्टेप्स के साथ ही आप क्रिएटिव नहीं हो सकतीं, बल्कि रेलिंग का लुक भी बदल सकती हैं। आप मनी प्लांट्स से लेकर अन्य कई प्लांट्स को रेलिंग पर लगा सकती हैं। हालांकि, आप रेलिंग के लिए ऐसे प्लांट्स को चुनें, जिनकी लताएं नीचे की ओर बढ़ती जाएं, ताकि यह आपकी पूरी रेलिंग को कवर कर सकें और देखने में भी खूबसूरत लगे।

## सीढ़ियों के नीचे का स्पेस

अगर आपकी सीढ़िया घर में कुछ इस तरह बनी हुई हैं कि उनके नीचे आपके पास काफी सारा स्पेस बचता है, तो वहां पर भी प्लांटिंग करना अच्छा आईडिया है। अगर आप चाहें तो इस एरिया में एक मिनी गार्डन तैयार कर सकती हैं। आप यहां पर तरह-तरह के खूबसूरत प्लांट्स रख सकती हैं। साथ ही कुछ पेबल्स व लाइटिंग के जरिए इस लुक को और भी खास बनाएं। यकीन मानिए, इस एरिया में जब आप कुछ फुरसत के पल बिताएंगी, तो आपको बेहद ही अच्छा लगेगा।





# ...अगर आपका बच्चा भी करता है बिस्तर गीला

**कई बार बच्चे 1 साल से बड़े होने के बाद भी बिस्तर पर ही पेशाब कर देते है। अक्स पेरेट्स बच्चे की इस आदत को लेकर परेशान रहते है लेकिन बच्चे का बार-बार ऐसा करना किसी परेशानी के कारण भी हो सकता है। कई बार तो बच्चे रात में डर के कारण बिस्तर गीला कर देते है लेकिन इसके अलावा बच्चे यूरिन इंफेक्शन, तनाव, पुरानी कब्ज या असंतुलित हार्मोन के कारण ऐसा करते है।**

अगर आपका बच्चा भी ऐसा कर रहा है तो इससे आपको परेशान होने की जरुरत नहीं। इस समस्या को आप कुछ असरदार घरेलू नुस्खे से दूर कर सकते हैं। आइए जानते है किन उपायों द्वारा बच्चे की इस परेशानी को दूर किया जा सकता है।

### बच्चों को बार-बार यूरिन आने के कारण

- ब्लैडर में इंफेक्शन
- ब्लड शुगर के कारण
- प्रॉस्टेट ग्रंथि में यूरिन का बढ़ना
- ज्यादा कॉफी या चाय का सेवन
- पेट में कीड़े की समस्या
- मूत्राशय में पेशाब जमा करने की क्षमता कम होना

### इसके घरेलू उपचार

**अखरोट**

2 अखरोट और 20 किशमिश को पीसकर चूर्ण बना लें। 3 हफ्ते तक बच्चे को इसका सेवन कराने से यह समस्या दूर हो जाएगी।

**पिस्ता**

5 काली मिर्च, 3 पिस्ता और मिनका पीस लें। दिन में दो बार बच्चे को यह चूर्ण खिलाने से उसकी यह परेशानी दूर हो जाएगी।



**काले तिल**

50 ग्राम काले तिल, 25 ग्राम अजवाइन और 100 ग्राम गुड़ को मिलाकर 8-8 ग्राम के लड्डू बना लें। बच्चे को रोजाना सुबह-शाम 1 लड्डू खिलाने से उसकी पेशाब की बीमारी ठीक हो जाएगी।

**शहद का सेवन**

रोजाना रात को सोने से पहले बच्चे को नियमित रूप से शहद चटा दें। कुख हफ्तों में ही बच्चे को बार-बार यूरिन आने की परेशानी से छुटकारा मिल जाएगा।

**अजवाइन**

1 चम्मच अजवाइन में नमक मिलाकर बच्चें को गर्म पानी से सात खिला दें। दिन में 2 बार इसका सेवन बार-बार यूरिन आने की समस्या से निजात दिलाता है।



# जुड़वां बच्चे होने पर दिखते हैं ये लक्षण!

**प्रैग्नेंसी हर महिला की जिंदगी का सबसे अहम पल होता हैं। जब किसी औरत को मां बनने की खुशी मिलती है तो उसके साथ पूरा परिवार खुश हो उठता है। हर औरत के मन में सबसे पहला सवाल उठता है कि उसका होने वाला बच्चा कैसा होगा, वहीं अगर गर्भ में जुड़वां बच्चों के पलने की खबर मिल जाए तो खुशी दोगुणा बढ़ जाती है। जुड़वा बच्चों के होने पर गर्भवती महिला के शरीर में कुछ लक्षण दिखाई देते है, जिनके बारे में अक्सर महिलाओं को नहीं पता होता। आज हम आपको उन्ही लक्षणों के बारे में बताने जा रहे है, जिनसे पता जलता है कि गर्भ में जुड़वा बच्चे पल रहे है।**

### मॉर्निंग सिकनेस

गर्भवती महिला को मॉर्निंग सिक्नेस रहना भी एक संकेत हो सकता है। 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं को गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण में ही मतली और जी मिचलाना महसूस हो सकती है। जिन गर्भवती महिलाओं को जुड़वा बेबी होने वाले होते है उन्होंने बाकी गर्भवती महिलाओं की तुलना में अधिक मार्निंग सिक्नेस रहती है।

### ब्लीडिंग और स्पॉटिंग

जिस महिला को जुड़वा होने वाली होती है, उन्हें स्पॉटिंग और ब्लीडिंग अधिक होती है। यदि ब्लीडिंग के साथ बुखार और लाल खून के धब्बे पड़ रहे है तो इसमें डरने की कोई बात नहीं है क्योंकि यह जुड़वा बच्चों की निशानी हो सकती है।

### वजन बढ़ना

अगर वजन सामान्य गर्भावस्था की तुलना से अधिक है तो भी जुड़वां बच्चे होने का संकेत हो सकता है। एक औसत गर्भावस्था में सामान्य वजन 25 पाउंड होता है, जबकि जुड़वां गर्भावस्था में वजन 30 से 35 पुंड के बीच होता है।


### अधिक भूख लगना

जुड़वां बेबी होने पर गर्भवती महिला को अधिक भूख लगती है। इसलिए जब आपको साथ भी ऐसा हो तो एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लें क्योंकि यह कोई और बात भी हो सकती है।

### पेट में दर्द होना

जुड़वां गर्भवती महिला के सामान्य से ज्यादा पेट में दर्द रहने लगता है यह दर्द शरीर को अधिक वजन होने के कारण भी हो सकता है। इसलिए इस बात के बारे में एक बार डॉक्टर से जरूर बात करें।





# बच्चे को घर की बनी चीजें खाने की आदत डालें

बच्चे और हैल्दी फूड तो मानों एक दूसरे से मेल ही नहीं खाते लेकिन बच्चों के विकास के लिए संतुलित भोजन बहुत जरूरी है। इससे न सिर्फ शारीरिक विकास होता है बल्कि भविष्य के लिए भी खाने की अच्छी आदतें फायदेमंद साबित होती हैं। जंक फूड, पिज्जा, बर्गर, चिप्स आदि बच्चे बहुत चाव से खाते हैं लेकिन खाने में ये टेस्टी तो होते हैं लेकिन सेहत को फायदे की जगह नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं। जो आने वाले समय में मोटापा, डायबिटिज, हाई बीपी, स्ट्रोक, दिल की बीमारियां आदि होने का कारण बनते हैं। शुरू से ही अगर बच्चे को घर की बनी चीजें खाने की आदत डाल दी जाए तो उसके लिए बहुत अच्छा होगा।

### बताएं हैल्दी चीजों का महत्व

बच्चे में अनुशासन, पढ़ाई के साथ-साथ खाने की अच्छी आदतों का होना भी बहुत जरूरी है। उन्हें बताएं कि घर का बना खाना खाना आपके लिए कितना अच्छा है। बाहर का खाना न तो हैल्दी होता है और न ही साफ-सुथरा। कभी-कभी बच्चों को उनकी पसंद का खाना घर पर ही बना कर खिलाएं।

### एक जगह बिठा कर करवाएं भोजन

ज्यादातर बच्चों को खाना खाते समय घूमने की आदत होती है जो एक गलत आदत है। बच्चे को रोजाना एक ही जगह पर बिठा कर खाना खिलाएं और बार-बार की बजाए एक ही बार में खाना खाने को कहें लेकिन जबरदस्ती न करें।

### टेस्ट में करें बदलाव

एक ही तरह का खाना खाकर बच्चे बोर हो जाते हैं, खाना का टेस्ट बरकरार रखने के लिए उनके डाइट प्लान में कभी स्नैक्स, जूस, सूप, फ्रूट सलाद आदि के साथ खाने में ट्विस्ट लाएं।

# कामकाजी महिला हैं तो इस तरह रहें बच्चे के करीब

**औरतों को घर और ऑफिस के काम एक साथ संभालने का हुनर बहुत अच्छी तरह से आता है। कई बार समय की कमी के कारण वह अपने बच्चों को उतना समय नहीं दे पाती, जितना कि उसके बच्चों को मां के साथ की जरूरत होती है।**

बच्चों के साथ समय बिताकर आप उनके दिल की बातों को अच्छी तरह से जान सकते हैं लेकिन आप भी काम के तनाव की वजह से परेशान हैं और बच्चों के कटी-कटी रहती हैं तो कुछ स्मार्ट टिप्स आपके काम आ सकते हैं जो बच्चे के साथ आपके रिश्तों के पहले से भी ज्यादा मजबूत बना देंगे।

### बच्चों से करें दिनभर की बातें

रात को आपके पास परिवार के साथ समय बिताने के सबसे अच्छा बहाना होता है। डिनर के समय पति और बच्चों के साथ ही खाना खाएं। दिन भर की बातें परिवार के साथ शेयर करें और उनकी बातें सुनें। इससे बच्चों का आपके साथ प्यार बढ़ेगा और वह आपसे बातें करने के लिए बेताब रहेगा।

### काम में लें बच्चों की मदद

बच्चे तब बहुत खुश होते हैं जब आप उनसे किसी बात के लिए मदद मांगते हैं। कभी-कभी प्यार से बच्चे को आपकी मदद करने के लिए कहें जैसे खाना बनकर तैयार है तो उसे डाइनिंग टेबल सजाने के लिए कह सकते हैं। उसकी पसंद की डिश बना रही हैं तो उससे परोसने के लिए मदद ली जा सकती है।

### मस्ती भी जरूरी

बच्चों के करीब आने के लिए उनके साथ कभी-कभी खुद भी बच्चे बनना पड़ता है। आप परिवार के साथ कुछ ऐसे गेम्स खेल सकते हैं जिसे बच्चे पूरी तरह से एंज्वाय भी करें और उन्हें कुछ सीखने के लिए भी मिले। जैसे हॉट सीट, पर्ची पर सारे सदस्यों का नाम लिखें, जिसके नाम की पर्ची निकले वह हॉट सीट पर बैठे और बाकी के सदस्य उससे सवाल पूछें। जो सबसे ज्यादा सही जवाब दे उसे शॉपिंग या पिंकनिक का गिफ्ट दिया जा सकता है।





# बच्चों के मां-बाप नहीं दोस्त बनें

**हर मां- बाप चाहते हैं कि उनकी बेटियां पढ़ लिखकर जिंदगी में कामयाब बने। बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए पेरेंट्स उन्हें घर से बाहर दूसरे शहरों में भी पढ़ने के लिए भेजते हैं लेकिन दिन-प्रतिदिन लड़कियों के खिलाफ बढ़ते अपराध को देखकर कुछ मां- बाप अच्छी नौकरी या पढ़ाई के लिए उन्हें बाहर भेजने से डरने लगे हैं। उन्हें हर पल यही फिक्र सताती है कि उनकी बच्ची सही सलामत है या नहीं। अगर आपके घर में लड़किया हैं और वह पढ़ाई करने, नौकरी करने या किसी अन्य काम से रोजाना घर से बाहर जाती हैं या घर से दूर कहीं बाहर रहती हैं। तो माता- पिता होने के नाते आपको कुछ सावधानियां बरतने की खास जरूरत है ताकि वह हर छोटी से छोटी बात भी आपसे शेयर कर सके। तो आइए जानते हैं उन बातों के बारे में जो आपकी बच्ची को घर के बाहर भी सुरक्षित रख सकती हैं।**

### मोबाइल भी जरूरी

कुछ मां- बाप की सोच है कि मोबाइल फोन से बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। वह पढ़ना-लिखना छोड़ देंगे और पूरा दिन सिर्फ मोबाइल फोन पर ही लगे रहेंगे लेकिन बेटियों के पास मोबाइल फोन होना जरूरी है। वह कहीं बाहर गई हो और घर वापसी में लेट हो जाए तो आपको फोन करके बता सकती हैं। इसके अलावा अगर कभी कोई मुसीबत आती है तब भी वह आपको फोन कर सकती हैं। बच्चों का दोस्त बनना बहुत जरूरी है अगर आप उनके साथ दोस्तों जैसा व्यवहार करेंगे तो वह खुल कर आप से हर बात शेयर कर पाएंगे। जब आपको उसके बारे में हर बात पता होगी तो आप अपनी बच्ची को परेशानियों से बचा सकते हैं।

### थोड़ी दूरी भी बनाएं

बच्चों को स्पेस देना भी जरूरी है हर वक्त उनके पीछे परछाई की तरह लगने रहने से वह परेशान हो जाएगी। इससे आपका बच्चा धीरे-धीरे आप से दूर होता चला जाएगा और कभी आप पर भी भरोसा नहीं करेगा। खुद का भरोसा बच्चे पर बनाने के लिए कुछ समय उसे अकेले भी समय बिताने का मौका दें ताकि उन्हें पता चल सके कि क्या सही है और क्या गलत।

### दोस्तों की जानकारी

आपको उनके दोस्तों के बारे में पता होना जरूरी है वह पूरा दिन कौन से दोस्तों के साथ रहती है इस बात की पूरी जानकारी होनी चाहिए। इस बात को सुनिश्चित करें की उसकी संगत अच्छी हो। अपने बच्चे ही नहीं बल्कि उनके दोस्तों से भी दोस्ती बनाएं।

### आत्मरक्षा के तरीके

बेटियों को आत्मरक्षा करने के लिए तरीके बताएं। आजकल तो बहुत से स्कूलों और कॉलजों में बच्चों को कराटे और बहुत-से ऐसे टिप्स बताए जाते है जिनसे वह अकेली होने पर अपनी रक्षा कर सके। लड़कियों को कभी भी कमजोर या अकेला महसूस न होने दें।

### अपनी राय न थोपें

बच्चों को अच्छी बुरी के बातों के बीच फर्क बताना जरूरी है लेकिन उन पर अपनी राय थोपना गलत है। जब आप उनकी हर बात पर अपनी राय थोपेंगे तो वह बहुत-सी बातों को आप छीपाएगी। जो उसके लिए बाद में परेशानियां खड़ी कर सकती हैं।